नई दिल्ली
सोमवार, 2 जून 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 48
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 42.0
न्यून. 31.0

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




11 पीएसजी पहली बार बना चैंपियंस लीग चैंपियन

# ट्रकों में ड्रोन और एक बटन दबाते ही 40 बॉम्बर्स तबाह

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस-यूक्रेन के बीच तीन साल की जंग में यूक्रेनी शहरों में भयंकर तबाही देखी गई। पहले रूसी सेना ने यूक्रेन के अंदर घुसकर अंधाधुन बम बरसाए, लेकिन यूक्रेन की तरफ से रविवार को किया गया हमला पुतिन प्रशासन के लिए बड़ा नुकसानदेह साबित हुआ है। यूक्रेन ने बड़ी ही चालाकी से रूस के एयरबेस पर हमला बोल दिया, और बम बरसाने वाले विमानों को तबाह कर दिया। इस हमले की प्लानिंग एक-डेढ़ साल में की गई, और फिर सटीकता से इसे अंजाम दिया गया। यूक्रेन की सुरक्षा ▶▶ शेष पेज 5 पर

## यूक्रेन ने चंद पैसों से किया रूस का अरबों का नुकसान




## रूस के 4 एयरबेस को टारगेट किया

- ▶▶ बेलाया एयरबेस, इरकुत्स्क ओब्लास्ट (यूक्रेन से 4000 किमी दूर)
- ▶▶ ओलेन्या एयरबेस, मुरमांस्क ओब्लास्ट
- ▶▶ डियाघिलेव एयरबेस, रियाजान ओब्लास्ट
- ▶▶ इवानोवो एयरबेस, इवानोवो ओब्लास्ट

### ट्रक में तैनात किए गए थे कई ड्रोन

*सोशल मीडिया पर भी कुछ ऐसे वीडियो सामने आए हैं, जिनमें ड्रोन को ट्रकों से उड़ते हुए देखा गया। रूसी शहर इरकुत्स्क के गवर्नर इगोर कोबजेव ने भी स्रेदनी गांव की एक सैन्य इकाई पर ड्रोन हमले की पुष्टि की और बताया कि इन ड्रोन का सोर्स एक ट्रक था। अन्य रूसी शहर मुरमांस्क के गवर्नर आंद्रेई चिबिस ने भी हमलों की पुष्टि की। यूक्रेन को लंबे समय से रूसी बॉम्बर्स विमानों को निशाना बनाने में मुश्किल हो रही थी, क्योंकि रूस इन विमानों को उन जगहों पर रखता है जहां तक यूक्रेनी मिसाइलें या हथियार* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## इजराइली गोलीबारी में 30 मरे 115 से ज्यादा हो गए घायल



*गाजा के दक्षिणी इलाके राफा में अमेरिका की ओर से फंडेड एक राहत वितरण केंद्र के पास इजराइली सेना की गोलीबारी में कम से कम 30 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और 115 से अधिक लोग घायल हो गए। यह घटना सुबह उस समय हुई जब हजारों फिलिस्तीनी नागरिक राहत सामग्री लेने के लिए वहां इकट्ठा हुए थे। स्थानीय मीडिया के मुताबिक इजरायली टैंकों ने भीड़ पर गोलीबारी शुरू कर दी। घायलों और मृतकों को गधे की गाड़ियों पर अस्पताल पहुंचाया गया, जो इस क्षेत्र में गंभीर मानवीय संकट को दर्शाता है। घायलों को राफा के पास स्थित नासिर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए, हमास ने आरोप लगाया कि राफा में इजरायली सेना ने 'भूखे नागरिकों पर नया नरसंहार किया'। यह घातक हमला ऐसे समय हुआ जब हमास ने अमेरिका समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### रिंकू सिंह और प्रिया की शादी तय, सगाई जल्द



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। दोनों की रिंग सेरेमनी आगामी और शादी की तारीखें भी तय हो गई है। समाजवादी पार्टी के विधायक और प्रिया सरोज के पिता तूफानी सरोज ने इसकी पुष्टि की थी। शादी और सगाई दोनों ही समारोह भव्य होने की संभावना है।

### केनरा बैंक में अब नहीं रखना होगा न्यूनतम बैलेंस




**नई दिल्ली।** केनरा बैंक ने ग्राहकों को राहत देते हुए रविवार से न्यूनतम बैलेंस न रखने पर जुर्माने के नियम को हटा दिया है। बैंक के इस कदम के बाद सेविंग्स अकाउंट में न्यूनतम बैलेंस नहीं रखने पर किसी भी प्रकार का कोई चार्ज या जुर्माना नहीं लगेगा। यह नया नियम सभी प्रकार के सेविंग्स अकाउंट्स पर लागू होगा।

### आज आएगा जेईई एडवांस्ड का रिजल्ट



**नई दिल्ली।** जेईई एडवांस्ड 2025 की परीक्षा में शामिल हुए कैंडिडेट्स अपने रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं। जेईई एडवांस्ड के परिणाम को 2 जून को घोषित किया जाएगा। नतीजे आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। एक बार जारी होने के बाद उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने परिणाम को चेक कर सकेंगे।

## गृहमंत्री शाह ने कोलकाता में टीएमसी सरकार पर जमकर साधा निशाना

बिना हिंसा के चुनाव लड़कर देखें दीदी जमानत हो जाएगी जब्त

# अब 'घुसपैठ' का केंद्र बन गया बंगाल दीदी का वक्त खत्म, नहीं गलेगी दाल



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल दौरे पर तृणमूल कांग्रेस और सीएम ममता बेनर्जी पर जमकर निशाना साधा। भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए अमित शाह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर टिप्पणी को लेकर ममता और उनकी सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले पर ममता ने चुप्पी साध ली। जब भारतीय सेना उस हमले का बदला लिया तो ममता और उनके नेताओं ने फर्जी टिप्पणियां कर 'ऑपरेशन सिंदूर' का अपमान किया। बंगाल की जनता को ममता को सिंदूर की ताकत दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें बंगाल में भाजपा की सरकार बनानी है, घुसपैठ रोकनी है, भ्रष्टाचार रोकना है, हिंदुओं का पलायन रोकना है। शाह ने कहा कि ममता 'मां, माटी, मानुष' का नारा देकर आईं। उन्होंने बंगाल की महान भूमि को घुसपैठ, महिलाओं पर अत्याचार, अपराध, बम विस्फोट और हिंदुओं के साथ अनैतिकता की भूमि में बदल दिया। यहांसैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई। दीदी, अब आपका समय खत्म हो गया है। 2026 में भाजपा सरकार बनाएगी।

### बंगाल की जनता ममता को सिंदूर की ताकत दिखाए

भ्रष्टाचार और पलायन रोकने भाजपा की सरकार बनाएं

मां, माटी, मानुष' का नारा देने वाली बनीं अमानुष



### भतीजे को सीएम बनाना चाह रहीं

शाह ने कहा कि बंगाल का चुनाव न केवल बंगाल का भविष्य तय करेगा, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। ममता ने बांग्लादेशियों के लिए देश की सीमाएं खोल दी हैं। वह घुसपैठ की इजाजत दे रही हैं। ममता बनर्जी घुसपैठ नहीं रोक सकतीं, केवल कमल सरकार ही ऐसा कर सकती है। हमने उनसे बाड़ लगाने के लिए जमीन मांगी है। वह सीमा पर जमीन नहीं दे रही हैं, ताकि घुसपैठ जारी रहे और उनका वोट बैंक बढ़ता रहे और आपके बाद आपका भतीजा सीएम बन जाए। लेकिन ऐसा नहीं होने वाला है।

### हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिलेगी

शाह ने कहा कि मैं भरोसा दिलाता हूं कि जैसे ही तृणमूल कांग्रेस सत्ता से हटेगी, हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं की हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिलेगी, भले ही वे जमीन के नीचे छिपे हों।

**वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की सारी हदें पार कीं**

शाह ने कहा कि अगर दीदी में हिम्मत है, तो वे बिना हिंसा के चुनाव लड़कर दिखाएं, उनकी जमानत जब्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बेनर्जी ने वोटबैंक के लिए तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी हैं।

**मुर्शिदाबाद हिंसा पर फूटा गुस्सा**

### अगर बीएसएफ आती तो हिंदुओं की जान बच जाती

शाह ने मुर्शिदाबाद हिंसा का जिक्र किया। गृह मंत्रालय बार-बार कहता रहा कि बीएसएफ को बुला लीजिए, लेकिन इन्होंने नहीं बुलाया। क्योंकि अगर बीएसएफ आती, तो हिंदुओं की रक्षा होती। फिर भाजपा कार्यकर्ता हाई कोर्ट गए, तब जाकर बीएसएफआई और हिंदुओं को बचाया।

### बंगाल को दुराचार का केंद्र बना दिया

शाह ने कहा कि वंदे मातरम के रचयिता महान बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की यह भूमि जिस भूमि ने वर्षों तक भारत का मार्गदर्शन किया। ज्ञान हो, धर्म हो, स्वतंत्रता संग्राम हो, हर क्षेत्र में वर्षों तक बंगाल ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

**कहां गया पैसा?**

### यूपीए में 2 लाख करोड़, एनडीएमें 8 लाख करोड़ मिले

शाह ने सवाल उठाया कि इतने सालों तक केंद्र और राज्य की सत्ता में रहते हुए भी ममता सरकार ने बंगाल को क्या दिया? यूपीए केवल 2.09 लाख करोड़ रुपए दिए गए थे जबकि मोदी सरकार ने अब तक 8,00,087 करोड़ ▶▶ शेष पेज 5 पर

## डेल्टा फिर शुरू करेगी भारत के लिए उड़ानें

# इंडिगो, डेल्टा, एयर फ्रांस-केएलएम और वर्जिन अटलांटिक के बीच डील भारत से यूरोप की यात्रा होगी आसान

- *भारत से यूरोप और उत्तरी अमेरिका बीच हवाई यात्रा होगी सुविधाजनक*
- *भारत : सबसे तेजी से बढ़ता एविएशन बाजार*




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की बड़ी एयरलाइन कंपनियों में शुमार इंडिगो ने आज एक बड़ी घोषणा की है। इंडिगो ने अमेरिका की डेल्टा एयरलाइंस, यूरोप की एयर फ्रांस-केएलएम और ब्रिटेन की वर्जिन अटलांटिक के साथ एक नई साझेदारी की है। इस साझेदारी का मकसद भारत से यूरोप और उत्तरी अमेरिका यानी अमेरिका और कनाडा के बीच हवाई यात्रा को और बेहतर और आसान बनाना है। यह एलान रविवार को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया गया, जिसमें चारों एयरलाइनों के सीईओ मौजूद थे। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स, डेल्टा एयरलाइंस के सीईओ एड बैस्टियन, एयर फ्रांस-केएलएम के सीईओ बेंजामिन स्मिथ और वर्जिन अटलांटिक के सीईओ शाई वीस ने इस नई ग्लोबल साझेदारी की जानकारी दी। इस मौके पर डेल्टा एयरलाइंस के सीईओ एड बैस्टियन ने बताया कि उनकी कंपनी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### दिल्ली के लिए डायरेक्ट फ्लाइट!

*डेल्टा की योजना है कि वह अमेरिका के अटलांटा शहर से भारत की राजधानी दिल्ली के लिए डायरेक्ट फ्लाइट शुरू करे। हालांकि इसके लिए भारत सरकार की मंजूरी की जरूरत होगी। बता दें कि, डेल्टा एयरलाइंस ने पहले भी भारत के लिए उड़ानें चलाई थीं, लेकिन कुछ वर्षों से यह सेवाएं बंद थीं। इस डील की अहम वजह भारत का तेजी से बढ़ता हुआ विमानन बाजार। भारत अब दुनिया के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते सिविल एविएशन मार्केट्स में शामिल हो गया है। देश में हवाई यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है - चाहे वह देश के भीतर की यात्रा हो या विदेश की। इसी मांग को देखते हुए दुनिया की बड़ी एयरलाइंस भारत के साथ साझेदारी करना चाहती हैं।*

### इंडिगो की बड़ी अंतरराष्ट्रीय योजना

*इंडिगो अब सिर्फ घरेलू उड़ानों पर नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में भी तेजी से विस्तार कर रही है। मौजूदा वित्त वर्ष (मार्च 2026 तक) में इंडिगो 10 नए विदेशी शहरों के लिए उड़ानें शुरू करने वाली है।* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## एलपीजी सिलेंडर को लेकर राहत की खबर

# कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर 24 रुपए सस्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- घरेलू सिलेंडर की कीमतों में बदलाव नहीं

जून की पहली तारीख को आम आदमी को बड़ी राहत मिली है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती का ऐलान किया है, और अब 19 किलोग्राम वाले इस सिलेंडर का भाव 24 रुपए कम हो गया है। हालांकि, तेल कंपनियों ने



घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। राजधानी दिल्ली में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर जून में 1723.50 रुपए में उपलब्ध होगा, जबकि मई में इसी की कीमत 1747.50 रुपए थी। इससे ▶▶ शेष पेज 5 पर

## टूटा रिकॉर्ड, पिछले साल से 16 फीसदी का इजाफा

# मई के महीने में 2.01 लाख करोड़ वसूला गया जीएसटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- मप्र में करीब 10 फीसदी की बढ़ोतरी

वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई महीने में सालाना आधार पर 16.4 प्रतिशत बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपए हो गया। इससे पहले अप्रैल में 2.37 लाख करोड़ रुपए जीएसटी वसूल किया गया था। यह लगातार दूसरे महीने जीएसटी संग्रह में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।




सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2024 में वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपए था। यह 01 जुलाई 2017 से जीएसटी लागू होने के बाद दूसरा सबसे अधिक संग्रह था। मार्च ▶▶ शेष पेज 5 पर

# 45 लाख मांगे थे घूस, 25 लाख लेते एडवांस लेते सीबीआई ने दबोचा वरिष्ठ राजस्व अधिकारी को

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई की गिरफ्त में इस बार 2007 बैच के वरिष्ठ राजस्व सेवा अधिकारी अमित कुमार सिंघल आ गए। उनके साथ हर्ष कोटक नाम के दलाल भी धरा गया।

लंबे समय से दोनों के खिलाफ शिकायत सीबीआई को मिल रही थी। सीबीआई ने जाल बिछाया और सीनियर आईआरएस अधिकारी अमित सिंघल को रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोच लिया। सीबीआई की जाल में फंसे भारतीय राजस्व सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अमित सिंघल




दिल्ली स्थित कर-सेवा निदेशालय, में अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर तैनात हैं। उनके साथ ही हर्ष कोटक नाम के एक निजी व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि सिंघल ने निजी दलाल के माध्यम से एक मामले में शिकायतकर्ता से 45 लाख रुपये के रिश्वत की मांग की थी। उसी रकम के आंशिक भुगतान के रूप में 25 लाख रुपये की रिश्वत मांगने तथा स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी लोक सेवक ने राजस्व/आयकर विभाग की ओर से शिकायतकर्ता के साथ अनुकूल व्यवहार करने के बदले में उससे 45 लाख रुपये की अवैध रिश्वत मांगी थी। रिश्वत मांगने के साथ-साथ आरोपियों द्वारा शिकायतकर्ता को कानूनी कार्रवाई, भारी जुर्माना लगाने तथा अनुपालन न करने की ▶▶ शेष पेज 5 पर

# कानून व्यवस्था पर कांग्रेस का हमला- जदयू-भाजपा सरकार दलित बच्ची की संस्थागत हत्या की जिम्मेदार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी में नौ वर्षीय दलित बच्ची के साथ दुष्कर्म होने और उचित इलाज न मिलने से पीड़िता की मौत का ठीकरा और जिम्मेदारी नीतीश-भाजपा सरकार पर कांग्रेस ने फोड़ा। कांग्रेस प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन और शमा मोहम्मद ने संयुक्त रूप से पत्रकारों से बातचीत में कहा, जदयू और भाजपा सरकार की सत्ता की सरपरस्ती में बिहार, जो कि ज्ञान, त्याग और तपस्या की भूमि के रूप में जाना जाता था, उसे अपराधियों और अराजक तत्वों ने हत्या,



बलात्कार और अपहरण के गुंडा-माफिया राज में तब्दील कर दिया है। जगह-जगह हत्या, अपहरण, बलात्कार हो रहे हैं। आज हम आप लोगों के सम्मुख नम आँखों और भरे दिल से हृदयविदारक घटना का जिक्र कर रहे हैं, जिससे सबकी रूह कांप जाएगी, और एक ऐसी अपराधियों की सत्ता की सरपरस्ती का जिक्र कर रहे हैं, जिसके बारे में बात करते हुए सिर शर्म से झुक जाता है। रंजीत रंजन ने बताया, मुजफ्फरपुर जिले में कुढ़नी प्रखंड की 9 साल की दलित बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ। हैवानियत की हद तब हो गई जब लड़की के गर्दन को चाकू से रेत दिया गया और फिर उसे ईंट भट्ठे के गड्ढे में फेंक दिया गया। लड़की के शरीर पर 20 जगहों पर चाकू के जख्म के निशान मिले। घटना के बाद बिहार महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अस्पताल में जाकर बच्ची से मिलीं और उसकी नाजुक हालत को देखते हुए मुजफ्फरपुर के डीएम से मिलकर ज्ञापन देने के बाद बच्ची को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर करने की अपील की। ▶▶ शेष पेज 5 पर

## जिन सुखोई का पाक पर हमले के लिए किया गया इस्तेमाल, उन्हीं के टायर दिए कंपनी ने

48 साल से बोइंग 747 के टायरों का हो रहा था इस्तेमाल

# बोइंग हुआ पुराना, अब सुखोई फाइटर जेट के टायरों पर निकलेगी श्री जगन्नाथ की 'रथयात्रा'

इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधा रमन दास ने कहा कि हमने 2018 में एमआरएफ से सुखोई के टायर के लिए संपर्क किया था और उन्होंने इस साल हमें भगवान जगन्नाथ के रथ के लिए टायर उपलब्ध कराए हैं।

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा यूं तो अपने आप में विशेष होती है, लेकिन इस बार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में कुछ और विशेष को शामिल किया गया है। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधा रमन दास ने कहा कि इस बार भगवान जगन्नाथ का रथ भारतीय वायुसेना के सुखोई फाइटर जेट के टायरों पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

अलग खबर

**इस्कॉन ने कहा-** मौजूद स्थिति को देखते हुए शायद भगवान जगन्नाथ यह संदेश दे रहे हैं कि शांति ही सबसे अच्छा विकल्प



### रथ के लिए सुखोई के लेटेस्ट टायर कराए उपलब्ध

इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष ने कहा कि हाल ही भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव में सुखोई फाइटर जेट्स का इस्तेमाल किया गया था और कंपनी ने हमें वही टायर दिए, जिन्हें हमने भगवान जगन्नाथ के रथ में लगाया है। उन्होंने कहा कि हमने बीती रात में कोलकाता की सड़कों पर 24 ▶▶ शेष पेज 5 पर



### एमआरएफ कंपनी ने बाकायदा पुष्टि की

उन्होंने कहा कि साल 2018 में हमें पता चला कि सुखोई फाइटर जेट के टायर बोइंग 747 के समान ही हैं, इसलिए फिर हमने एमआरएप से संपर्क किया। आखिरकार, इस साल 2025 में कंपनी ने हमें जवाब ▶▶ शेष पेज 5 पर

## आप ने शुरू की मासिक कार्यकर्ता बैठक



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने रविवार से दिल्ली की सभी 70 विधानसभा में एक मासिक कार्यकर्ता बैठकों का आयोजन शुरू कर दिया है। इस कार्यक्रम के तहत दिल्ली की 70 विधानसभा में हर महीने के पहले रविवार को कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया जाएगा। क्योंकि जून महीने का पहला रविवार आज है, इसलिए आज दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं में कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। इन सभी विधानसभा की बैठकों में विधानसभा स्तर के पदाधिकारी, वार्ड स्तर के पदाधिकारी, मंडल स्तर के पदाधिकारी तथा सभी फ्रंटल और विंग के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और संगठन को किस प्रकार से और मजबूत बनाया जाए इस मुद्दे पर कार्यकर्ताओं की ओर से बहुतायत मात्रा में सुझाव भी प्राप्त हुए। सभी कार्यकर्ताओं में पार्टी और संगठन को लेकर खासा उत्साह नजर आया।

### धोखाधड़ी और जालसाजी के तीन अन्य मामलों में भी रहा शामिल

# आर्मी का फर्जी कर्नल ठगी के आरोप में किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अपराध शाखा की एआरएससी टीम ने खुद को भारतीय सेना का कर्नल बताने वाले एक वांछित 70 वर्षीय धोखेबाज को पंजाब से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पंजाब विश्वविद्यालय का अर्थशास्त्र का छात्र रहा है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह ने भी इसी विश्वविद्यालय से पढ़ाई की थी। आरोपी जालसाज सेना कल्याण आवास संगठन (एडब्ल्यूएचओ) में फ्लैट और दुकान का झांसा देकर लोगों को जाल में फंसाता था। वह दिल्ली में भारतीय सेना में नौकरी दिलाने के नाम भी धोखाधड़ी और जालसाजी के तीन अन्य मामलों में भी शामिल रहा है। इनमें वह दोषी भी ठहराया जा चुका था।

पुलिस के अनुसार पंजाब के पटियाला से सीताराम गुप्ता उर्फ सीताराम सिंगला नामक एक धोखेबाज को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया है। वह दिल्ली में दर्ज धोखाधड़ी और जालसाजी के एक मामले में गिरफ्तारी से बच रहा था। 77 वर्षीय आरोपी ने 2007 में भारतीय सेना कल्याण आवास संगठन (एडब्ल्यूएचओ) में फ्लैट और दुकान के नाम पर धोखाधड़ी की थी। यह केस विवेक विहार थाने में दर्ज हुआ था। एक बैंक कर्मचारी अनिल निगम की शिकायत पर यह केस दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने खुद को दिल्ली में तैनात कर्नल रैंक का सैन्य अधिकारी बताया था। आरोपी ने शिकायतकर्ता को एक फ्लैट की पेशकश की, जिसे आर्मी वेलफेयर हाउसिंग ऑर्गनाइजेशन द्वारा बनाया जाना था और उसने उसी योजना के तहत एक दुकान बुक करने की भी पेशकश की। उसने बयाना राशि के रूप में 56 हजार रुपये लिए और शिकायतकर्ता को दो रसीदें सौंपी थी। जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और बाद में अदालत ने उसे जमानत पर रिहा कर दिया था। इसके बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट में आरोप पत्र दायर किया गया। हालांकि आरोपी मुकदमे से बचने के लिये अंडरग्राउंड हो गया। शुरुआत में आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे, लेकिन वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ। इसके बाद 26 अप्रैलको कड़कड़डूमा कोर्ट ने धारा 82 सीआरपीसी के तहत आरोपी को भगोड़ा घोषित कर दिया था। आरोपी पंजाब के मानसा का निवासी है और बेल जंप करने के बाद वह वर्तमान में पंजाब के पटियाला में स्थित एक वृद्धाश्रम में रह रहा था। पुलिस ने इसे वृद्धाश्रम से ही गिरफ्तार किया।

## ऑनलाइन डेटिंग ऐप्स से फंसा कर लूटने वाले तीन मुठभेड़ में दबोचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

न्यू उस्मानपुर पुलिस ने ऑनलाइन डेटिंग ऐप्स के जरिये लोगों को फंसाकर कर उनके साथ लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को शनिवार देर रात यमुना खादर में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान दो आरोपियों के पैरों में गोली लगी और उन्हें जग प्रवेश चंद्र (जेपीसी) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनके नाम समीर (21), तरुण (23) और कुनाल शर्मा (23) बताये गये हैं।

पुलिस के अनुसार शनिवार देर रात करीब दो बजकर 25 मिनट पर गश्त पर निकली पुलिस की एक टीम को सूचना मिली कि न्यू उस्मान नगर के पास हालिया लूटपाट में शामिल कुछ संदिग्ध लोग मौजूद हैं और अगली आपराधिक गतिविधि की योजना बना रहे हैं। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और वहां तीन लोगों को संदिग्ध अवस्था में देखा। पुलिस ने उन्हें जांच के लिए रोका, तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी और पास के जंगल की ओर भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई जिसमें दो आरोपियों के पैर में गोली लगी। इसके बाद तीनों को काबू कर लिया गया। इनके पास से दो देसी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद हुये। शुरुआती पूछताछ में खुलासा हुआ है कि समीर पहले भी लूट और मारपीट के दो मामलों में संलिप्त रहा है और इस संबंध में मानसरोवर पार्क थाने में प्राथमिकी दर्ज है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे हाल के लूटपाट के कई मामलों में शामिल रहे हैं। वह 'डेटिंग ऐप्स' के जरिये लोगों को फंसाते थे और फिर 'डेट' के बहाने बुलाकर लूटपाट करते थे।

## किराये के घर में भाई बहन मृत पाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- पुलिस ने जताई आत्महत्या की आशंका
- दिलशाद गार्डन इलाके की घटना

पूर्वी दिल्ली के दिलशाद गार्डन इलाके में रविवार को एक किराये के फ्लैट में भाई-बहन के शव फंदे से लटके पाए गए। कमरा अंदर से बंद था इसलिये पुलिस आत्महत्या की आशंका जता रही है। सीमापुरी थाने की पुलिस ने दोनों शवों को पंचनामे के बाद पोस्टमॉर्टम हेतु मोर्चरी भिजवा दिया है।

पुलिस के अनुसार सीमापुरी पुलिस को दिलशाद गार्डन के पॉकेट-डी में स्थित एक फ्लैट से दुर्गंध आने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने फ्लैट को अंदर से बंद पाया। फ्लैट के अंदर 32 वर्षीय वीरेश कुमार तोमर और 30 वर्षीय उसकी बहन चिंकी के शव छत से लटके मिले। पुलिस के अनुसार दोनों भाई-बहन वर्ष 2021 से उस फ्लैट में किराये पर रह रहे थे और उत्तर प्रदेश के फतेहपुर चक, किशनपुर, रमाला, बागपत के निवासी थे। घटनास्थल पर अपराध शाखा और फॉरेंसिक विशेषज्ञों को भी बुलाया गया जिन्होंने फ्लैट की गहन जांच की और वीडियो भी बनाए। पुलिस ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन मामले की सभी कोणों से जांच की जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतकों के बारे में अधिक जानकारी जुटाने के लिए पड़ोसियों और मकान मालिक से पूछताछ की जा रही है।

## सीएनजी सिलेंडर में विस्फोट से घायल हुए दो नाबालिगों की मौत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली के सुंदर नगरी इलाके के एक गोदाम में रखे सीएनजी सिलेंडर में विस्फोट होने से गंभीर रूप से झुलसे दो नाबालिग भाई-बहनों की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि चार मंजिला आवासीय इमारत के भूतल पर भंडारण व मरम्मत कक्ष में शनिवार दोपहर हुए विस्फोट में तीन नाबालिग भाई-बहनों सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस के मुताबिक, घायलों की पहचान अरशद (22), साकिब (सात), अब्बास (नौ) और राजा (तीन) के रूप में हुई थी। पुलिस ने बताया कि 85 प्रतिशत से अधिक झुलसे साकिब और राजा की गुरु तेग बहादुर अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। पुलिस ने दो बच्चों की मौत के बाद नंद नगरी थाने में दर्ज मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106 (1) (लापरवाही से



मौत) को भी जोड़ दिया है। पुलिस ने पहले धारा 287 (मशीनरी के संबंध में लापरवाही), 125 ए (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना) और 326 जी (विस्फोटक पदार्थ के इस्तेमाल से गंभीर चोट पहुंचाना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गोदाम के मालिक को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य के दौरान हुआ विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि गोदाम का लोहे का गेट टूट गया और मलबा छिटककर खेल रहे बच्चों को भी लगा। अधिकारी ने बताया कि विस्फोट से हालांकि आग नहीं लगी लेकिन कंपन ने गोदाम और आस-पास की संपत्तियों को काफी नुकसान पहुंचाया। अपराध और फोरेंसिक की टीमों ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच के लिए नमूने एकत्र किए।

## बलजीत नगर में महिला की गला घोंटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मध्य दिल्ली के बलजीत नगर इलाके में 32 वर्षीय एक महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया। कार्रवाई करते हुये पुलिस ने हत्यारे को भी गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती जांच में पता चला कि अवैध संबंधों और शादी का दबाव बनाने पर हत्या की गई।

पुलिस के अनुसार महिला गृहिणी थी और उसका पति कीर्ति नगर में फर्नीचर की दुकान पर काम करता है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि महिला के 28 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार के साथ अवैध संबंध थे। शनिवार को दोनों के बीच झगड़ा हुआ जिसके बाद कुमार ने महिला का गला घोंट दिया। आरोपी प्रिंटिंग प्रेस में काम करता था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं सूत्रों से पता चला कि धर्मेंद्र अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ मोती नगर इलाके की झुग्गियों में रहता था। करीब चार महीने पहले उसका रवीना (परिवर्तित नाम) नामक महिला से अवैध संबंध बन गये थे। रवीना के परिवार में भी पति के अलावा दो बच्चे है। इस अवैध संबंध का धर्मेंद्र की पत्नी को भी पता था। धर्मेंद्र ने बताया कि रवीना उस पर शादी का दबाव बना रही थी। इससे परेशान होकर वह रवीना के साथ शनिवार शाम को बलजीत नगर में किराये का मकान देखने गया था। मकान मालकिन दोनों को छोड़कर बाहर चली गई। इसी दौरान दोनों में शादी की बात पर झगड़ा हो गया और उसने गुस्से में रवीना का गला घोंट दिया। शव को मौके पर ही छोड़कर आरोपी फरार हो गया था। रविवार को पुलिस ने मोती नगर इलाके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### तीन इंजन की सरकार
## नहीं हो रही नाले नालियों की गहराई से सफाई



- नरेला और बवाना विधानसभा में स्थानीय निवासी परेशान

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भाजपा की तीन इंजन की सरकार बनने के बाद भी गांव, कॉलोनियों व डीडीए के क्षेत्रों में नाले नालियों की गहराई से सफाई नहीं हो पा रही है जिसके चलते स्थानीय निवासी परेशान हैं। नरेला और बवाना विधानसभा की बात करें तो यहां के कई इलाकों में दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के विभागों में तालमेल नहीं हैं और इसका खामियाजा स्थानीय निवासियों को भुगतना पड़ रहा है। नरेला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत डीडीए के सेक्टर बी 4 स्थित दिल्ली पुलिस कॉलोनी में नालों की सफाई नहीं हो रही है और पुलिस कॉलोनी के अंदर की गलियों की हालत बहुत दयनीय हो गई है। यहां नालों से ढक्कर भी गायब हैं। वहीं, गांवों की बात करे तो पल्ला, बांकनेर, सिंघु में गलियों में बनी हुई नालियों की सफाई गहराई से सफाई नहीं हो पाई है और ग्रामीणों का कहना कि इसके चलते बारिश के दौरान गलियां भी जलमग्न हो जाती है। जिसके चलते हादसे होने की संभावना है। रोहिणी सेक्टर 20 के आसपास और पुठ कलां गांव में भी ऐसे ही हालात बताए गए हैं।

## बदरपुर बिजलीघर की खाली जमीन पर बनाया जाए स्टेडियम और कॉलेज : बिधूड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि बदरपुर में एनटीपीसी पावर प्लांट के लिए गांववासियों से जो जमीन कौड़ियों के दाम ली गई थी, अब उस जमीन पर वर्ल्ड क्लास स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स और कॉलेज खोला जाए। एनटीपीसी का पावर प्लांट बंद होने के कारण अब करीब 600 एकड़ जमीन खाली हो गई है। इसका उपयोग क्षेत्रवासियों के लिए किया जाना चाहिए।

बदरपुर पावर प्लांट के मेन गेट पर रविवार को 36 समाज की महापंचायत का आयोजन किया गया। इस महापंचायत में बिधूड़ी ने आश्वासन दिया कि वह इस मांग को संसद में पुरजोर तरीके से उठाएंगे और केंद्र तथा दिल्ली सरकार से आग्रह करेंगे कि क्षेत्र की जनता की यह न्यायोचित मांग पूरी की जाए। इस पंचायत में आसपास के तमाम गांवों और कॉलोनियों के बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। बिधूड़ी ने कहा कि करीब 60 साल पहले बदरपुर, मीठापुर, मोलडबंद और आली गांव के लोगों की हजारों एकड़ जमीन एनटीपीसी का पावर प्लांट बनाने के लिए कांग्रेस सरकार ने ले ली थी। यह जमीन कौड़ियों के भाव ली गई थी और गांववालों को मात्र 30 पैसे प्रति गज के हिसाब से भुगतान किया गया था।

## फोरम ने शिक्षा मंत्रालय से शिक्षकों की ईडब्ल्यूएस सीटों की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- डीयू में चार वर्षीय पाठ्यक्रम लागू होने से बढ़े शिक्षकों के पद

फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन) ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर मांग की है कि दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) को जल्द से जल्द ईडब्ल्यूएस सीटों को आबंटित करें जिससे कि कॉलेजों को ईडब्ल्यूएस सीटों का लाभ मिल सके। फोरम के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने बताया है कि शैक्षिक सत्र 2025-26 से चार वर्षीय छात्रों की पढ़ाई शुरू होने पर शिक्षकों के पद बढ़ने पर उनकी नियुक्ति होनी है। इन पदों को भरने के लिए कॉलेजों को गेस्ट टीचर्स लगाने पड़ेंगे।

डीयू से संबद्ध विभागों व कॉलेजों में पिछले तीन साल से सहायक प्रोफेसर के पदों पर स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि अभी तक कॉलेजों में शिक्षकों के 82 फीसदी पदों को भरा जा चुका है, यानी लगभग 5000 पदों पर नियुक्ति की जा चुकी है लेकिन शिक्षा मंत्रालय ने अभी तक ईडब्ल्यूएस सीटें दिल्ली विश्वविद्यालय के विभागों व कॉलेजों को आबंटित नहीं की है। जबकि शिक्षा मंत्रालय ने पिछले दिनों यह आश्वासन दिया था कि दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षकों के 75 फीसदी पदों पर स्थायी नियुक्ति के बाद ईडब्ल्यूएस सीटें दे दी जाएंगी लेकिन एक साल से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बावजूद शिक्षा मंत्रालय से अभी तक सीटें नहीं मिली है। जबकि कॉलेजों से ईडब्ल्यूएस की सीटें कितनी बढ़ेंगी उसके आंकड़े भी मंगवा लिए हैं। डीयू में ईडब्ल्यूएस कोटे की लगभग 3000 सीटें बनती है।

### अगले दो दिन येलो अलर्ट

# जून के पहले दिन दिल्ली में तेज आंधी और बारिश से मानसून की दस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



लगातार दूसरे दिन व जून महीने के पहले दिन रविवार को राजधानी में तेज आंधी के साथ मानसून की बारिश ने दस्तक दी। सुबह से मौसम में गर्मी व उमस वाला रहा, लेकिन दोपहर बाद आसमान काले बादलों से घिरने लगा और तेज धूल भरी आंधी चलने लगी। जिसके बाद अलग अलग क्षेत्रों में बारिश दर्ज हुई जिसे मानसून की बारिश माना जा रहा है। हालांकि अभी मौसम विभाग ने अधिकारिक तौर पर मानसून आने की घोषणा नहीं की है क्योंकि दिल्ली में मानसून आगमन की सामान्य तारीख 25 जून के करीब रहती है। इस बारे में निजी मौसम अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष महेश पलावत का कहना है कि यह सही है कि अभी मानसून नहीं आया है। लेकिन एक जून से जो भी बारिश होती है उसे मानसून की बारिश में ही गिना जाता रहा है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने बताया कि ऐसे मौसम के लिए पहले ही येलो अलर्ट जारी कर रखा था। रविवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच दिल्ली में सफदरजंग वेधशाला ने 15.8 मिमी बारिश दर्ज की। वहीं इस दौरान सबसे ज्यादा बारिश राजघाट 17.8 मिमी दर्ज की गई। जबकि पालम में 7.4 मिमी, लोधी रोड 12.6 मिमी,रिज एरिया 9.2 मिमी, आया नगर 2.6 मिमी, राजघाट 17.8 मिमी, पूसा 13.5 मिमी, नजफगढ़ 1.0 मिमी और मयूर विहार में 2.5 मिमी बारिश दर्ज हुई। आईएमडी ने मौसम को लेकर सोमवार व मंगलवार के लिए भी येलो अलर्ट और बुधवार के लिए गीन अलर्ट जारी किया है। यानी अनुमान है कि अगले तीन दिन भी दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, हल्की बारिश, तूफान और बिजली की गड़गड़ाहट के बीच 40-50 किमी प्रति घंटा की गति से हवाएं चलने का अनुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान घटकर 34 डिग्री तक दर्ज हो सकता है। अनुमान है कि गुरुवार से एक बार फिर मौसम करवट लेगा और सूरज की चमक बढ़ने से तापमान में बढ़ोतरी होनी शुरू होगी।

## दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और गर्भवती महिलाओं को मिलेगी मेट्रो सुरक्षा जांच में विशेष सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यात्रियों के लिए नई नई सुविधाओं को लाने के लिए प्रयास करने वाला डीएमआरसी अब विशेष यात्रियों के लिए सुरक्षा जांच में अलग सुविधा देने जा रहा है। इसमें दिव्यांगजनों,वरिष्ठ नागरिकों, गर्भवती महिलाओं इत्यादि जैसे यात्रियों के लिए सुरक्षा जाँच में सामान्य यात्रियों की तुलना में प्राथमिकता देने की शुरुआत की है। मेट्रो स्टेशनों पर दिव्यांग व बुजुर्गों की जल्दी सुरक्षा जांच के लिए पहले यानी वर्तमान में कोई अलग से प्रावधान नहीं था। ऐसे में उक्त वर्ग के यात्रियों को भी मजबूरी में अन्य यात्रियों के साथ ही सुरक्षा जांच के लिए लाइन में पुरूषों के साथ खड़ा होना पड़ता था। लेकिन अब डीएमआरसी की नई शुरुआत से इस वर्ग के यात्रियों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी जिसमें उनकी सुरक्षा जांच पहले व बिना लाइन में लगे होगी। वहीं अति व्यस्त मेट्रो स्टेशनों पर महिलाओं की लंबी लंबी लाइनों में भी कमी देखने को मिलेगी। इस बारे में विस्तार से




जानकारी देते हुए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के सहयोग से सभी मेट्रो स्टेशनों पर खास वर्ग के यात्रियों के लिए सुरक्षा जाँच (फ्रिस्किंग) में प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें दिव्यांगजनों, गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशु लिए महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और घायल व्यक्तियों को मेट्रो स्टेशन पर प्रवेश के दौरान सुरक्षा जाँच में वरीयता मिलने से काफ़ी सहूलियत होगी। दयाल ने बताया कि इस सुविधा हेतु पात्रता के संबंध में किसी भी प्रकार का संदेह या विवाद की स्थिति में सुरक्षाकर्मी, यात्रियों की स्थिति को सत्यापित करने के लिए उनसे प्रासंगिक दस्तावेज दिखाने का अनुरोध कर सकते हैं। डीएमआरसी तलाशी में प्राथमिकता जैसी पहल को लागू करने और ख़ास किस्म के यात्रियों को सहूलियत देने तथा आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने के लिए सीआईएसएफ और सुरक्षाकर्मियों के साथ मिलकर कार्य कर रही है। दयाल ने बताया कि डीएमआरसी ने दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए आरक्षित सीटों सहित मेट्रो सिस्टम में यात्रा के आरंभ से लेकर गंतव्य तक हर प्रकार की सहूलियत प्रदान करने को सदैव प्राथमिकता दी है। डीएमआरसी के सभी परिसर यात्रियों के अनुकूल हैं, जिनमें स्पर्शनीय पथ, व्हीलचेयर और अन्य सपोर्ट सिस्टम जैसी सुविधाएं पहले ही शामिल हैं। ताकि उन्हें निर्बाध यात्रा का अनुभव मिल सके। इस कदम के साथ डीएमआरसी ने सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक कारगर बनाते हुए, देश भर में सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करने का कार्य किया है।

## खबर संक्षेप

### एमसीडी की वार्ड समितियों के चुनाव आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की वार्ड समितियों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा वार्ड समिति से स्थायी समिति के 2 सदस्यों का चुनाव आज, सोमवार, 2 जून 2025 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में होगें। बता दें कि दिल्ली नगर निगम में बारह जोन हैं और विधानसभा चुनाव 2025 में दो पार्षदों के विधायक बनने के बाद वार्ड समितियों से रिक्त हुए दो पदों के लिए भी स्थायी समिति के चुनाव होंगे।

### निगम में भाजपा लाइसेंस की आड़ में कर रही है अवैध वसूली : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने अब नगर निगम के बहाने भाजपा व रेखा गुप्ता सरकार पर निशाना साधा है। यादव ने कहा है कि राजधानी में ट्रिपल इंजन की भाजपा नीत दिल्ली नगर निगम लाईसेंस की आड़ में शहरीकृत गांवों में अवैध वसूली कर रहे है। वहीं दिल्ली के तमाम शहरीकृत गांवों में भी सीलिंग का खतरा मंडरा रहा है। यादव ने आरोप लगाया कि दिल्ली नगर निगम सरकार की निरंकुशता के कारण शहरीकृत गांवों में लघु उद्योगों को चलाने के लिए लाईसेंस के नोटिस भेजे जा रहे है और नोटिस की आड़ में लाईसेंस फीस से कहीं अधिक जबरन अवैध उगाही का धंधा चल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा 27 साल पहले जब दिल्ली सरकार में थी, उस समय भी शहरीकृत गांव में लाईसेंस राज से परेशान करती थी। अब पुन सत्ता में आते शहरीकृत गांवों में चलने वाले छोटे उद्योगों पर लाईसेंस की आड़ में सीलिंग का खतरा मंडराने लगा है। आम आदमी पार्टी हो या भाजपा की सरकार गांवों की दोनों सरकारों ने उपेक्षा ही की है। पिछले 12 सालों से दिल्ली देहात के गांवों की समस्याएं जस की तस है। गांवों में विकास के काम पूरी तरह ठप हो चुके है, यहां पानी निकासी तक की सुविधा नहीं है।

### बच्चों के लिए किया चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**नई दिल्ली।** बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुरानी दिल्ली के सीताराम बाजार में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन धानक समाज ने किया। इस आयोजन में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने सुंदर चित्रों के माध्यम से सकारात्मक संदेश दिए। प्रतियोगिता के अंत में श्रेष्ठ चित्रों को पुरस्कृत किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। आयोजन में समाज के वरिष्ठजनों व अभिभावकों ने भी भाग लेकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। समाज के पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि ऐसे रचनात्मक आयोजनों का सिलसिला भविष्य में भी जारी रहेगा। इस मौके पर मटिया महल से भाजपा विधायक प्रत्याशी दिप्ती इंदौरा के साथ समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष, आनंद पचेरवाल, राष्ट्रीय महासचिव, रितेश खर्रा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, सुभाष चन्द्र आदि गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

बुलडोजर की कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में आरएएफ, अर्धसैनिक बल और दिल्ली पुलिस के जवान रहे तैनात

# जंगपुरा के मद्रासी कैंप में 300 से अधिक झुग्गियों पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





दक्षिण पूर्वी दिल्ली के जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र में स्थित मद्रासी कैंप में कोर्ट के आदेश पर रविवार सुबह प्रशासन ने बुलडोजर की कार्रवाई करते हुए बारापुला नाले के पास बनीं 300 से अधिक झुग्गियों को हटाया गया। बुलडोजर की कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में आरएएफ, अर्धसैनिक बल और दिल्ली पुलिस के जवान मौके पर तैनात रहे ताकि किसी भी तरीके से माहौल खराब ना हो और करवाई सही से की जा सके। प्रशासन ने बताया कि इस इलाके में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लंबे समय से प्रस्तावित थी, जिसे अब अदालत के आदेश के बाद अंजाम दिया जा रहा है। इस कार्रवाई के चलते मद्रासी कैंप में रह रहे सैकड़ों लोगों के सामने अब सिर छुपाने की समस्या खड़ी हो गई है। प्रशासन की ओर से 189 लोगों को पुनर्वास के लिए पक्के मकान दिए गए हैं, लेकिन बाकी परिवारों को कोई ठोस विकल्प नहीं दिया गया है ऐसा लोगो ने आरोप लगाया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मद्रासी कैंप में 300 से अधिक झुग्गियां हैं और यहां कई वर्षों से लोग रह रहे हैं। ऐसे में सिर्फ 189 लोगों को मकान मिलना अन्य लोगों के साथ अन्याय है। कई महिलाओं ने रोते हुए कहा कि उनके पास अब कोई ठिकाना नहीं बचा। स्थानीय लोगों का कहना है कि हमने अपने बच्चों को पाल-पोस कर यहीं बड़ा किया, अब हमारा आशियाना छीन लिया गया, हम कहां जाएंगे। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि जिन लोगों को मकान दिए गए हैं वह भी नरेला जैसे इलाके में दिए गए हैं जो यहां से काफी दूर पड़ता है जो मकान एलॉट किए गए हैं उसमें भी पूरी तरीके से तमाम सुविधाएं नहीं है। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने मद्रासी कैंप में सार्वजनिक भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया था, जो 1 जून 2025 से शुरू हो गया। कोर्ट ने यह भी कहा था कि ध्वस्तीकरण से पहले निवासियों के पुनर्वास के लिए एक व्यवस्थित योजना भी बनाई जानी चाहिए।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय थे श्री इन वन : जेपी नड्डा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पं. दीनदयाल पर आयोजित सेमिनार हुआ सम्पन्न

पंडित दीनदयाल उपाध्याय थ्री इन वन थे क्योंकि वह एक विचारक, लीडर और संगठक तीनों थे। इसलिए श्रद्धेय गुरुजी कहते थे कि ऐसे चार दीनदयाल मिल जाए तो मैं देश में परिवर्तन लेकर आऊं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद भाषणों को लेकर आयोजित सेमिनार के अंतिम सत्र में वरिष्ठ चिंतक एस. गुरूमूर्ति की उपस्थिती में पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन के अनछुए पहलुओं का जिक्र करते हुए अपने उत्कृष्ट अभिभाषण में यह बातें कही।

नड्डा ने कहा कि हमें यह भी पता है कि कितनी कम अवधि में उन्होंने भारतीय जनसंघ को राष्ट्रीय पार्टी के तौर पर स्थापित किया। वे अल्पावधि में चले गए लेकिन उनके विचार को पार्टी ने अपनाया और आज वही विचार हमारी पहचान बने है। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार सेमिनार परिसर में लगी प्रदर्शनी को दूसरे दिन करीब 15 हजार लोगों ने अवलोकन किया। वहीं, शनिवार को आर.एस.एस. के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार के उद्घाटन अभिभाषण से प्रारम्भ हुए दो दिवसीय सेमिनार में देशभर से आये 550 से अधिक पंजीकृत बुद्धिजीवी प्रतिभागी शामिल हुए।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि जो लोग आर्थिक मॉडल के सबसे बड़े चैंपियन बनते थे वह दुनिया में विफर गए। सही मायने में समाज की चिंता अगर किसी ने की तो वह पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने की जिन्होंने सबसे अंतिम व्यक्ति के लिए चिंता की।

सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास के माध्यम से मोदी सरकार ने पंडित के सिद्धांत पर गरीबों का भला किया है। हम गरीब की बात करते हैं लेकिन गरीबों की असली चिंता मोदी सरकार ने की है जब उन्होंने 80 करोड़ जनता को पांच किलो गेहूं, पांच किलो चावल, एक किलो दाल देने का काम किया। इसका प्रभाव हुआ कि 25 करोड़ लोग बी.पी.एल से ऊपर आ गए।

### आप ने भाजपा पर लगाया झुग्गियों को तोड़ने का आरोप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप)ने रविवार को भाजपा पर आरोप लगाया है कि भाजपा ने बुल्डोजर से बारापूला मद्रासी कैंप की सैकड़ों झुग्गियां तुड़वा दी। आप के प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 31 मई को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में सीएम रेखा गुप्ता ने सरकार के 100 दिन पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में बोला था कि किसी झुग्गी को तोड़ा नहीं जाएगा। इसके बावजूद रविवार को मद्रासी कैम्प को बुलडोजरों ने उजाड़ दिया और हजारों लोगों के सिर से छत छीन ली। सौरभ ने कहा कि गौर करने वाली बात यह है कि इन झुग्गियों में रह रहे लोग ज्यादातर तमिलनाडु के रहने वाले हैं और 40-50 साल से इसी जगह पर रह रहे हैं। इन लोगों के इसी पते पर राशन कार्ड, वोटर कार्ड और आधार कार्ड बने हुए हैं। इनके बच्चे आसपास के स्कूलों में पढ़ते हैं। इन लोगों के रोजगार भी आसपास ही है। इसके बावजूद बिना घर दिए इन लोगों को उजाड़ दिया गया। वहीं दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने मद्रासी कैंप पर भाजपा सरकार द्वारा बुल्डोजर चलाए जाने पर तिखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक्स पर बुल्डोजर की कार्रवाई का वीडियो साझा करते हुए कहा कि चुनाव से पहले भाजपा के नेता मद्रासी कैम्प में प्रवास करने आए।

### झुग्गी क्लस्टर वालों को भड़काने में लगे हैं आप नेता : सचदेवा

**नई दिल्ली।** खेदपूर्ण है कि अपने शासन में लोक निर्माण विभाग से बारापूला मद्रासी कैम्प हटाने के आदेश करवाने वाले आम आदमी पार्टी (आप) नेता आज झुग्गी क्लस्टर वालों को भड़काने में लगे हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को आप नेताओं पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा है कि भाजपा अपनी जहां झुग्गी वहां मकान की नीति पर आज भी टिकी है पर आज बारापूला नाले पर बसी जिस मद्रासी बस्ती की झुग्गियों को शिफ्ट किया गया है उनके कारण बारापूला नाले की सफाई वर्षों से नहीं हो पा रही थी और यही गत वर्षों मानसून में आस पास के कई किलोमीटर क्षेत्र में जलजमाव का बड़ा कारण बना। सचदेवा ने कहा कि यह भाजपा सरकार की संवेदनशील मानवीय नीति है कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने 1 जून को बारापूला मद्रासी कैंप हटाने के आदेश किये पर हमारी सरकार ने हटाने की बजाये उन्हे वैकल्पिक फ्लैट्स देकर बेहतर जीवन दिया है। आप नेता बताएं कि आखिर क्यों उनकी सरकार ने हमेशा झुग्गी वालों को विधानसभा वार वोट बैंक मानते हुए एक भी झुग्गी बस्ती वालों को बेहतर पुनर्वास नहीं दिया?

## दिल्ली ठान ले तो कचरे के पहाड़ हो सकते हैं खत्म : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में अगर हर कॉलोनी, गांव और शहर के लोग यह ठान ले कि दिल्ली कचरा मुक्त बनेगी, तो दिल्ली में जो कचरे के पहाड़ हैं, वे खत्म हो सकते हैं। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन (आईपीसीए) द्वारा नई दिल्ली स्थित एक होटल में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान यह संबोधन दिया। यहां बतौर मुख्य अतिथि महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि जब कचरे का निपटान घर पर ही हो जाएगा, तो डंपिंग ग्राउंड की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार पूरा सहयोग देगी, लेकिन असली बदलाव जनता के सहयोग से ही आएगा। बता दें कि देश में बढ़ते कचरे की समस्या को देखते हुए इस सम्मेलन का विषय 'सतत ठोस कचरा प्रबंधन के लिए बदलाव लाने वाले तरीके' रखा गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री तोखन साहू ने वर्चुअल माध्यम से कहा कि 'हमें जीरो वेस्ट (कचरा मुक्त) सोच को हकीकत बनाने के लिए समाज के साथ मिलकर काम करना होगा। उन्होंने आयोजकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे युवाओं, आम लोगों और संस्थानों को जोड़कर इस बदलाव की नींव रख रहे हैं। इस कार्यक्रम में डॉ. बिनय कुमार झा (स्वच्छ भारत मिशन के निदेशक), सत्येन्द्र कुमार (नीति आयोग) और वंदना राव, ( जिलाधिकारी, पश्चिमी दिल्ली) जैसे प्रमुख व कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## सूद ने की जनकपुरी में 'संडे ऑन साइकिल' अभियान की शुरुआत




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

युवा मामले और खेल मंत्रालय के अंतर्गत फिट इंडिया मिशन द्वारा विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य पर रविवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार से सहयोग से अपनी विधानसभा जनकपुरी में 'संडे ऑन साइकिल' अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य साइकिलिंग को एक दैनिक फिटनेस अभ्यास तथा पर्यावरण अनुकूल परिवहन साधन के रूप में अपनाने के संदेश को और सशक्त बनाना है। इस अभियान में सैकड़ों बच्चे, स्कूलों के छात्र, आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक और युवाओं ने साइकिल चलाई। इस अवसर पर मंत्री सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में खेलों के इकोसिस्टम को सशक्त बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

## तालकटोरा गोल चक्कर पर बनेगा 27 मीटर ऊँचा 'घंटा-घर' : कुलजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- ग्रेनाइट, स्टील रेलिंग और संगमरमर से की जाएगी सजावट
- करीब सवा एक करोड़ की आएगी लागत



नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) तालकटोरा गोल चक्कर पर एक भव्य घंटा-घर का निर्माण करेगी। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को दिल्ली शहरी कला आयोग से स्वीकृति मिल चुकी है और इसका उद्देश्य लुटियंस दिल्ली में एक विशिष्ट पहचान स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश नगर निगमों के पास अपने प्रतीकात्मक घंटा-घर होते हैं, और अब एनडीएमसी भी ऐसा ही एक भव्य स्थापत्य चिह्न विकसित करने जा रही है। चहल ने बताया कि यह घंटा-घर लगभग 27 मीटर ऊंचा होगा और इसमें 2 मीटर व्यास की घड़ी लगी होगी। यह संरचना अष्टकोणीय डिज़ाइन में होगी, जिसे रिइनफोर्स्ड सीमेंट कंक्रीट से निर्मित किया जाएगा तथा मिट्टी की ईंटों की परत से सजाया जाएगा। इसके चारों ओर ग्रेनाइट, स्टील रेलिंग और संगमरमर की सजावट की जाएगी। परियोजना की अनुमानित लागत करीब सवा एक करोड़ है और निर्माण कार्य दिसंबर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

राज्य छात्रवृत्ति को 400 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर दो हजार प्रतिमाह किया गया

# दिल्ली सरकार ने हथकरघा छात्रों के प्रशिक्षण के लिए बढ़ाई पांच गुना छात्रवृत्ति : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने रविवार को हथकरघा छात्रों के प्रशिक्षण के लिए पांच गुना छात्रवृत्ति बढ़ाने की घोषणा की। इस बात की जानकारी दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने रविवार को दी। मंत्री सिरसा ने कहा कि पारंपरिक हैंडलूम के क्षेत्र में युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक प्रमुख नीति प्रस्ताव में, दिल्ली सरकार ने 'हथकरघा संवर्धन' योजना के तहत इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हैंडलूम टेक्नोलॉजी (आईआईएचटी),जोधपुर में हथकरघा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता में वृद्धि की सिफारिश की है। प्रस्ताव में छात्र सहायता के दो प्रमुख घटकों में वृद्धि की गई है। एडिशनल स्टेट स्टाइपेंड के तहत पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष के छात्रों के प्रशिक्षण के लिए मौजूदा 400 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 2 हजार रुपए प्रति माह करने का प्रस्ताव है। दूसरे शैक्षिक पुस्तक एवं भ्रमण भत्ता के लिए दूसरे और तीसरे वर्ष के छात्रों के लिए प्रति वर्ष 1 हजार रुपए से बढ़ाकर 5 हजार रुपए प्रति छात्र करने का प्रस्ताव है। वित्तीय सहायता की बढ़ी हुई दरें शैक्षणिक सत्र 2025-26 से लागू होंगी।

### पिछले 15 साल से नहीं बढ़ाई गई वित्तीय सहायता

मंत्री सिरसा ने बताया कि हथकरघा छात्रों के प्रशिक्षण के लिए छात्रवृत्ति राशि पिछले 15 सालों से नहीं बढ़ाई गई। समय के साथ, अध्ययन सामग्री, तकनीकी पुस्तकों और टूर के माध्यम से शैक्षिक प्रदर्शन की लागत में काफी वृद्धि हुई है, जिससे यह वृद्धि आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह हमारे युवाओं और भारतीय हथकरघा की प्राचीन विरासत में एक रणनीतिक निवेश है। यह केवल वित्तीय सहायता में वृद्धि नहीं है, बल्कि हमारे भविष्य के कारीगरों की नींव को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं मंत्री सिरसा ने कहा कि एडिशनल स्टाइपेंड तथा पुस्तक एवं शैक्षणिक भ्रमण भत्तों की दरों में संशोधन के लिए प्रस्तावित वृद्धि जरूरी है क्योंकि वर्तमान दरें अब छात्रों द्वारा वहन की जाने वाली वास्तविक लागतों को प्रतिबिंबित नहीं करतीं।

### इस योजना में रखा गया कुल 10 लाख रुपए का बजट

मंत्री सिरसा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए इस योजना के अंतर्गत कुल 10 लाख रुपए के बजट का प्रावधान किया गया, ताकि संशोधित दरों के अनुरूप व्यय का वहन किया जा सके। यह प्रस्ताव दिल्ली सरकार की भविष्योन्मुखी और समावेशी नीति दृष्टि को दर्शाता है।



## समाज कल्याण मंत्री ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में की जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने रविवार को नई दिल्ली स्थित पंडित पंत मार्ग पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई की। इस जनसुनवाई में आए लोगों ने अपनी समस्याएं, मांगें और सुझाव प्रस्तुत किए। कैबिनेट मंत्री इंद्राज ने समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर मंत्री इंद्राज ने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध निस्तारण ही जनसेवा का मूल उद्देश्य है। सरकार जनसहभागिता और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर चलते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और इसकी नियमित रिपोर्टिंग की जाए, जिससे जनविश्वास और शासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे। समाज कल्याण मंत्री ने जनसुनवाई के दौरान आए हुए लोगों से संवाद करते हुए सरकार की पेंशन और छात्रवृत्ति से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और आगामी पहलों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि यह जनसुनवाई सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में सरकार के निरंतर प्रयासों की दिशा में है।

## खबर संक्षेप

### इमरजेंसी के नाम पर महिला से ढ़ाई लाख ठगे




**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में जालसाज ने भतीजा बनकर इमरजेंसी के नाम पर महिला से ढ़ाई लाख रुपए ठग लिए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में न्यू पालम विहार में रहने वाली प्रोमिला देवी जसवाल ने कहा कि बीती 14 मई की सुबह करीब दस बजे उसके फोन पर कई वाट्सअप कॉल आए। जिसमें कॉलर ने बताया कि वह उसका भतीजा बोल रहा है। उसने बताया कि वह काफी परेशानी में है ।

### अपराधियों ने अपराध न करने की ली शपथ



**गाजियाबाद।** पुलिस द्वारा अपराध रोकथाम और आपराधिक संवेदनशीलता की पहल के तहत रविवार को जिले के सभी थानों में 1886 1886 हिस्ट्रीशीटर अपराधियों को बुलाया गया। अपराध नहीं करने और अपने परिवार का भरण पोषण मेहनत मजदूरी करके करने की शपथ ली। थाना परिसरो में आयोजित गोष्ठी में सभी अपराधी हिस्ट्रीशीटर, पुनः अपराध न करने का वचन लेते हुए शपथ दिलाई गई।

### हथियार उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच ने एक मामले में आरोपी को हथियार उपलब्ध कराने वाले उसके साथी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पहचान गुरुग्राम के खंडेवला गांव निवासी देवेंद्र उर्फ देवा के रूप में हुई है। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है। चार दिसंबर 2024 को फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच ने कालियावास रोड से झज्जर के बाढ़सा गांव निवासी दीपक को पिस्टल व कारतूस के साथ दबोचा। पूछताछ में दीपक ने पिस्टल उपलब्ध कराने वाले के बारे में पुलिस को बताया था।

### कार को पीछे से दूसरी गाड़ी ने मारी टक्कर



**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 थाना क्षेत्र में कादीपुर गांव में रेडलाइट सिग्नल पर एक कार को पीछे से दूसरी गाड़ी ने टक्कर मार दी। जब चालक ने टक्कर मारने वाले चालक को टोका तो वह गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित चालक ने पुलिस थाना में मामला दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में हीरानगर निवासी नितिन शर्मा ने बताया कि अदालत में वकालत करता है। 30 मई की शाम वह पर अपनी कार में होंडा चौक से सेक्टर-10 की ओर आ रहा था। जब वे कादीपुर गांव के रेडलाइट सिग्नल पर पहुंचे तो पीछे से आई एक गाड़ी ने उनकी कार को दांयी तरफ टक्कर मार दी।

## स्वच्छता पखवाड़े की शपथ ग्रहण कार्यक्रम के साथ की शुरुआत

# महापौर जोशी ने कहा-फरीदाबाद को इंदौर जैसे शहर की तरह स्वच्छ बनाने में सभी अधिकारी और कर्मचारी करें सहयोग

**1 जून से 21 तक चलेगा स्वच्छता पखवाड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद की महापौर प्रवीण जोशी ने स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत रविवार को निगम मुख्यालय के क्रॉन्फेंस हॉल में आयोजित शपथ कार्यक्रम में मुख्यातिथि पहुंची और सभी अधिकारी, पार्षदों और कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई।

इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि वह इस स्वच्छता पखवाड़े को सफल बनाने के साथ-साथ पूरे फरीदाबाद शहर को इंदौर जैसा स्वच्छ शहर बनाने में मदद करें, क्योंकि यह फरीदाबाद शहर अपना शहर है और अपने शहर को स्वच्छ बनाने का हमारा दायित्व है। रविवार 1 जून से स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नगर निगम के सभी



जोन में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर जॉइंट कमिश्नर द्विजा ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 जून तक हर रोज स्वच्छता और पर्यावरण को शुद्ध रखने के संदेश देते हुए कार्यक्रम चलेंगे। जिसमें कूड़े के पृथक्करण, कूड़ा निस्तारण के साथ-साथ प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध जैसे किस तरीके से घरों को जीरो वेस्ट घर बनाया जाए आदि विषयों पर नगर निगम की तरफ से कार्यक्रम किए जाएंगे और इस स्वच्छता पखवाड़े में शामिल होने वाले स्कूली बच्चों के साथ-साथ सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से नगर निगम स्वच्छता पखवाड़े को सफल बनाया जाएगा। अधिकारी अपने-अपने जोन में कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे इस कार्यक्रम के लिए अलग अलग जगहों पर अधिकारियों की ड्यूटी सरकार के आदेशों के तहत लगाई गई है। अधिकारी अपने-अपने जोन में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे और निगरानी रखेंगे।

## आईपा का सरकारी शिक्षा बचाओ अभियान जारी

# फरीदाबाद: चार स्कूलों में जाकर सुविधाओं की कमी की ली जानकारी, मिली तमाम खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन (आईपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ एडवोकेट अशोक अग्रवाल व हरियाणा अभिभावक एकता मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने सरकारी शिक्षा बचाओ अभियान के तहत शनिवार को खेड़ीकलां, सेक्टर 9 के प्राइमरी स्कूल व इंदिरा कॉलोनी के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जाकर स्कूल की बिल्डिंग व कमरों की स्थिति व अन्य सुविधाओं की कमी की जानकारी ली। जांच के बाद पता चला कि खेड़ीकलां के दो प्राइमरी स्कूल गर्ल्स व बाल में कमरों की काफी कमी है। खेड़ीकलां के मौजिज समाजसेवी सतपाल नरवत ने अशोक अग्रवाल को जानकारी दी कि गांव में दो गर्ल्स व बाल प्राइमरी स्कूल हैं। जिनके कमरे 30 साल पहले बने हुए हैं जो इस समय जर्जर हालात में हैं। ज्यादा कंडम होने के कारण कई कमरों को चार साल पहले तोड़ दिया गया है, लेकिन उनकी जगह नए कमरों का निर्माण नहीं कराया गया है। कमरों की काफी कमी है जिसकी वजह से एक कमरे में दो-दो क्लास को पढ़ाया जा रहा है या बरामदे में क्लास लगाई जा रही हैं। स्कूल हैड ने बताया कि कमरों की कमी दूर करने के लिए कई बार शिक्षा विभाग को पत्र लिखा गया है लेकिन कोई भी उचित कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है। अशोक अग्रवाल ने आश्वासन दिया है कि वह इस समस्या का समाधान पहले सरकार के माध्यम से पूरा कराएंगे, जरूरी हुआ तो हाई कोर्ट से कराएंगे। सेक्टर 9 का प्राइमरी स्कूल जिसमें इस समय 171 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं 2 एकड़ जमीन में बना हुआ है जबकि नजदीक का सेक्टर 10 का सीनियर सेकेंडरी स्कूल जिसमें 500 से ज्यादा बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं सिर्फ आधा एकड़ जमीन में बना हुआ है।

**खास बातें**

- कमरों की कमी के कारण एक ही कमरे में चल रही हैं दो क्लास
- ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में कमरों की स्थिति कंडम व जर्जर
- सिर्फ आधा एकड़ जमीन में 500 से अधिक बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं



**बच्चे आज भी जान हथेली पर रखकर कर रहे पढ़ाई**

*अशोक अग्रवाल ने शिक्षा विभाग की इस लापरवाही पर हैरानी व्यक्त करते हुए सरकार से मांग की है कि सेक्टर 9 के प्राइमरी स्कूल की 2 एकड़ जमीन पर सीनियर सेकेंडरी स्तर की नई आधुनिक बहु मंजिला बिल्डिंग बनाई जाए। अशोक अग्रवाल ने इंदिरा नगर स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी जाकर वहां की सुविधाओं की जानकारी ली। यह स्कूल ऊपर हाई वोल्टेज बिजली की तार व नीचे गंदे नाले की जमीन इन दोनों के बीच में बना हुआ है। अशोक अग्रवाल ने कहा है कि इस स्कूल को यहां से हटाकर किसी और जगह शिफ्ट करने का आश्वासन मुख्य सचिव हरियाणा ने एक एफिडेविट के माध्यम से पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट को दिया था लेकिन आज तक इस स्कूल को यहां से शिफ्ट नहीं किया गया है बच्चे आज भी जान हथेली पर रखकर पढ़ाई कर रहे हैं। आईपा हाईकोर्ट में सरकार के खिलाफ अवमानना का केस दायर करेगी। हरियाणा अभिभावक एकता मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि सरकार हर वर्ष शिक्षा बजट में ईजाफा करके सरकारी स्कूलों में सुधार करने का दावा करती है लेकिन जब सरकारी स्कूलों खासकर ग्रामीण क्षेत्र में जाकर सरकारी दावे की परख की जाती है तो सरकार के दावे कहीं भी सही दिखाई नहीं देते हैं। सांसद, विधायक, पार्षद, उपायुक्त व अन्य अधिकारी सरकारी स्कूलों में तो जाते नहीं है जबकि प्राइवेट स्कूलों में जाकर मुख्य स्थिति बनते हैं।*

**प्रत्येक जिले में जाकर स्कूलों की दशा व उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जाना**

यहां बता दें कि अशोक अग्रवाल सरकारी शिक्षा बचाओ अभियान के तहत हरियाणा के प्रत्येक जिले में जाकर सरकारी स्कूलों की दशा व उनमें उपलब्ध सुविधाओं स्कूल की बिल्डिंग आदि की जानकारी प्राप्त करके उसको पहले सरकार की जानकारी में लाकर उचित कार्रवाई करने को कहते हैं। अगर सरकार कोई उचित कार्रवाई नहीं करती है तो पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट में जनहित याचिका डालकर सरकारी स्कूलों में बेहतर सुविधाएं, नई स्कूल बिल्डिंग बनवाने, शिक्षकों की कमी को दूर करने का प्रयास करते हैं। इससे पहले आईपा के बैनर तले पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में दो जनहित याचिका डालकर फरीदाबाद के सरकारी स्कूल अनंगपुर, मोहना, तिगांव, गोछी, दयालपुर, फरीदपुर, प्रेसकॉलोनी, बड़खल गांव व पलवल के सल्लागढ़, केंट, धतीर, बघोला, बामनीखेड़ा के स्कूल का कायाकल्प हो चुका है।

**अपील-फर्जी वेबसाइटों से सावधान**

## चारधाम यात्रा में ऑनलाइन हैली सेवा बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी, रहें सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उत्तराखण्ड राज्य में दिनांक 30.04.2025 से चारधाम यात्रा-2025 प्रारंभ हो गई है। जिसमें विभिन्न प्रदेशों से श्री यमुनोत्री, श्री गंगोत्री, श्री केदारनाथ एव श्री बद्रीनाथ में अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। जिसके लिए श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न वेबसाइटों में हैली सेवाओं की बुकिंग की जा रही है। कदापि श्रद्धालुओं द्वारा चारधाम दर्शन हेतु हैली सेवा की बुकिंग फर्जी वेबसाइटों के माध्यम से किए जाने के प्रकरण संज्ञान में आ रहे हैं श्रद्धालुओं से ऑनलाइन हैली सेवा बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी की जा रही है, श्रद्धालुओं को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ उनकी चारधाम यात्रा भी बाधित हो रही है। इस संबंध में उत्तराखंड राज्य एवं अन्य राज्यों में अभियोग पजीकृत हुए हैं। प्राप्त आकड़ों के अनुसार हिमाचल प्रदेश-17861, उत्तर.प्रदेश-485319, दिल्ली-144060, हरियाणा-105374, पंजाब-41722, चण्डीगड.5530, राजस्थान-240450, गुजरात-275979, मध्यप्रदेश-367043, तमिलनाडु-28442, केरल-6051, तेलांगना-80005, कर्नाटक-97709, आध्रप्रदेश-238313, महाराष्ट्र-495243, उडीसा-73143, पश्चिम बंगाल-103189, आसाम-5878, छतीसगढ़ 87080, झारखंड-50483, त्रिपुरा-1359, बिहार-98891, जम्मू-कश्मीर के 10624 श्रद्धालुओं द्वारा चारधाम यात्रा हेतु पंजीकरण कराया गया है। जिला फरीदाबाद पुलिस फरीदाबाद के सभी श्रद्धालुओं से अपील है की धोखाधड़ी से सावधान रहें ।

## फरीदाबाद: अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा सेक्टर 65 के टीम ने अवैध हथियार रखने वालों पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी गिरफ्तार कर एक देसी पिस्तौल बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 मई को अपराध शाखा सेक्टर 65 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए सुमित कसाना निवासी कच्चा खेड़ी रोड इंदिरा कंपलेक्स भारत कॉलोनी फरीदाबाद को सेक्टर 79 क्षेत्र से एक देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। जिसके विरुद्ध थाना बीपीटीपी में शस्त्र अधिनियम की धारा में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि वह हवाबाजी के लिए अवैध हथियार को गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से 6000 में लेकर आया था। आरोपी पर पूर्व में भी लूट, छीनाझपटी शराब तस्करी के मामले दर्ज हैं, जिसको माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

## मेविशा फाउंडेशन द्वारा सुंदरकांड एवं भजन संध्या का आयोजन

**आयोजन को सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत बताया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मेविशा फाउंडेशन द्वारा सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्रीराम कॉलोनी, सेक्टर 86, फरीदाबाद स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में ऐसे आयोजनों को समाज में सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का स्त्रोत बताया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान प्रदेश मंत्री नागेन्द्र प्रताप तोमर भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मेविशा




फाउंडेशन समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ. विक्रांत सिंघल, निदेशक, मेविशा फाउंडेशन द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि मेविशा फाउंडेशन ना केवल सामाजिक सेवा बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की भारी भागीदारी रही, जिसमें सभी ने श्रद्धा और भक्ति के साथ सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या का आनंद लिया। आयोजन के अंत में प्रसाद वितरण भी किया गया।

### बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन फरीदाबाद के आरएस दहिया सरंक्षक बने

**फरीदाबाद।** हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा फरीदाबाद ईकाई की कार्यकारिणी का गठन किया गया। वर्ष 2025 से 2028 के लिए समिति में सर्वश्री आर. एस. दहिया को संरक्षक, एस. के. माथुर को वरिष्ठ उप प्रधान, किशन चंद मुंजाल, महेंद्र सिंह को उप प्रधान, सुभाष चंद त्यागी को अतिरिक्त सचिव, राम कुमार को संयुक्त सचिव, उमेश सेठी को अतिरिक्त वित सचिव व श्याम प्रकाश शर्मा को लेखा निरीक्षक बनाया गया। बी. के. गांधी को मुख्य सलाहकार, वासुदेव कोहली को उप मुख्य सलाहकार व आर पी शर्मा, आई पी सिंघला,. आर.अल नागपाल, वीएस भाटी, त्रिलोक चंद शर्मा, इंद्र सिंह शर्मा को सलाहकार नियुक्त किया गया। श्री राम निवास, आर सी जैन, चेतराम, रतन लाल शर्मा, कुलदीप शर्मा, ओम प्रकाश अग्रवाल, सुभाष चंद शर्मा, जगमाल सिंह, आजाद शर्मा व वजीर सिंह आदि।

## गाजियाबाद: देहव्यापार के अड्डे पर पुलिस का छापा, तीन पुरुष व संचालिका गिरफ्तार

***3 महिलाओं को रेस्क्यू किया, मोबाइल फोन व आपत्ति जनक सामग्री बरामद***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सहायक पुलिस आयुक्त, शालीमार गार्डन व थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने रविवार को सर्च एंव रेस्क्यू अभियान में विक्रम इन्कलेव के एक घर में छापा मारकर देहव्यापार का खुलासा किया है।

पुलिस ने इस करवाई में देह व्यापार में लिप्त तीन पुरुषों व एक महिला को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 03 मोबाइल फोन व आपत्तिजनक साम्रगी बरामद हुई है। पुलिस ने तीन महिलाओं को भी रेस्क्यू किया है। पकड़ी गई महिला मकान की मालकिन है, जिसमें महिला पीड़ित महिलाओं को बहला फुसलाकर देह व्यापार में अच्छा लाभ कमाने का लालच देकर ग्राहकों को स्वंय संपर्क कर तथा उनकी आपत्तिजनक फोटों व वीडियों बनाकर व उन्हें वायरल



करने की धमकी देकर देह व्यापार कराती थी ।

डीसीनमपी निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर सहायक पुलिस आयुक्त, शालीमार गार्डन ने पुलिस फ़ोर्स के साथ प्लांट सी - 03 विक्रम इन्कलेव थाना शालीमार गार्डन में छापा मारा। जहां पर ग्राउंड फ्लोर पर देह व्यापार का अनैतिक कार्य किया जा रहा था।। छापे के दौरान ग्राउंड फ्लोर पर देह व्यापार कराए के आरोप में हनी ठाकुर निवासी इन्द्रप्रस्थ कालोनी टीला शहबाजपुर निवासी सोनिया विहार तथा मिन्टू पुत्र निवासी ग्राम नायन पोस्ट थनवास तहसील नांगल चौधरी थाना नांगल चौधरी जनपद महेन्द्रगढ़, तथा एक महिला को गिरफ्तार किया गया।

**41 हजार बरामद, 144 शिकायतों का किया निस्तारण**

## फरीदाबाद साइबर पुलिस ने एक सप्ताह में 26 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के दिशा निर्देश में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थाना की टीमों द्वारा साइबर अपराधियों पर कारगर कार्रवाई कर एक सप्ताह में 26 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 से 30 मई तक साइबर पुलिस की टीमों ने 8 मुकदमों को सुलझाते हुए 26 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना सेंट्रल का 3, एनआईटी 02 व साइबर थाना बल्लभगढ़ के 03 मामले शामिल हैं। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने कार्रवाई करते हुए 40,90,500 रुपए बरामद किए हैं। 144 शिकायतों का निस्तारण किया है तथा 3, 76, 734 रूपए बैंक खातों में ब्लॉक कराए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में विशाल गिरी, प्रिंस चौधरी, हिमांशु शर्मा,



विशाल निरंकारी, लक्ष्मण, हेमंत जैन, सुमित कुमार, विवेक कुमार मिश्रा, विक्की सिंह चौहान, राकेश कुमार, सुशांत, रितिन दिलीप, पिंकू यादव, अंकित राजानी, द्रोण कुमार, जयप्रताप, राकेश, आदित्य जनागल, साहिल वर्मा, गौतम कुमार, वैभव गजानन, अनिल लोहानी, सौरव मीना, विवेक मीणा, नेईम व रामविलास का नाम शामिल है।

## होमगार्ड को गाड़ी के आगे लटका कर ले जाने के मामले में आरोपी चालक गिरफ्तार

***टेंपो जब्तकर, आरोपी को जेल भेजा***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

वाहन चेकिंग के दौरान सरकारी काम में बांधा पहुंचाने व होम गार्ड को गाड़ी के आगे लटकाकर ले जाने के मामले के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर टैम्पों को जब्त कर लिया है।

होमगार्ड गौरव यातायात पुलिस फरीदाबाद ने पुलिस चौकी बस स्टैंड बल्लभगढ़ में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 31 मई को ट्रैफिक पुलिस की टीम के साथ बल्लभगढ़ हाईवे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे, तभी सोहना टी पॉइंट के पास एक छोटा हाथी टेंपो गाड़ी का डाला पीछे से खुला हुआ था।

जिसको रुकवाया और जब गाड़ी के कागज दिखाने को कहा तो चालक ने एकदम लापरवाही से गाड़ी को चलकर उसको टक्कर मारी,जिससे वह उछलकर गाड़ी के आगे लटक गया और गाड़ी चालक उसे लटके लटके 1 किलोमीटर से अधिक दूरी तक ले गया। जिस शिकायत पर थाना शहर बल्लभगढ़ में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।



पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस चौकी बस स्टैंड बल्लभगढ़ ने कार्रवाही करते हुए कुंदन निवासी गांव तहदिया थाना बडहिया बिहार हाल तिरखा कॉलोनी बल्लभगढ़ को गिरफ्तार कर टेंपो जब्त कर लिया है। आरोपी को माननीय आध्यात्मिक पेश कर जेल भेजा गया है।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-1 थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। दरअसल, झारखंड निवासी नैमन झा बीते शनिवार की रात करीब 1.45 बजे ढाबे पर काम करके पैदल ही नाथूपुर में किराए के कमरे पर जा रहा था। जब वह द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचा तो पीछे से एक अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी। नैमन झा को गंभीर चोटें लगने के कारण उसकी मौत हो गई थी। जांच अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सडक़ पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सोमवार को गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के कार्यालय में जाकर देखी जाएगी। फुटेज में देखा जाएगा कि उसकी किसी वाहन ने नैमन झा को टक्कर मारी थी।

## दो युवतियों ने इंवेस्टमेंट कराकर युवक से पांच लाख रुपए ठगे

**पुलिस ने केस दर्जकर छानबीन शुरू की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में दो युवतियों ने इंवेस्टमेंट में भारी मुनाफे का प्रलोभन देकर एक युवक से पांच लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में अशोक विहार फेज-3 में रहने वाले अमन वर्मा ने बताया कि 17 मई को सारिका और मुस्कान नाम की लड़कियों का उसके पास टेलीग्राम पर संपर्क हुआ।

इसके बाद उसे विक्रम राठौर नामक के साथ ग्रुप में जोड़ा गया। सारिका और विक्रम टेलीग्राम पर टास्क देते थे। शुरुआत में अमन से कम रुपए का निवेश कराया गया। ग्रुप में अन्य सदस्य अच्छा रिटर्न मिलने का दावा कर रहे थे। जिस पर दोनों युवतियों ने अमन को भी इंवेस्टमेंट करने के लिए प्रेरित किया और उससे कुल पांच लाख रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करा लिए।

इसके बाद जब अमन ने अपने रुपए निकालने की बात कही तो ऐप में उसकी राशि को फ्रीज कर दिया गया। अमन से उसकी फ्रीज की गई राशि को निकालने के लिए दस लाख रुपए की और डिमांड की गई। अमन को समझ में आ गया कि उसके साथ ठगी हो गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

# अपने पूरे परिवार के साथ विराजेंगे राजाराम,3 जून से शुरू होगा कार्यक्रम

अयोध्या में राम मंदिर के पहले तल पर राजा राम के दरबार की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके लिए सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इसके साथ ही सात देव विग्रहों की भी स्थापना होगी।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम बालक राम के रूप में स्थापित किए गए थे। अब दूसरी प्राण प्रतिष्ठा में भगवान राम राजा के रूप में स्थापित किए जाएंगे। राम मंदिर के पहले तल पर राजाराम का दरबार होगा। इस दरबार में भगवान राम उनके अनुज लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, माता जानकी और सेवक हनुमान होंगे। पांच जून को अयोध्या में पूरी तरह से बन कर तैयार राम मंदिर के दूसरे प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अयोध्या पहुंच रहे श्रद्धालुओ में भी भारी उत्साह है। रामलला के दर्शन करने के बाद राजा राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालु उत्साहित हैं। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के बारे में एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि रामनगरी फुलप्रूफ सुरक्षा के लिहाज से परिपूर्ण है। जो भी कार्यक्रम स्थल हैं, वहां पर अतिरिक्त सुरक्षा बल लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही जो श्रद्धालु अयोध्या में दर्शन करने आ रहे हैं, उनको भी कोई दिक्कत न होने पाए, इसका भी ख्याल रखा जा रहा है।

## राम मंदिर में दूसरी बार होगी प्राण प्रतिष्ठा

### उप मंदिरों में सात देव विग्रहों की होगी प्राण प्रतिष्ठा




राजा राम के साथ सात अन्य उप मंदिरों में भी स्थापित मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसमें परकोटा के ईशान कोण पर शिवलिंग, अग्नि कोण में प्रथम पूज्य श्रीगणेश, दक्षिणी भुजा के मध्य में महाबली हनुमान, नैरित्र कोण में प्रत्यक्ष देवता सूर्य, वायव्य कोण में मां भगवती, उत्तरी भुजा के मध्य में अन्नपूर्णा माता के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके साथ ही मुख्य मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार और परकोटा के दक्षिणी पश्चिमी कोने में शेषावतार प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

### इस बार अयोध्या के प्रकांड पंडितों ने निकाला है मुहूर्त

22 जनवरी 2024 को भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त काशी के विद्वान पंडितों निकाला था लेकिन इस बार जो प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, इसका मुहूर्त अयोध्या के विद्वानों ने ही निकाला है। अयोध्या के प्रख्यात आचार्य पंडित प्रदीप शर्मा, आचार्य राकेश तिवारी और आचार्य रघुनाथ दास शास्त्री ने प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकाला है। पांच जून को गंगा दशहरा भी है। माना जाता है कि गंगा दशहरा से ही द्वापर युग की शुरुआत होती है। इसी दिन रामेश्वरम की स्थापना भी हुई थी।

## खबर संक्षेप

### पदभार ग्रहण के बाद सीएम से मिले नए डीजीपी

**लखनऊ।** नए डीजीपी राजीव कृष्णा कार्यभार संभालने के बाद सीएम से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने एक्स पर



लिखा कि यूपी पुलिस का नेतृत्व करने का महत्वपूर्ण दायित्व मुझे सौंपने के लिए मैं मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उनके मार्गदर्शन व आशीर्वाद से मैं राज्य सरकार की प्राथमिकताओं - अपराध, भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस, उत्कृष्ट कानून-व्यवस्था - को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

### कोरोना पॉजिटिव 22 साल के युवक की मौत

**बिजनौर।** यहां स्योहारा क्षेत्र के एक गांव में 22 वर्षीय युवक की एम्स ऋषिकेश में मृत्यु हो गई।



युवक कोविड पाजिटिव पाया गया था। युवक को अन्य बीमारियां भी थीं। सीएमओ डॉ.. कौशलेन्द्र सिंह ने बताया, ऋषिकेश एम्स में भर्ती जिस युवक की मौत हुई है, वह बिजनौर के स्योहारा क्षेत्र का रहने वाला था। शुगर बढ़ने व किडनी की गंभीर परेशानी के चलते उसे एम्स में भर्ती कराया गया था।

### 8 दिन रद्द रहेंगी झारखंड की आठ ट्रेनें

**रांची।** झारखंड की 8 ट्रेनों को 8 दिनों के लिए रद्द रहेगी। चक्रधरपुर रेल मंडल के गम्हरिया स्टेशन के



बीच टीआरटी कार्य के कारण राउरकेला और टाटानगर के बीच यात्रियों के लिए मुश्किल भरा सफर साबित हो रहा है। प्रत्येक बुधवार और शनिवार को लिए जा रहे लाइन ब्लॉक के क्रम में चार जोड़ी ट्रेनें रद्द रहीं जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में गरजे सीएम योगी

# भारत सहता नहीं, आतंक के अड्डों में घुसकर जवाब देता है ,ऑपरेशन सिंदूर का किया जिक्र

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जन्म जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया है।

एजेंसी ▶▶ आगरा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को आगरा दौरे पर पहुंचे। योगी आदित्यनाथ ने आगरा में अहिल्याबाई होलकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया है। सीएम योगी ने कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चर्चा करते हुए पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया है।

आगरा दौरे पर पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने मंच से कहा, भारतीय सेना एयर स्ट्राइक करती है। पाकिस्तान आतंकी पालता है और भारत घुसकर मारता है। भारतीय सेना सर्जिकल स्ट्राइक करती है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के एयरबेस को भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर में खत्म कर दिया और पाकिस्तानी सेना झुक गई। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म जयंती पर पर सीएम योगी ने कहा कि अहिल्याबाई महारानी मालवा साम्राज्य की थी जिसका क्षेत्रफल मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ अंचलों में था। सीएम ने कहा कि आज से 250 साल पहले आक्रांताओं ने जिन पवित्र मंदिरों नष्ट कर दिया था उन मंदिर की पुनः स्थापना का काम आहिल्याबाई ने किया था।

### खास बातें

- योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय के साथ शुरू किया संबोधन
- सीएम ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का आभार जताया

### डबल इंजन की सरकार कर रही काम



सीएम ने कहा, कि अहिल्याबाई ने शिल्पियों, महिलाओं किसानों और भारत की विरासत को बचाने के लिए जो काम किया वो अविस्मरणीय है। उन्होंने इसके लिए राजकोष के बजाय अपने पैसे से मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया था। डबल इंजन की सरकार महिला कल्याण को लखपति दीदी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुरक्षा स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र, मन्दिर के जीर्णोद्धार के काम उसी श्रंखला की कड़ी हैं जो आज की आवश्यकता हैं। सीएम योगी ने कहा कि, उत्तर प्रदेश के अंदर एक वे लोग थे जो प्रदेश के अंदर माफियाओं को पालते थे। कानून व्यवस्था के लिए संकट खड़ा करते थे। सीएम योगी ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार औरैया के मेडिकल कॉलेज का नामकरण लोकमाता आहिल्याबाई के नाम पर करती है।

### केंद्रीय मंत्री प्रो. बघेल ने की अतिथियों का स्वागत

*इस समारोह में भारत के उपराष्ट्र पति जगदीप धनखड़, महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति श्रीराम शिंदे, सांसद वीके पार्थसारथी, वाचस्पति नागराजू, गोवा के पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रकांत केवलकर, हरियाणा के राज्यपाल बंगारू दत्तात्रेय समेत देश भर की कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरि सिंह बघेल ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में इसके आयोजक केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।*

## एलजीपी ने संसदीय बोर्ड का बड़ा फैसला!

# बिहार विधानसभा चुनाव में उतरेंगे केंद्रीय मंत्री चिराग



एजेंसी ▶▶ पटना

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ने जा रहे हैं। इस संबंध में रविवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की बैठक हुई थी। बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया था कि चिराग पासवान को विधानसभा चुनाव लड़ाया जाना चाहिए। कार्यकारिणी ने इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास कर दिया।

### 6 महीने के भीतर होना है विस चुनाव

बिहार में 6 महीने के भीतर विधानसभा के चुनाव होने हैं। चिराग पासवान पिछले कुछ महीनों में मीडिया के साथ चर्चा में इस बात को साफ कर चुके हैं कि बिहार उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान 'बिहार फर्स्ट-बिहारी फर्स्ट' का नारा दिया था। तब से वह लगातार इस नारे को दोहराते हैं।

### कार्यकारिणी ने प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास किया

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ने जा रहे हैं। इस संबंध में रविवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की बैठक हुई थी। बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया था कि चिराग पासवान को विधानसभा चुनाव लड़ाया जाना चाहिए। कार्यकारिणी ने इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास कर दिया।

### पिछले चुनाव में नीतीश का किया था विरोध

चिराग पासवान के विधानसभा चुनाव लड़ने से बिहार की राजनीति के समीकरण बदल सकते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था लेकिन इस बार वह एनडीए के साथ मिलकर ही चुनाव लड़ना चाहते हैं। चिराग पासवान दलित समुदाय से आते हैं।

## पेज एक का शेष

### ट्रकों में ड्रोन और एक बटन...

सेवा (एसबीयू) ने रूस के चार अलग-अलग एयरबेस पर हमला किया है, जिसमें 41 भारी रूसी बॉम्बर्स विमानों को निशाना बनाया गया। यूक्रेन की मीडिया ने सुरक्षा सेवा के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऑपरेशन का नाम वेब रखा गया था और इस योजना को बनाने में डेढ़ साल का समय लगा। इस ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए यूक्रेन ने फर्स्ट-पर्सन-व्यू (एफपीवी) ड्रोन का इस्तेमाल किया, जिन्हें ट्रकों में बने लकड़ी के मोबाइल केबिन्स में छिपा कर रूस के अंदर भेजा गया था। रिपोर्ट में बताया गया है, जब सही समय आया, तो उन केबिन्स की छतें रिमोट से खोली गईं और ड्रोन सीधे रूसी बॉम्बर्स विमानों को निशाना बनाने के लिए उड़ गए। एसबीयू के मुताबिक, ड्रोन हमलों में तबाह हुए रूस के ए-50, टीयू-95 और टीयू-22 एम3 जैसे प्रमुख बॉम्बर्स विमान शामिल हैं, जो अक्सर यूक्रेनी शहरों पर मिसाइलें दागते हैं। हमले से हुए नुकसान की पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन एसबीयू द्वारा साझा किए गए वीडियो में एक एयरबेस पर कई बॉम्बर्स विमानों को जलते हुए देखा जा सकता है।

**अरबों डॉलर का पहुंचाया नुकसान :** मसलन, यूक्रेनी हमले कम लागत में बड़ा असर डालने वाला माना जा रहा है। एफपीवी ड्रोन की कीमत कुछ सौ डॉलर होती है, जबकि 41 भारी बॉम्बर्स विमानों की कुल कीमत अरबों डॉलर में आंकी जा रही है। लोकल मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस ऑपरेशन के पीछे जो लोग हैं, वे अब भी यूक्रेन में हैं। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है, अगर पुतिन सरकार किसी को पकड़ती है, तो वो सिर्फ अपने देश की जनता को दिखाने के लिए एक नाटक होगा। इस पूरे ऑपरेशन की निगरानी यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की और एसबीयू प्रमुख वासिल मल्युक ने खुद की थी। गौरतलब है कि, मार्च में यूक्रेन ने 3000 किलोमीटर की रेंज वाला एक नया ड्रोन बनाने का ऐलान किया था, लेकिन इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई थी। एसबीयू का कहना है कि उनके ड्रोन उन विमानों पर निशाना साध रहे हैं, जो हर रात यूक्रेनी शहरों पर बम गिराते हैं। इस ऑपरेशन से यह साफ हो गया है कि ड्रोन वॉरफेयर का तरीका तेजी से बदल रहा है, और यूक्रेन अब रूस के भीतर तक हमला करने की क्षमता रखता है।

### ट्रक में तैनात किया ...

*नहीं पहुंच सकते, लेकिन इस ऑपरेशन ने डिस्टेंस के उस शील्ड को भी तोड़ दिया और एक ही झटके में रूस को बड़ा नुकसान पहुंचाया।*

### बंगाल को दुराचार का...

भारत का नेतृत्व किया, लेकिन उसी बंगाल में कई वर्षों तक कम्युनिस्टों का शासन रहा और दीदी सत्ता में आईं। बंग भूमि को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, स्त्रियों पर अत्याचार, अपराध का अड्डा बना दिया। बम धमाकों और हिंदुओं के साथ दुराचार का केंद्र बनाकर रख दिया है।

### यूपीए में 2 लाख करोड़...

भेजे हैं। ये पैसा कहां गया? शाह ने कार्यकर्ताओं से पूछा कि क्या आपके गांव में कोई पैसा पहुंचा है? पैसा गया कहां? टीएमसी की सिंडिकेट के भेंट चढ़ गया है। उन्होंने ये भी संकेत दिए कि **BJP** जल्द ही 8.37 लाख करोड़ रुपए के कामों की लिस्ट जारी करेगी.

### इंडिगो, डेल्टा, एयर फ्रांस-केएलएम...

भारत के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू करने की तैयारी में है।

एप से बुक कर पाएंगे अमेरिका की टिकट : अब यात्री इंडिगो की वेबसाइट या ऐप से ही यूरोप और अमेरिका के लिए टिकट बुक कर सकेंगे। वहीं समान चेक-इन, बोर्डिंग और लगेज की सुविधा मिलेगी, भले ही सफर में दो या तीन एयरलाइनों की फ्लाइट हो। कनेक्टिंग टाइम कम होगा, यानी दूसरी फ्लाइट पकड़ने में आसानी होगी।

**साझेदारी से होंगे कई फायदे :** इस साझेदारी का मतलब है कि अब भारत से अमेरिका, कनाडा और यूरोप के कई शहरों के लिए सफर करना ज्यादा आसान और सुविधाजनक होगा। बता दें कि, अब यात्रियों को एक ही टिकट से भारत के किसी भी शहर से यूरोप या अमेरिका तक सफर करने की सुविधा मिल सकती है। वहीं चारों एयरलाइनों के नेटवर्क मिलाकर अब दर्जनों शहर एक-दूसरे से जुड़ेंगे। जबकि यात्रियों को ट्रांजिट के समय में आसानी होगी और लगेज ट्रांसफर भी आसान हो जाएगा। वहीं टिकट बुकिंग, चेक-इन और फ्लाइट अनुभव को एक जैसा और बेहतर बनाने की कोशिश होगी।

### इंडिगो की बड़ी अंतरराष्ट्रीय ...

*इंडिगो पहले से ही एयर फ्रांस-केएलएम और वर्जिन अटलांटिक के साथ 2022 से साझेदारी में है, लेकिन अब इस साझेदारी में अमेरिका की डेल्टा एयरलाइंस भी शामिल हो गई है, जिससे इसकी ताकत और बढ़ गई है।*

### कमर्शियल एलपीजी...

पहले अप्रैल में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत घटाकर 1,762 कर दी गई थी। फरवरी में भी कीमतों में 7 की कटौती की गई थी। लेकिन मार्च 2025 में कीमतों में फिर से 6 की बढ़ोतरी की गई। कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के सस्ता होने से रेस्तरां, होटल और अन्य छोटे व्यवसायियों के लिए राहत भरी खबर है, जो अपने व्यवसाय के संचालन के लिए एलपीजी पर बहुत अधिक निर्भर हैं। हालांकि, भारत में एलपीजी का लगभग 90 प्रतिशत खपत घरेलू खाना बनाने में होती है, जबकि शेष 10 प्रतिशत का उपयोग इंडस्ट्रियल, कमर्शियल और ऑटोमोटिव सेक्टर में होता है।

### मई के महीने में...

2025 में जीएसटी संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपए रहा था। जीएसटी संग्रह में राज्यों के बीच काफी अंतर देखा गया है। इसका मुख्य कारण राज्यों की आर्थिक गतिविधियों में विविधता और कई सेक्टरों का योगदान हो सकता है। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों में 17% से 25% तक की बढ़ोतरी हुई। वहीं, गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे अन्य बड़े राज्यों में यह बढ़ोतरी सिर्फ छह फीसदी तक सीमित रही। मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान जैसे राज्यों में करीब 10% की औसत बढ़ोतरी हुई।

### 45 लाख मांगे थे घुस, 25...

स्थिति में उत्पीड़न की धमकी भी दी गई थी। सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी निजी व्यक्ति को मोहाली में लोक सेवक के आवास पर आरोपी लोक सेवक की ओर से शिकायतकर्ता से 25 लाख रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी लोक सेवक को भी नई दिल्ली के वसंत कुंज स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया गया। बाद में, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। सीबीआई द्वारा दिल्ली, पंजाब और मुंबई में कई स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। मामले में जांच जारी है।

### कानून व्यवस्था पर...

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, कांग्रेस पार्टी लगातार बच्ची को एयर लिफ्ट करके दिल्ली एम्स भेजने की अपील कर रही, लेकिन राज्य की जदयू-भाजपा सरकार ने एक ना सुनी। कल, (31 मई) स्वास्थ्य बिगड़ने पर जब पीड़ित बच्ची को पटना लाया गया, तब पहले पटना एम्स में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी बताकर भर्ती नहीं किया गया। फिर उसे पीएमसीएच लाया गया, जहां उसे भर्ती नहीं किया गया और पीड़िता 5 घंटे तक एंबुलेंस में ही पड़ी रही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, राजेश राम और अन्य वरिष्ठ नेताओं के घंटों प्रयास के बाद उक्त दलित बच्ची को पीएमसीएच में भर्ती कराया जा सका, लेकिन तब तक उसकी स्थिति बेहद नाजुक हो चुकी थी। आज सुबह उक्त बच्ची की इलाज के क्रम में मौत हो गई। बिहार के चप्पे-चप्पे पर बेटियों की चीख-चीत्कार सुनाई दे रही है ! कांग्रेस पार्टी के दोनों प्रवकताओं ने चुनाव वाले राज्य में ऐसी वारदातों से सुबाई सरकार को खबरदार करते हुए कहा, बीते 15 दिनों में समूचे बिहार में नाबालिग बच्चियों के साथ बलात्कार के घृणित कृत्य हुए। घटनाओं के हवाला देते हुए अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाली दोनों महिला प्रवताओं ने बताया, मुजफ्फरपुरः 5वीं कक्षा की छात्रा के साथ बलात्कार और हत्या की कोशिश। बच्ची के शरीर पर 20 से अधिक चाकू के निशान पाए गए और उसका गला रेता गया।

- **छपरा (सारण जिला):** स्कूल से लौटते समय एक छात्रा का अपहरण कर उसके साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की गई।
- **सीतामढ़ी:** बथनाहा थाना क्षेत्र में घास लाने गई नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म।
- **बेतिया (पश्चिम चंपारण):** ढाई साल की बच्ची के साथ बलात्कार का मामला सामने आया।
- **मुंगेर:** धरहरा थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार।
- **अररिया:** 11 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार किया गया।
- **बगहा (बेतिया):** नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया।
- शमा मोहम्मद ने कहा, यहाँ सिर्फ उन प्रकरणों का उल्लेख किया गया है, जिनकी उम्र 2.5 साल से 16 साल के बीच है। इन घटनाओं ने राज्य में महिला बाल सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिहार में रोज 8 हत्याएं, 33 अपहरण और 134 से अधिक जघन्य अपराध घटित हो रहे हैं।

### बोइंग हुआ पुराना...

चलाया जाएगा। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधा रमन दास ने कहा कि पिछले 48 साल से भगवान जगन्नाथ के रथ में बोइंग 747 के पुराने टायरों का इस्तेमाल किया जाता था। लेकिन, साल 2025 में हमने देखा कि अब उन टायरों की स्थिति अच्छी नहीं थी। इसके बाद हमें पता चला कि बोइंग 747 के पुराने टायर उपलब्ध नहीं हैं। तो हम इसके रिप्लेसमेंट ढूंढने लगे।

### रथ के लिए सुखोई ...

किलोमीटर का एक ट्रायल रन भी किया । हमने पहले यह तय नहीं किया था कि हम रथ में किस टायर का इस्तेमाल करेंगे। लेकिन, मौजूद स्थिति को देखते हुए शायद भगवान जगन्नाथ यह संदेश दे रहे हैं कि शांति ही सबसे अच्छा विकल्प है।

### एमआरएफ कंपनी...

लिखा। लेकिन उन्होंने हैरानी जताते हुए हमसे पूछा कि आखिर हमें सुखोई जेट्स के टायर क्यों चाहिए? हमने उनसे कहा कि हमें भगवान जगन्नाथ के रथ के लिए टायर चाहिए। इसके बाद कंपनी ने हमारे दावों की पुष्टि करने के लिए एक सीनियर जनरल मैनेजर को भेजा। इसके बाद अधिकारी स्वयं न्यू टाउन आए और उन्होंने देखा कि वास्तव में रथ में बोइंग 747 के टायर लगे हुए हैं, जिनका निर्माण अब बंद हो चुका है। इसके बाद कंपनी हमें नए सुखोई के टायर देने के लिए राजी हो गई।

## चुनाव से पहले बनेगा आयोग

# एससी कमीशन में चिराग के जीजा व मांझी के दामाद पर आरजेडी नाराज



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की नीतीश सरकार ने एक के बाद एक कई आयोग गठित कर चुनावी दांव खेल दिया है। जिसमें सर्वण, महादलित, एससी और मछुआरा आयोग तक शामिल है। बिहार अनुसूचित जाति आयोग में अध्यक्ष के रूप में मृणाल पासवान और उपाध्यक्ष के पद पर देवेंद्र मांझी को नियुक्त किया है। मृणाल पासवान लोजपा (आर) के अध्यक्ष चिराग पासवान के जीजा हैं तो उपाध्यक्ष देवेंद्र मांझी 'हम' संरक्षक जीतनराम मांझी के दामाद हैं। जिसके बाद अब आरजेडी गर्म हो गई है।

नीतीश सरकार के आयोगों के गठन पर राजद ने सोशल मीडिया पर लिखा कि चुनाव से पहले झुनझुना आयोग भी बनेगा। राजद के फेसबुक पेज लिखा कि लोजपा, हम, जेडीयू और भाजपा ने मिलकर जीजा-साला, ससुर-दामाद, बेटा-भतीजा आयोग का गठन किया! चुनाव से पहले झुनझुना आयोग भी बनाया।

बीते तीन दिनों भीतर नीतीश सरकार ने आयोगों में खाली पड़े पदों को भरा है, साथ ही नए आयोग भी बनाए हैं, जिसमें महादलित और मछुआरा आयोग शामिल है। एनडीए के सहयोगी दल राजद को परिवार की पार्टी बताते आए हैं। ऐसे में अब एक मौका आरजेडी को भी मिल गया है। जिसके चलते अब नीतीश सरकार के कमीशनों को परिवारवादी आयोग करार दे रही है।

## योगी सरकार को घेरा, दिया बड़ा बयान

# उत्तर प्रदेश के नए डीजीपी को मायावती ने गिनाईं चुनौतियां

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



यूपी नए डीजीपी राजीव कृष्ण की नियुक्ति के बाद बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने योगी सरकार पर कानून-व्यवस्था को लेकर तीखा हमला बोला है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने एक्स अकाउंट पर लगातार तीन पोस्ट कर राज्य में बढ़ते अपराध और कानून-व्यवस्था पर चिंता जताई है। उन्होंने नए डीजीपी के सामने अपराध नियंत्रण, कानून का राज स्थापित करने की बड़ी चुनौती बताते हुए सरकार से सक्रिय सहयोग की मांग की है।

इससे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी नए कार्यवाहक डीजीपी को लेकर योगी सरकार पर सवाल उठा चुके हैं और मायावती द्वारा की गई पोस्ट ने योगी सरकार के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है।

मायावती ने एक्स अकाउंट पर पहले पोस्ट में कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में से ख़ासकर यूपी में सामंती व आपराधिक तत्वों का वर्चस्व होने से जातिवादी एवं साम्प्रदायिक द्वेष, हिंसा, अन्याय-अत्याचार तथा लोगों को उजाड़ने आदि की कार्रवाइयों से यह साबित है कि यहां कानून का राज सही से नहीं चल रहा है।

दूसरी पोस्ट में नए डीजीपी राजीव कृष्ण की नियुक्ति का जिक्र करते हुए लिखा कि ऐसे माहौल में यूपी पुलिस के नए प्रमुख के सामने राज्य में अपराध नियंत्रण व कानून का राज स्थापित कर सर्वसमाज के लोगों को उचित राहत पहुंचाने का बड़ा चैलेन्ज। राज्य सरकार व सत्ताधारी दल के लोगों को भी यूपी में कानून का राज स्थापित करने में हर प्रकार का सहयोग व सक्रियता जरूरी।

वहीं तीसरी पोस्ट में मायावती ने यूपी की प्रगति पर सवाल उठाते हुए कहा कि वैसे भी भारत के बहुआयामी विकास व यहां की विशाल आबादी की समग्र उन्नति में यूपी को देश की प्रगति की रीढ़ होना चाहिए।


## पार्टी-परिवार से निकाले जाने के बाद तेज प्रताप यादव ने तोड़ी चुप्पी, कहा-

# मेरे साथ राजनीति करने वाले कुछ जयचंद जैसे लालची लोग, माता-पिता का आदेश सर्वोपरि

एजेंसी ▶▶ पटना

अनुष्का यादव के साथ रिलेशन को लेकर सुर्खियों में आए तेज प्रताप यादव को लालू फैमिली ने छह साल के लिए पार्टी और परिवार से निष्कासित कर दिया। जिसके बाद से ही बिहार की राजनीति गरमाई हुई है। अब इस पूरे मामले को लेकर तेज प्रताप ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है।

तेज प्रताप ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'मेरे प्यारे मम्मी पापा... मेरी सारी दुनिया बस आप दोनों में ही समाई है। भगवान से



बढ़कर है आप और आपका दिया कोई भी आदेश। आप हैं तो सबकुछ है मेरे पास।' तेज प्रताप यादव ने लिखा कि मुझे सिर्फ आपका विश्वास और प्यार चाहिए न कि कुछ और। पापा आप नहीं होते तो न ये पार्टी होती और न मेरे साथ राजनीति करने वाले कुछ जयचंद जैसे लालची लोग. बस मम्मी-पापा आप दोनों स्वस्थ और खुश रहे हमेशा।

### तेज प्रताप पर लालू यादव ने दिया था ये बयान

तेज प्रताप को पार्टी और परिवार से निकालने पर लालू प्रसाद यादव ने कहा था कि निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी।

# नक्सल उन्मूलन के साथ बस्तर में खुलेंगे विकास के रास्ते

# 'समृद्धि का स्वर्ण काल'



छत्तीसगढ़ के दक्षिणी इलाके का वह वन समृद्ध क्षेत्र बस्तर अपनी आदिवासी संस्कृति के लिए पूरी दुनिया में विख्यात है। हरियाली का सौंदर्य, प्रकृति की समृद्धि और खूबसूरत पर्यटन स्थलों से सजा बस्तर नक्सल हिंसा के चलते लंबे समय से विकास से अछूता रहा, लेकिन अब यहां नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। विष्णु देव सरकार की सुनियोजित नीति ने बस्तर की दशा और दिशा दोनों बदल दी है। अब बस्तर सतत विकास पथ पर अग्रसर है। कृषि के साथ-साथ बस्तर में औद्योगिक क्षेत्र में भी एक नई क्रांति साय सरकार लाई है। यहां शिक्षा और युवाओं के कौशल उन्नयन पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे बस्तर के बेहतर भविष्य की सुखद तस्वीरें अब साफ नजर आने लगी हैं। क्षेत्र में अब सुनियोजित रणनीति के साथ समस्या के उन्मूलन पर काम हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार एक तरफ नक्सलवाद के खिलाफ ठोस रणनीति बनाकर एक निश्चित समय अवधि तक इसके संपूर्ण उन्मूलन के लिए काम कर रही है, तो दूसरी तरफ बस्तर में समावेशी विकास के लिए एक विस्तृत रोड मैप पर कार्य चल रहा है। विकास की सुनियोजित रूपरेखा से यहां के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में तेजी से बदलाव दिखने लगे हैं। स्थानीय जन समुदाय के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है और जिंदगी पहले से बेहतर हो रही है। सरकार के प्रयासों को देखते हुए यह लगता है, कि आने वाला समय बस्तर की समृद्धि का स्वर्ण काल होगा।



'बस्तर अब शांति की ओर बढ़ चुका है, अब सरकार का लक्ष्य लोगों को सम्मानजनक आजीविका देना है। सरकार न केवल कौशल विकास पर ध्यान देगी, बल्कि स्थानीय लोगों को स्थानीय संसाधनों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कार्य करेगी। इससे बस्तर का युवा न केवल आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि पूरे देश और दुनिया में अपने हुनर की पहचान बना सकेगा।'

-श्री विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## बस्तर के युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए कौशल उन्नयन



बस्तर के युवाओं को अब तक या तो शहरी पलायन का विकल्प मिलता था या नक्सल संगठनों की ओर से बहकाने वाले रास्ते। विकसित बस्तर परिस्थिति को जड़ से बदलने का प्रयास है। इसमें 90 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और 40 हजार युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। 32 नए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना से यह प्रयास जमीन पर आकार लेता दिख रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नक्सल प्रभावित बस्तर के कांकेर और कोंडागांव जिलों में स्कूली बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत, बच्चों को रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शिक्षा दी जाएगी। यह पहल आदिवासी बच्चों के कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए की गई है।

## तकनीकी कृषि उपकरणों के प्रयोग से आदिवासी किसान उन्नत खेती की ओर अग्रसर



बस्तर की अर्थव्यवस्था का मूल आधार आज भी कृषि और वनों पर आधारित जीवनशैली है। यहां किसानों की आय को दोगुना करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर विशेष जोर है। मोटे अनाज जैसे कोदो, कुटकी और रागी को बढ़ावा देना मिलेट मिशन का हिस्सा है, जो पोषण और आय दोनों में वृद्धि कर सकता है। इसके अलावा, कृषि यांत्रिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए हर ब्लॉक स्तर पर कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। यह कदम छोटे किसानों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने में मदद करेगा। ड्रोन दीदियों की मदद से फसलों पर दवा छिड़काव के साथ-साथ अन्य तकनीकी कृषि उपकरणों के प्रयोग से यहां के प्रगतिशील आदिवासी किसान उन्नत खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

## सांस्कृतिक पहचान से समृद्धि की ओर बस्तर



बस्तर दशहरा की अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान है, जिसे अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने की योजना बनाई गई है। यह न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को वैश्विक पहचान दिलाएगा। बस्तर पर्यटन सर्किट को विकसित करने, तीरथगढ़ जलप्रपात पर पारदर्शी पुल बनाने और स्थानीय युवाओं को पर्यटक गाइड के रूप में प्रशिक्षित करने की योजनाएं रोजगार, निवेश और सांस्कृतिक जागरूकता के तीनों पहलुओं को साधती हैं। बस्तर के धुड़मारास गांव को संयुक्त राष्ट्र संघ की तरफ से सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में मान्यता मिलना इस बात का प्रमाण है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में सरकार द्वारा बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे, कैंपिंग और ईको पर्यटन की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

## बस्तर के विकास के लिए रोड मैप तैयार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर के विकास के लिए 19 बिंदुओं पर आधारित योजनाओं की श्रृंखला तैयार की गई है, जिसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को बुनियादी सुविधाओं, उद्योगों और पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित करने का मसौदा तैयार किया गया है। बस्तर को एक नए औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करना, बांस, लघु वनोपज और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के प्रसंस्करण हेतु उद्योग स्थापना, शिक्षा और कौशल विकास के लिए आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों की संख्या में वृद्धि, युवाओं को तकनीकी शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण देना, पर्यटन और सांस्कृतिक विकास के लिए विभिन्न कार्यों सहित नई उद्योग नीति के साथ बस्तर में संतुलित औद्योगिक विकास का रास्ता बनाना और नई नक्सली आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति के तहत किए जाने वाले कार्य शामिल हैं।

## स्थानीय उद्यमियों के लिए सुनहरा अवसर




राज्य की नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत बस्तर के स्थानीय युवाओं, महिला उद्यमियों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को उद्यमिता की धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। नई नीति में इस क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जैसे इस्पात उद्योगों को 15 वर्षों तक रॉयल्टी की प्रतिपूर्ति और आत्मसमर्पित नक्सलियों को नौकरी देने वाले संस्थानों को 5 वर्षों तक उनके वेतन का 40% सब्सिडी देना। यह कदम न केवल बस्तर की सामाजिक संरचना को सुदृढ़ करेगा, बल्कि निजी क्षेत्र को भी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देगा।



## नियद नेल्लानार, यानि आपका अच्छा गांव

घोर नक्सल प्रभावित 5 जिलों में सुरक्षाबल के कैम्पों के 5 किलोमीटर की परिधि में 130 गांवों में 16 विभागों की 25 व्यक्तिमूलक योजनाओं और 18 सामुदायिक सुविधाओं का विस्तार। इस योजना का विस्तार अब 10 किलोमीटर तक कर दिया गया है। योजना के अंतर्गत लोगों के आधार, आयुष्मान, राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जा रहे हैं। बड़ी संख्या में लोगों को वन अधिकार पट्टे, प्रधानमंत्री आवास दिए गए हैं। इसी तरह क्षेत्र में मोबाईल टावर, नये प्राथमिक स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र व उपस्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना की जा रही है। बस्तर ओलम्पिक की धूम जहां कभी बंदूक की गोलियां गूंजती थी, वहां बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम की धूम रहा। 1 नवंबर से 15 दिसंबर 2024 तक हुए बस्तर ओलंपिक के ऐतिहासिक आयोजन में एक लाख 65 हजार से ज्यादा प्रतिभागी शामिल हुए। नक्सल पीड़ित, दिव्यांगों और आत्मसमर्पित नक्सलियों की सहभागिता ने बस्तर ओलंपिक के उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया।



## खाता खुलवाना और पैसा निकालना हुआ आसान

नियद नेल्लानार योजनांतर्गत सुकमा जिले के दूरस्थ गांव जो मुख्य शहर से काफ़ी दूर स्थित होते हैं वहाँ बैंक सुविधाओं को पहुंचाना बहुत कठिन कार्य होता है। वर्तमान में शासकीय योजनाओं की राशि भी डीबीटीएल के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के बैंक खाते में अंतरित की जाती है। ऐसे में ग्रामीणों को लेन देन के लिए बैंक तक जाना बहुत मुश्किल होता था। हितग्राहियों से बैंको की दूरी कम करने के लिए जिला पंचायत सुकमा के सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के द्वारा अभिनव पहल किया गया है जिसमें एनआरएलएम बिहान के स्व-सहायता समूह की दीदियों के द्वारा बीसी सखी के रूप में गांव में शिविर लगाकर और घर-घर जाकर बैंकिंग सुविधा प्रदान किया जा रहा है। बीसी सखी के द्वारा ग्रामीणों के बैंक संबंधी सारा काम घर पहुंच उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे ग्रामीणों के बैंक तक आने जाने का समय और पैसा दोनों बच रहा है। अपने घर में ही बैंक सुविधा मिल जाने से ग्रामीण बहुत खुश हैं। बैंक सखियों को भी इस कार्य से आमदनी हो रही है जिससे उन्हें आत्मनिर्भरता की राह मिली है।

### घर पहुंच बैंकिंग सुविधा से ग्रामीण खुश

नियद नेल्लानार योजनांतर्गत गाँव सिलोगेर, एलमागुण्डा, दुलेड़, परिया, दुब्बामरका और सामसट्टी में 6 बीसी सखियों भारती कोरसा, सुष्मिता माडकाम, पोड़ियाम कोइंदे, माडवी राजू, वंजाम जोगी और मीडियाम मनोज के द्वारा नक़द लेन देन संबंधी कार्य सहजता से किया जा रहा है। उनके द्वारा दिसंबर माह में कुल 106 हितग्राहियों को ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से लगभग 67 हज़ार रुपये का भुगतान किया गया। दूरस्थ गांवों में ग्रामीणों के द्वारा बैंकिंग सेवा के माध्यम से पैसा आहरण करना बहुत बड़ी उपलब्धि है। वे अपने खाते से 100, 200 तो कभी 500 रुपये का आहरण कर रहे हैं। घर पहुंच पैसा मिल जाने से ग्रामीण बहुत खुश हैं।

## पहुंचविहीन बोरगुड़ा के 127 लोगों का हुआ निःशुल्क उपचार



स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचविहीन इलाकों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य जांच कर रही है। नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत सुकमा जिले के सभी पहुंचविहीन और जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी प्रकार के स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ दूरस्थ पहुंचविहीन क्षेत्रों में घर-घर दस्तक दे रही है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से गाँवो में अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सुविधाओं व कार्यक्रमों को पहुंचाया जा रहा है।

नियद नेल्लानार योजनांतर्गत चिन्हांकित ग्राम बोरगुड़ा सुकमा विकासखंड के ग्राम पंचायत पोंगाभेज्जी के अंतर्गत वनांचल ग्राम है। यहां स्वास्थ्य विभाग की टीम पगडंडी के सहारे पैदल चलकर पहुंची। यह गांव जिला मुख्यालय से लगभग 45 किमी की दूरी पर स्थित परिया कैम्प क्षेत्र में आता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा पेड़ की छांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा समुदाय के लगभग 45 लोगों का स्वास्थ्य जाँच कर क्षय, मलेरिया, कुष्ठ, मधुमेह और रक्तचाप की स्क्रीनिंग की गई। शिविर के दौरान 10 क्षय रोग के संदिग्ध व्यक्तियों के बलगम का सैंपल लिया गया एवं जाँच के लिए जिला क्षय उन्मूलन केंद्र भेजा गया। इसके साथ ही शिविर में आने वाले लगभग 127 लोगों का स्वास्थ्य जाँच कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर में ग्रामीण स्वास्थ्य जांच कराने बड़ी संख्या में पहुंचे।






### हर नागरिक तक शासन की योजनाओं का पहुंचे लाभ

" हमारा संकल्प है कि राज्य के हर नागरिक तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। सुशासन तिहार जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण बन गया है। यह अभियान केवल आवेदन संग्रह या समस्या निराकरण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह राज्य के शासन-प्रशासन और जनता के बीच का सेतु बन गया है।"

-श्री विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री (छत्तीसगढ़ शासन)

# जनसेवा की दिशा में एक सशक्त पहल

## शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन के जीवन में आ रहा सकारात्मक बदलाव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में चल रहा सुशासन तिहार जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं के लाभ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम बन रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। 8 अप्रैल से 31 मई 2025 तक तीन चरणों में आयोजित यह अभियान पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसंवाद को बढ़ावा दे रहा है, जिसका उद्देश्य शासन को जन-केंद्रित बनाना, जनसरोकार, जनविश्वास को मजबूत करना और विकास कार्यों की जमीनी हकीकत का मूल्यांकन करना है।

पहले चरण में जनता जनार्दन से उनकी समस्याओं और मांगों के संबंध में 8 से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी, ऑनलाइन पोर्टल और शिविर के माध्यम से आवेदन एकत्र प्राप्त किये गए। सुशासन तिहार के पहले चरण में मिले 40 लाख 31 हजार 77 आवेदनों का तेजी से निराकरण किया जा रहा है। जिसमें मांग से संबंधित 39 लाख 49 हजार 733 आवेदन और शिकायत से संबंधित मात्र 81 हजार 344 आवेदन शामिल हैं। द्वितीय चरण में इन आवेदनों का जिला प्रशासन द्वारा तत्परता से निराकरण किया गया। तृतीय चरण में 5 से 31 मई तक समाधान शिविरों में मुख्यमंत्री, मंत्री और जनप्रतिनिधि जनता से रू-ब-रू हो रहे हैं। यह अभियान न केवल समस्याओं का समाधान कर रहा है, बल्कि राज्य के मैदानी इलाके से लेकर बस्तर जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी जनता का विश्वास जीत रहा है। इस अभियान के उद्देश्य स्पष्ट और व्यापक हैं। जनता की शिकायतों का समयबद्ध निराकरण, शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही स्थापित करना और जनता-शासन के बीच संवाद का सेतु बनाना।

## मुख्यमंत्री साय ने बच्चों से किया आत्मीय संवाद, टॉफियां बांटी और पूछा हालचाल



गरियाबंद जिले के मड़ेली में आयोजित समाधान शिविर के दौरान एक अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अचानक आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने पहुँच गए। नन्हे बच्चों के बीच पहुँचे मुख्यमंत्री ने जब पूछा-"बच्चों, हमारे देश के प्रधानमंत्री कौन हैं?" तो सबने उत्साह से कहा-"श्री नरेंद्र मोदी!" फिर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का नाम पूछने पर सभी ने तुरंत उत्तर दिया-"श्री विष्णु देव साय!" यह दृश्य सिर्फ एक सामान्य संवाद नहीं था, बल्कि यह बताता है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की लोकप्रियता केवल युवाओं और बड़े बुजुर्गों तक सीमित नहीं, बल्कि बच्चों के दिलों तक भी पहुंच चुकी है। मुख्यमंत्री साय ने बच्चों को दुलारा, चॉकलेट और टॉफियां बांटी और कुछ पल उनके साथ बिताया। बच्चों की मासूम मुस्कान और स्नेह ने मुख्यमंत्री श्री साय को भी भाव-विभोर कर दिया।

### बुजुर्ग ढेला बाई को मिला नया राशन कार्ड

नया राशन कार्ड प्राप्त कर ढेला बाई अत्यंत भावुक एवं अभिभूत नजर आई। उन्होंने राज्य शासन द्वारा संवेदनशीलता के साथ किए गए इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सुशासन तिहार उनके लिए संकटमोचक बनकर आया है। राशन कार्ड मिल जाने से अब उन्हें दो जून की रोटी की चिंता नहीं करनी पड़ेगी और वे अपने जीवन के अंतिम पड़ाव को सम्मानपूर्वक जी सकेंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।



### अनिता को मिला श्रम कार्ड वर्षों की प्रतीक्षा हुई खत्म

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के पेंड्रा विकासखंड के सेवरा की रहने वाली अनिता विगत वर्षों से श्रम कार्ड बनवाने का प्रयास कर रही थी। अनिता को श्रम विभाग में पंजीयन न होने के कारण विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित शिविर में उन्हें न सिर्फ आवेदन का मौका मिला, बल्कि अधिकारियों की तत्परता से उनका श्रम कार्ड तत्काल बनकर तैयार हो गया। अब अनिता व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र से एक वर्ष का प्रशिक्षण लेकर सिलाई मशीन की पात्रता भी प्राप्त कर सकेगी, जिससे उनकी आजीविका सशक्त हो सकेगी।



### देवेंद्र को मिला जमीन का मालिकाना हक

मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खिसोरा के समाधान शिविर में अंगारा निवासी देवेंद्र साहू ने समाधान पेटी में अपनी भूमि के स्वामित्व कार्ड के लिए आवेदन किया था। शासन की तत्परता का परिणाम यह रहा कि कुछ ही दिनों में उनके आवेदन पर कार्रवाई हुई। समाधान शिविर के माध्यम से उन्हें उनकी जमीन का स्वामित्व प्रमाण पत्र सौंपा गया। साहू ने बताया कि अब उनकी जमीन का उन्हें कानूनी अधिकार मिल गया है।



## दुर्गम क्षेत्र में पहुंच रहा तरक्की का उजाला

अबूझमाड़ के घने जंगलों के बीच स्थित रेकावया गांव में आजादी के बाद पहली बार स्कूल बन रहा है। करीब 50 स्कूल जो हिंसा के कारण बंद हो गए थे, उन्हें फिर से खोले गए हैं। नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ जैसे दुर्गम इलाकों में, जहां पहले नक्सलियों का कब्जा था, वहां नए स्कूल भवनों का निर्माण हुआ। 2024-25 में यहां 7 नए सुरक्षा कैंप खुले, और इनके साथ ही स्कूलों की नींव रखी गई। पुवर्ती गांव, जो माओवादी कमांडर हिड़मा का पैतृक गांव है, अब बस्तर के पुनरुत्थान का प्रतीक बन गया है। वहां अब बिजली और सड़कें पहुंच रही हैं। नक्सल प्रभावित जगरगुंडा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में पहली बार बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामग्री सड़क मार्ग से सुरक्षित पहुंचाई गई। पहले यह सामग्री हेलीकाप्टर से भेजी जाती थी, लेकिन सुरक्षा बलों और प्रशासन के प्रयासों से सड़क नेटवर्क मजबूत हुआ है।

## प्रधानमंत्री जनमन योजना से संवर रही विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों की जिंदगी

जिले के दूरस्थ विकासखण्ड बड़ेराजपुर से 12 कि.मी. की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत कोसमी के चनाभर्री जहां विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के 10 कमार परिवार निवासरत हैं। ग्राम पंचायत कोसमी अन्तर्गत चनाभर्री बसाहट वनग्राम में आता है, जो जंगल से लगा हुआ है। इन परिवारों का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं वनोपज पर आधारित हैं, जिससे वे अपना गुजर-बसर करते हैं। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (जनमन) अंतर्गत चनाभर्री को विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के बसाहट के रूप में चिन्हांकित कर यहां निवासरत सभी 10 कमार परिवारों को केंद्र एवं राज्य शासन की सभी योजनाओं से जोड़कर उन्हें सभी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है।

### पक्की छत के साथ गंगाराम के परिवार को मिला सुरक्षित जीवन




गंगाराम को जनमन योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में आवास की स्वीकृति मिली। आवास स्वीकृति के पश्चात गंगाराम का अपने स्वयं का पक्का मकान बनाने की उम्मीद पूरा होते दिखाई दी एवं प्रथम किश्त की राशि मिलते ही सपने को पूरा करने की दिशा मिल गई, जिसके पश्चात जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के तकनीकी मार्गदर्शन के आधार पर आवास निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। कार्य के प्रगति के आधार पर किश्त की राशि प्राप्त होते गया, वैसे-वैसे कार्य के स्तर बढ़ते-बढ़ते आज पूर्ण कर उनके सपनों का घर बन कर तैयार हो गया। शासन से प्राप्त मनरेगा अंतर्गत 90 दिवस मजदूरी की राशि 23 हजार 850 एवं आवास की अनुदान राशि 02 लाख सहित कुल 02 लाख 23 हजार 850 रुपए राशि का सदुपयोग करते हुए गंगाराम द्वारा समयबद्ध तरीके से आवास निर्माण का कार्य पूर्ण किया गया। चूंकि आय कम होने के कारण घर का गुजारा बड़े ही मुश्किल से हो पाता था, उस स्थिति में स्वयं का पक्का मकान निर्माण कराया जाना किसी सपने से कम नहीं था। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने गंगाराम के पक्का मकान का सपना सच कर दिया और कच्ची मकान से जिन परेशानियों से गंगाराम का परिवार गुजर था उन सभी परेशानियों से अब उन्हें निजात मिली है।



### तुलसा का पक्का मकान का सपना हुआ साकार

सुकमा जिले के छिंदगढ़ विकासखंड के छिंदगढ़ पंचायत निवासी तुलसा राणा पहले अपने खपरैल एवं मिट्टी से बने घर में रहते थे, अब प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत एक पक्का मकान बन जाने से चैन से अपने घर में आरामदायक जिंदगी व्यतीत कर रहे हैं। हितग्राही तुलसा राणा ने कभी सोचा नहीं था कि उनका परिवार कभी अपने सपनों का घर बना पाएगा, लेकिन इस योजना ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। अब वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सम्मानपूर्ण जीवन जी रहे हैं। हितग्राही तुलसा राणा ने पक्का आवास मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में मिला है, वह मेरे परिवार के लिए एक सपना सच होने जैसा है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से शंकर का सपना हुआ साकार

अतिसंवेदनशील छोटेबेठिया में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में शंकर बरकंदाज ने बताया कि वे अत्यंत गरीब परिवार से हैं तथा पहले कच्चे मकान में रहने को विवश थे। पारिवारिक आर्थिक स्थिति दुर्बल होने के कारण पक्के मकान का निर्माण कर पाना उनके लिए असंभव था। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत उनका प्रकरण स्वीकृत हुआ, जिसके फलस्वरूप आज उनका अपना पक्का मकान पूर्ण रूप से तैयार हो चुका है। बरकंदाज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें और उनके परिवार को एक सुरक्षित आश्रय प्रदान किया है। उन्होंने भावुक होकर बताया कि पहले उनका जीवन कच्चे मकान की सीलन, असुरक्षा और कष्टों से भरा हुआ था, किन्तु अब इस योजना के अंतर्गत मिले आवास के कारण वे अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ सुखपूर्वक जीवन यापन कर रहे हैं।



## चिपावण्ड शिविर में उन्नति महिला समूह को मिला मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ



कोण्डागांव विकासखंड के चिपावण्ड में आयोजित समाधान शिविर के दौरान मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन प्रसार कार्यक्रम अंतर्गत उन्नति महिला स्व-सहायता समूह को मछली पकड़ने का जाल प्रदान किया गया। समूह की अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2011 में 14 सदस्यों के साथ समूह की शुरुआत की गई थी। सभी सदस्यों ने आजीविका के लिए मछली पालन को एक नए कार्य के रूप में अपनाया। उन्होंने गांव के तालाब को समूह के नाम स्वीकृत कराकर मछली पालन शुरू किया। बीते तीन वर्षों से सभी सदस्य इस कार्य में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। इससे एक सीजन में लगभग 45 हजार रुपए का लाभ प्राप्त कर रही हैं। समूह के सभी सदस्य अब इस कार्य को और विस्तार देना चाहती हैं, जिसके तहत विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। समाधान शिविर में उक्त आवेदन के निराकरण उपरांत समूह को मछली जाल प्रदाय किया गया। मछली जाल प्राप्त होने पर सभी हितग्राहियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## चिंतन

# कोरोना की शनैः शनैः वापसी, सतर्कता जरूरी

बदलते मौसम के साथ कोरोना की शनैः शनैः वापसी यूं तो खतरनाक नहीं है, लेकिन सतर्क रहने की दस्तक जरूर है। पूर्व में भारत कोरोना के दौरान काफी नुकसान उठा चुका है। सरकार ने अधिकृत तौर पर अभी तक कोरोना महामारी से देश को मुक्त घोषित नहीं किया है। महामारी के सामान्य हो जाने के बाद सभी बंदिशें जरूर खत्म कर दी गईं, लेकिन कोरोना के केस इक्का-दुक्का जरूर रिपोर्ट होते गए। बाद में इसके कई वैरिएंट आए, पर खतरा कम होता गया। माना गया कि सतर्कता, जागरुकता और टीकाकरण के सम्मिलित प्रयास से कोविड-19 को नियंत्रित करने में मदद मिली। जनजीवन बिल्कुल सामान्य हो गया और दुनिया भर में लोग अपनी दिनचर्या में लीन हो गए। वर्ष 2025 में कोरोना वायरस ने फिर से डराना शुरू किया है। सिंगापुर और हांगकांग से शुरू हुआ यह मामला अब भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मई शुरू होते ही देश के चार राज्यों में कोविड ने पैर पसारने शुरू किए, जो कि अब पूरे भारत में बढ़ने लगा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, 1 जून 2025 तक भारत में कोविड के एक्टिव केस 3758 हैं। सबसे ज्यादा मामले केरल से 1400 सामने आए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 मरीज संक्रमित हैं। जनवरी से लेकर अभी तक 28 लोगों की मौत कोविड की वजहों से हुई है। पिछले हफ्ते की तुलना में कोरोना वायरस के केस में 1200 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बीते दो साल में पहली बार ऐसा हुआ है जब कोविड के एक्टिव केस 3500 के पार पहुंच गए हैं। सरकार ने चिकित्सा विशेषज्ञों के हवाले से आश्वस्त किया है कि पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है, पर लोगों को अपने स्तर पर एहतियात बरतनी चाहिए और वायरस के संक्रमण के बचे रहने के लिए दो गज की दूरी समेत सभी जरूरी प्रोटोकॉलों को अपनाना चाहिए। सरकार ने अपने स्तर पर राज्यों के अस्पताल मशीनरी को अलर्ट कर दिया है, ताकि मरीजों के अचानक बढ़ने पर इलाज में दिक्कत न हो। कोरोना का पहला मामला भारत में 30 जनवरी 2020 को केरल से सामने आया था। पहले 100 केस आने में 46 दिन का वक्त लगा था। इसके बाद 1000 केस तक पहुंचने में केवल 15 दिन का ही समय लगा था। इसके बाद 24-25 मार्च की दरम्यानी रात को देशभर में लॉकडाउन लगा दिया गया था। पहले चरण में एक महीने में केस बढ़कर 3000 के पार हो गए थे। सितंबर 2020 में पहली लहर चरम पर थी तब रोजाना करीब 93,000 केस दर्ज हो रहे थे। दूसरी लहर तो भयानक थी। मार्च 2021 तक केस तेजी से बढ़ने लगे थे। डेल्टा वेरिएंट की वजह से संक्रमण की रफ्तार तेज थी। अप्रैल-मई 2021 के बीच रोज करीब 4 लाख केस दर्ज किए गए थे। स्वास्थ्य व्यवस्था की कलई खुल गई थी। मौत की संख्या भी ज्यादा थी। तीसरी लहर की शुरुआत ओमिक्रोन वेरिएंट के जरिए हुए थी। यह वायरस तो बहुत तेजी से फैला, लेकिन इसके लक्षण हल्के थे, इसलिए मौतें बहुत ज्यादा नहीं हुई थीं। सिर्फ 8 दिन में ही केस 10,000 से 1 लाख के पास पहुंच गए थे। इस वर्ष 2025 में कोविड के जेएन.1 वेरिएंट का खतरा है, जो कि अब तेजी से फैल रहा है। सरकारों ने एडवाइजरी जारी कर लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों से दूर रहने और मास्क लगाने की अपील की है। साथ ही, बुखार, खांसी और सीने में दर्द या सांस लेने में दिक्कत होने पर तुरंत जांच कराने के निर्देश दिए हैं। लोग पैनिक न हों, पर सतर्क जरूर रहें। सरकार को जरूरी टीकाकरण और अस्पतालों की तैयारी पर ध्यान देना चाहिए।

## समृति शेष
विवेक शुक्ला



# वाल्मीक थापर के बाद अब कौन करेगा बाघों की चिंता

बाघ मित्र वाल्मीक थापर नहीं रहे। वे 73 साल के थे। उनके निधन से भारत और दुनिया ने बाघों का एक सच्चा मित्र खो दिया है। अगर भारत में प्रोजेक्ट टाइगर परियोजना सफल हुई तो इसका श्रेय वाल्मीक थापर को भी देना होगा। उन्हें 2005 में टाइगर टास्क फोर्स में नियुक्त किया गया था, जहां उन्होंने बाघ संरक्षण की रणनीतियों को मजबूत करने में योगदान दिया। भारत में 2018 से 2022 के दरम्यान 200 बाघों की आबादी बढ़ी। वाल्मीक थापर की बाघ संरक्षण की मुहिम ने देश में एक आंदोलन का रूप लिया। देश के चोटी के चिंतक और सेमिनार पत्रिका के संपादक स्वर्गीय रोमेश थापर और राज थापर के पुत्र थे वाल्मीक थापर। उनकी शादी शशि कपूर की पुत्री संजना कपूर से हुई थी। थापर अपना सारा काम सुर्खियों से दूर रहकर करना पसंद करते थे। जो लोग वाल्मीक और संजना को जानते हैं, वे कहते हैं कि इन दोनों को करीब लाने में जंगल और जंगली जानवर प्रेम अहम रहा है। उनका एक पुत्र हमीर है। वाल्मीक थापर की 'दि लास्ट टाइगर' नाम की किताब को भारत में बाघों के विलुप्त होने के कारणों पर लिखी सबसे बेहतर पुस्तक माना जाता है। वाल्मीक थापर ने जिस तरह की लड़ाई लड़ी उसके बिना बाघ को बचाना कठिन था। उनकी गिनती दुनिया के सबसे सम्मानित वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट के रूप में होती थी।



उन्होंने वाइल्ड लाइफ पर दस से अधिक किताबें और सैकड़ों शोध लेख लिखे हैं। भारत को दर्जनों वाल्मीक थापर चाहिए। तब ही हमारे इधर जंगल और जंगली जानवर बच पाएंगे। वाल्मीक थापर ने खास तौर पर राजस्थान के रणथंभौर नेशनल पार्क में बाघों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास को बचाने के लिए ठोस कार्य किया। उनके कामों में लेखन, वन्यजीव फिल्म निर्माण और नीति निर्माण शामिल था। इन्होंने अपना पूरा जीवन बाघों के संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। वाल्मीक थापर ने बाघों के अवैध शिकार को रोकने के लिए सख्त कानूनों और नीतियों की वकालत की। उन्होंने बाघों के प्राकृतिक आवास को मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त रखने पर जोर दिया, ताकि उनकी आबादी को संरक्षित किया जा सके। उनके प्रयासों से यह पार्क भारत में बाघ संरक्षण का एक मॉडल बन गया। वाल्मिकी थापर 150 से अधिक सरकारी समितियों और टास्क फोर्स का हिस्सा रहे, जिनमें नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ भी शामिल था। इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करते हैं। थापर ने भारत में अफ्रीकी चीतों को लाने के प्रोजेक्ट चीता की आलोचना की थी। उनका मानना था कि भारत में चीतों के लिए उपयुक्त आवास, शिकार या विशेषज्ञता की कमी है, जिसके कारण यह परियोजना दीर्घकालिक रूप से सफल नहीं हो सकती। वाल्मीक थापर ने बाघों और भारतीय वन्यजीवों पर 30 से अधिक पुस्तकें लिखीं और संपादित कीं, जो उनके अनुभवों और शोध का निचोड़ हैं। उनकी कुछ प्रमुख पुस्तकें हैंः 'लैंड ऑफ द टाइगरः ए नेचुरल हिस्ट्री ऑफ द इंडियन सबकॉन्टिनेंट' (1997)ः इस पुस्तक में उन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप की जैव-विविधता को विस्तार से प्रस्तुत किया। यह पुस्तक प्रकृति प्रेमियों और संरक्षणवादियों के बीच काफी लोकप्रिय रही। उनकी अन्य पुस्तकों में बाघों के व्यवहार, उनके आवास और संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर गहन विश्लेषण शामिल है। उनकी लेखन शैली वैज्ञानिक दृष्टिकोण और कथात्मक शैली का मिश्रण है, जो सामान्य पाठकों और विशेषज्ञों दोनों को आकर्षित करती है। उन्होंने वन्यजीवों पर कई प्रभावशाली फिल्में और डॉक्यूमेंट्री बनाईं, जो भारतीय वन्यजीवों की सुंदरता और उनके सामने मौजूद खतरों को उजागर करती हैं। उनकी बीबीसी के लिए 'लैंड ऑफ द टाइगर' (1997) नाम की डॉक्यूमेंट्री सीरीज में भारतीय उपमहाद्वीप की जैव-विविधता को दिखाया गया। इस सीरीज ने विश्व स्तर पर भारतीय वन्यजीवों के प्रति जागरुकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कई अन्य वन्यजीव फिल्मों में योगदान दिया, जो भारत बल्कि वैश्विक मंच पर संरक्षण के मुद्दों को उठाने में सहायक रहीं। वाल्मीक थापर ने अपनी पुस्तकों, फिल्मों और सार्वजनिक व्याख्यानों के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण के प्रति व्यापक जागरुकता फैलाई। उनकी रचनाओं ने न केवल भारत बल्कि विश्व भर में लोगों को प्रेरित किया। उनके निधन से बाघों को बचाने की मुहिम को धक्का लगेगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# नक्सल रोधी ऑपरेशन पर सवाल गैरवाजिब



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

देश के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित राज्य छत्तीसगढ़ में इन दिनों सुरक्षा बलों को नक्सलियों के सफाए में लगातार कामयाबी मिल रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म करने के डेडलाइन तय करने के बाद छत्तीसगढ़ सहित माओवाद प्रभावित राज्यों में नक्सलियों के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाया जा रहा है। माओवाद के खिलाफ केंद्र और राज्य सरकार के दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम है कि सुरक्षाबलों को नक्सलियों के सफाए में बड़ी सफलता मिल रही है तथा कई वरिष्ठ और इनामी नक्सली नेता मारे जा रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर 2023 से अब जहां 400 नक्सली ढेर हुए वहीं 1400 गिरफ्तार हुए तथा 1350 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। बीते दशकों में यह पहला मौका है जब बस्तर से सुरक्षा बलों के शहादत की जगह बड़ी संख्या में नक्सलियों के ढेर होने की खबरें आ रही है। इस साल मई महीने में फोर्स को माओवादियों के खिलाफ दो बड़ी सफलता मिली है जिसने नक्सलियों को बैकफुट पर ला दिया है। पहली सफलता बीजापुर के जंगल में मिली जहां फोर्स ने "ऑपरेशन कगार" के तहत करेंगुट्टा पहाड़ पर नक्सलियों के किले पर कब्जा कर लिया इस पहाड़ में नक्सल संगठनों का यूनिफाइड हेडक्वार्टर था। चौबीस दिनों तक चले इस ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने जहां 31 नक्सलियों को मार गिराया वहीं माओवादियों के बंकर, अस्पताल और हथियार फैक्ट्री को पूरी तरह से नेस्तनाबूद कर दिया।

राज्य के नक्सल रोधी बल 'डीआरजी' को दूसरी अहम सफलता नक्सलियों के मांद अबूझमाड़ के जंगल में 21 मई यानि झीरम कांड के 12 वीं बरसी के ठीक चार दिन पहले मिली जब उसने 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के तहत 27 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस ऑपरेशन की महत्वपूर्ण कामयाबी यह रही कि सुरक्षाबलों ने भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (माओवादी) के शीर्ष नेता और महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू को मार डाला जिस पर डेढ़ करोड़ रुपए का इनाम था। बसवराजू नक्सल आंदोलन का रीढ़ था जिसकी महत्वपूर्ण भूमिका झीरम और ताड़मेटला कांड में रही है। अप्रैल 2010 में सुकमा जिले के ताड़मेटला नक्सली हमले में 76 जवान मारे गए थे वहीं 25 मई 2013 इसी जिले के झीरम घाटी में माओवादियों ने कांग्रेस के अनेक दिग्गज नेताओं सहित 33 कार्यकर्ताओं को मार डाला था। झीरम घाटी का मामला देश में राजनीतिक हत्या के इतिहास की ऐसी बर्बरतम घटना थी जिसमें पार्टी के अनेक कद्दावर नेता मारे गए थे जिसने देश में राजनीतिक स्तब्धता पैदा कर दी थी।

इधर सरकार और सुरक्षा बलों के नक्सलियों पर बढ़ते दबाव और अग्रिम पंक्ति के नेताओं के मारे जाने के बाद इस आंदोलन को काफी धक्का लगा है। माओवादी मोर्चे पर मिल रही सफलता का ही परिणाम है कि नक्सली संगठन के नेता सरकार से लगातार शांति वार्ता और युद्धविराम की पेशकश कर रहे हैं लेकिन सरकार का रुख ठंडा है। 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' में एक करोड़ के इनामी और भाकपा ( माओवादी) महासचिव बसवराजू सहित 27 नक्सलियों के मारे के बाद भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ' भाकपा ' के महासचिव डी. राजा ने इस मुठभेड़ को ' न्यायेत्तर हत्या ' करार देते हुए "ऑपरेशन कगार" की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की है। इस वामपंथी नेता ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में आदिवासियों का आड़ लेते हुए इस ऑपरेशन पर ही सवालिया निशान लगा दिया और लिखा कि इस मुठभेड़ में आदिवासियों सहित एक वरिष्ठ माओवादी नेता की निर्मम हत्या की बात कही है।बहरहाल आदिवासियों की आड़ में नक्सल रोधी ऑपरेशन पर सवाल उठाने और इस अभियान को रोकने की मांग अकेले कम्युनिस्ट पार्टी ही नहीं कर रही है बल्कि तेलंगाना के कांग्रेसी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव भी कर चुके हैं। देश के अनेक मानवाधिकार कार्यकर्ता, भूतपूर्व न्यायाधीश, शिक्षाविद और सिविल सोसायटीज से जुड़े लोग भी इस ऑपरेशन को रोकने के लिए सरकार से गुहार लगा चुके हैं। इन पैरोकारों की दलील है कि माओवादियों के खात्मे के लिए चलाए जा रहे अभियान में निर्दोष आदिवासियों की मौत हो रही है।




अलबत्ता यह कोई पहला मौका नहीं है जब सुरक्षाबलों के हाथों माओवादियों के मारे जाने पर तथाकथित मानवाधिकारवादियों और बुद्धिजीवियों ने हाय-तौबा मचाया हो। कालांतर में भी सरकार पर विपक्षी दलों और मानवाधिकार संगठनों द्वारा मुठभेड़ों में नक्सलियों के मारे जाने पर इसे फर्जी मुठभेड़ करार देते हुए निरीह आदिवासियों के मारे जाने का तोहमत लगाए जाते रहे हैं। हालांकि इस आरोप में थोड़ी- बहुत सत्यता भी है जून 2012 में बीजापुर के सारकेगुड़ा गांव में एक मुठभेड़ में 17 आदिवासियों की हत्या के मामले में गठित न्यायिक आयोग ने अपने रिपोर्ट में इसे ' फेक एनकाउंटर ' बताया था। रिपोर्ट में बताया गया है कि कथित मुठभेड़ में मारे गए लोगों का संबंध माओवादियों से नहीं था बल्कि ग्रामीण ' बीज पंडुम ' त्योहार मनाने इकट्ठा हुए थे।बिलाशक लोकतांत्रिक व्यवस्था में हिंसा का कोई स्थान नहीं है बल्कि सभी मसलों का हल संवाद ही है लेकिन इसके लिए माओवादियों को बंदूक छोड़ना होगा।

नक्सल प्रभावित राज्यों की बात करें तो यहां माओवादियों ने जहां एक तरफ लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का विरोध किया है वहीं दूसरी ओर सरकार के आदिवासी कल्याण योजनाओं और अधोभूत विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में भी रोड़ा बन रहे हैं। नक्सली हिंसा का घिनौना चेहरा यह भी कि उनके द्वारा आदिवासियों को शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी जरूरतों से वंचित रखने इन इलाकों के सड़कों, पुल- पुलियों, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्रों को बमों से उड़ा दिया तथा निर्माण कार्यों में लगे ठेकेदारों का गला रेत दिया वहीं निर्माण मशीनरी को आग के हवाले कर दिया। इस बीच नक्सलियों के वनोपज और निर्माण कार्यों से जुड़े व्यवसायियों और ठेकेदारों से लेवी वसूली और जबरिया धन उगाही की खबरें भी सामने आई है। खबरों की मानें तो माओवाद प्रभावित इलाके में नक्सलियों की समानांतर सरकार चलती है जिनके इशारे पर चुनिंदा ठेकेदारों को इन इलाकों के सड़क, पुल -पुलिया और अन्य सरकारी भवनों का ठेका मिलते रहा है। बिलाशक इस गठजोड़ में प्रशासनिक अमले की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता क्योंकि बीते दशकों के दौरान वामपंथी उग्रवाद वाले इलाक़ों में सड़क, पुलिया और भवन केवल कागजों पर ही बने हैं।

नक्सल रोधी अभियान पर सवाल उठाने उन राजनीतिक दलों और मानवाधिकार संगठनों की बात करें जो नक्सल ऑपरेशन के दौरान माओवादियों के मारे जाने पर इसे फर्जी मुठभेड़ बता कर इसमें बेकसूर आदिवासियों के मारे जाने का दुष्प्रचार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया पर करते हैं।आदिवासियों के आड़ में माओवादियों की पैरवी करने वाले तथाकथित बुद्धिजीवी और सामाजिक कार्यकर्ता नक्सली हिंसा पर लगातार दोमुंही नीति अपना रहे हैं।फांसीवाद का विरोध करने वाले मानवाधिकार संगठनों और वामदलों को नक्सलियों के कथित जन अदालत में बेकसूर आदिवासियों को पुलिसिया मुखबिर बता कर कत्लेआम करने की घटनाएं क्यों नहीं दिखाई देता? विडंबना यह कि नक्सलियों के मारे जाने पर छाती पीटने वाले लोगों के मुंह पर ताला उस वक्त क्यों लग जाता है जब नक्सली हिंसा में सुरक्षाबलों और राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों की मौतें होती है ? लोकतंत्र खतरे में है का रूदाली करने वाले उस समय क्यों चुप्पी साध लेते हैं जब माओवादी लोकतंत्र का महापर्व चुनाव के बहिष्कार का फरमान जारी करते हैं? देश वह दौर भी नहीं भूला है जब छत्तीसगढ़ दंतेवाड़ा में नक्सलियों 76 जवानों के शरीर को बम विस्फोट से क्षत-विक्षत कर दिया था और वामपंथियों के गढ़ दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी 'जेएनयू' माओवाद समर्थक स्टुडेंट यूनियन ने इस वीभत्स घटना का जश्न मनाया था। इस घटना पर भी तथाकथित मानवाधिकारवादी आंखें मूंदे रहे। अलबत्ता नक्सल रोधी ऑपरेशन पर सवाल उठाने या सेलेक्टिव प्रतिक्रिया देने वाले राजनेताओं और सियासी दलों को यह बात जेहन में रखना होगा कि नक्सलियों की गोली किसी राजनीतिक दल में भेद नहीं कर रही है बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों में भरोसा रखने वाले हर व्यक्ति के छाती पर बरस रही है।

दरअसल आदिवासी विकास के विरोधी नहीं हैं बल्कि वे ऐसा विकास चाहते हैं जिसमें उनकी सदियों पुरानी साझा विरासत जल, जंगल, जमीन और लोक-संस्कृति और परंपरा का अस्तित्व सुरक्षित रहे। विडंबना है कि सरकार के विकास के परिभाषा में इनका कोई मोल नहीं है लिहाजा सरकार और आदिवासियों का टकराव यहीं से शुरू होता है जिसका फायदा नक्सली और उनके पैरोकार उठाते हैं।सत्ता प्रतिष्ठानों को विकास की ऐसी रुपरेखा तय करनी होगी जिसमें आदिवासियों का प्राकृतिक संसाधनों के साथ तादात्म्य कायम रहे आखिरकार उनका रोजगार और उत्सव इससे जुड़ा है। लिहाजा सरकारों को विकास योजनाओं को लागू करने के पहले आदिवासियों को विमर्श में लाना ही होगा। सरकारों को आदिवासियों के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विकास के लिए 'थ्री डी' यानि डेवलपमेंट ( विकास) , डेमोक्रेसी ( लोकतंत्र) और डिफेंस ( सुरक्षा) की रणनीति अपनानी होगी ताकि देश नक्सली हिंसा से मुक्त हो सके।

## संकर सहज स्वरूप सम्हारा



संकलित
**दर्शन**

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है। तीसरी भक्ति है अभिमान छोड़ कर अपने श्रेष्ठ, ज्येष्ठ, गुरुजनों की सेवा करना।


## ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब वह युवक आश्रम में पहुंचा तो यह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है– एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। *– मोहित पटेल, दुर्ग*

## ट्रेंड

### बाल रक्षा दिवस



स्वस्थ, शिक्षित एवं संस्कारित बच्चे विकसित राष्ट्र का आधार होते हैं। आज अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस पर सबको हार्दिक बधाई! 'बाल-कल्याण' सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है, हम बच्चों को बेहतर शिक्षा, उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं एवं उनके सर्वांगीण विकास हेतु पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### कानून की अनदेखी



देश के राज्यों ख़ासकर यूपी में सामंती व आपराधिक तत्वों का वर्चस्व होने से जातिवादी एवं साम्प्रदायिक द्वेष, हिंसा, अन्याय-अत्याचार तथा लोगों को उजाड़ने आदि की कार्रवाइयों से यह साबित है कि यहाँ कानून का राज सही से नहीं चल रहा है।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### प्राकृतिक विरासत की रक्षा



वाल्मीक थापर हमारे वन्यजीवों, विशेषकर बाघों के लिए एक भावुक आवाज़ थे। उनका जीवन हमारी प्राकृतिक विरासत की रक्षा करने और अटूट प्रतिबद्धता से पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए समर्पित था।
**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### आत्मा का संकेत



निंदकपन मरती हुई आत्मा का संकेत है। केवल ज्ञान, ध्यान और हास्य ही आत्मा को जीवित रख सकते हैं और लोगों को बड़बड़ाने वाली मानसिकता से बाहर निकलने में मदद कर सकते हैं।
**-श्री श्री रविशंकर, आध्यात्मिक गुरु**

## करंट अफेयर

# फूलों की घाटी पर्यटकों के लिए खोली गई



उत्तराखंड के चमोली जिले में यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल फूलों की घाटी को रविवार से पर्यटकों के लिए खोल दिया गया। नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क की रेंज अधिकारी चेतना कांडपाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फूलों की घाटी कहे जाने वाले राष्ट्रीय उद्यान के लिए घांघरिया से 83 पर्यटकों के पहले दल को परमिट जारी कर विधिवत अनुमति दी गई जिनमें से चार पर्यटकों ने ऑनलाइन और 79 पर्यटकों ने सामान्य तरीके से अनुमति ली थी। फूलों की घाटी बदरीनाथ धाम के पास है जिसके लिए गोविंदघाट कस्बे से पुष्पावती नदी के किनारे भ्यूंडार के रास्ते घांघरिया से जाया जाता है। हर साल देश–विदेश से हजारों की संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं। घाटी में तरह–तरह की अनेक प्रजाति की वनस्पतियां और रंग–बिरंगे फूल उगते हैं जिनकी निराली छटा देखते ही बनती है। वानस्पतिक विविधता को देखते हुए यूनेस्को ने 2005 में इसे विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल किया था। पर्यटकों के लिए यह घाटी हर साल जून में खुलती है जो अक्टूबर में हिमपात शुरू होने के बाद बंद कर दी जाती है। मानसून आगमन के करीब घाटी में फूलों की बहार आने लगती है जो सितंबर तक अपने चरम पर होती है।

## ऑफ बीट

# क्या कॉफी नींद की कमी की भरपाई कर सकती है



नींद की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता। रातभर गहरी नींद लेने के बाद हरेक को अच्छा महसूस होता है और नहीं सोने से शरीर और दिमाग दोनों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तो नींद की कमी की भरपाई के लिए क्या किया जा सकता है? या यूं कहें कि आप कम सोकर भी कैसे अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं? पर्याप्त नींद नहीं लेने से दिमाग के काम करने की क्षमता पर असर पड़ता है। वैज्ञानिक कई वर्षों से यह बात जानते हैं कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता कम होती है। हमने कुछ प्रतिभागियों को घर जाकर सोने और कुछ प्रतिभागियों को प्रयोगशाला में पूरी रात जागने को कहा। हमने पाया कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से न केवल ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत हुई, बल्कि इससे एक निश्चित क्रम में किए जाने वाले कार्यों को करने में (प्लेसकीपिंग) भी अधिक गलतियां हुईं। क्या कॉफी हो सकती है नींद का विकल्प? इसके बाद, हमने नींद की कमी की भरपाई के विभिन्न तरीकों को लेकर परीक्षण किया। यदि आपने पिछली रात पर्याप्त नींद नहीं ली, तो आप क्या करेंगे? कई लोग कॉफी या कोई 'एनर्जी ड्रिंक' (ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय पदार्थ) पीना चाहेंगे।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



पूर्वोत्तर में बारिश और बाढ़ का कहर बरपा

# अब तक 28 की गई जान, असम में 78, 000 लोग प्रभावित

**असम में रिहायशी इलाकों में भरा पानी**

गुवाहाटी में भारी बारिश-भूस्खलन से 5लोगों की मौत हो गई, इनमें 3 महिलाएं शामिल हैं। कामरूप महानगर, कामरूप, कछार, धेमाजी लखीमपुर और गोलाघाट में बाढ़ से सड़कों और रिहाइशी इलाकों में पानी भर गया है 10,000 लोग प्रभावित हुए हैं।

**14 पर्यटकों को बचाया गया अलर्ट जारी**

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी/नई दिल्ली

बारिश और भूस्खलन ने पूर्वोत्तर में तबाही मचा दी है। असम में यहां14 से अधिक जानें गई हैं और करीब 78 हजार लोग प्रभावित भी हुए हैं। अरुणाचल प्रदेश, असम और मिजोरम में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। मिजोरम में तो भूस्खलन की चपेट में होटल ही आ गया जिसमें ज्यादातर म्यांमार के लोग रुके हुए थे। इसमें 3 म्यांमारी समेत 4 की मौत हुई है। वहीं तीस्ता नदी का जलस्तर बढ़ गया है। असम से लेकर मणिपुर तक कम से कम 28 लोगों की मौत हुई है।

**सिक्किम में फंसे 1500 सैलानी**

**तीस्ता नदी का जलस्तर बढ़ा**

**आकाशवाणी इंफाल कार्यालय में जलभराव**

## असम में रेल, सड़क और यातायात के साधन जाम

### रेल सेवाएं प्रभावित

असम के बरईग्राम-दुल्लाबचेरा खंड पर पटरियों के ऊपर से पानी बहने के कारण दुल्लाबचेरा-सिलचर पैसेंजर ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। दुल्लाबचेरा-गुवाहाटी एक्सप्रेस दुल्लाबचेरा के बजाय बरईग्राम से चलेगी।

## नागरिकों को बचाने के लिए मणिपुर में ऑपरेशन जल राहत 2 शुरू

मणिपुर के विभिन्न हिस्सों में आई भीषण बाढ़ के बाद उपजे हालात में भारतीय सेना और असम राइफल्स ने 'ऑपरेशन जल राहत 2' शुरू किया। सबसे अधिक प्रभावित इलाकों पोरमपट, वांक्खेई, संजेन्थोंग, पैलेस कंपाउंड, न्यू चेकॉन, खुरई हेइक्रुमाखोंग हेनांग में पहुंची।

**800 नागरिकों को बचाया**

रेस्क्यू टीम ने सिंजामेई से वांक्खेई खुनौ से 193 लोगों को सुरक्षित निकाला। खुरई हेइक्रुमाखोंग में 182 लोगों को बचाया। इंफाल पूर्व और पश्चिम से 408 और लोगों को निकाला गया।

## अरुणाचल में खाई में गिरा वाहन



**मृतकों के परिजनों को मिलेगा 4 लाख मुआवजा**

अरुणाचल प्रदेश सरकार ने पिछले 48 घंटों में राज्य भर में भूस्खलन से संबंधित घटनाओं में मरने वालों के परिजनों के लिए 4-4 लाख रुपए का मुआवजा देने का एलान किया है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मौतों पर शोक व्यक्त किया है।

अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी कमेंग और लोअर सुबनसिरी जिले में भूस्खलन से 9 लोगों की मौत हो गई। शुक्रवार की रात पूर्वी कमेंग जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 13 पर भूस्खलन के चलते एक वाहन खाई में गिर गया और उसमें सवार 2परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई। सुबनसिरी जिले में भूस्खलन से खेत में काम कर रहे दो मजदूरों की दबने से मौत हो गई।

**दक्षिण कन्नड़ जिले में 7 की गई जान**

कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में भूस्खलन की चपेट में एक घर के आने से 2लोगों की मौत हो गई है, जबकि 2लोगों को बचा लिया गया है। जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा कि राज्य में भूस्खलन, घरों के गिरने और समुद्र में उफान से अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है।

**1,500 सैलानी फंसे उत्तर सिक्किम में**

उत्तरी सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में कम से कम 1,500 पर्यटक फंस गए। चुंगथांग को लाचेन और लाचुंग से जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर कई भूस्खलन हुआ है। सिक्किम के मंगन में भारी वर्षा के बाद तीस्ता नदी का जलस्तर बढ़ गया है। पर्यटकों को चेतावनी दी गई है।

## मिजोरम में 5 घर, होटल जमींदोज

मिजोरम में भारी बारिश के चलते भूस्खलन की चपेट में आने से पांच घर और एक होटल जमींदोज हो गए। यह घटना शुक्रवार की रात करीब साढ़े दस बजे लांगतलाई शहर में हुई। इसमें कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। इनमें से ज्यादातर लोग म्यांमार के हैं जो होटल में ठहरे थे।

### यूपी समेत कई राज्यों में 5 दिन तक बारिश आंधी-बिजली कड़कने की चेतावनी


यूपी समेत उत्तर भारत में मौसम का मिजाज बदल रहा है। अब कई राज्यों में बारिश हो रही है, जिसकी वजह से गर्मी के कहर से राहत मिली है। मौसम विभाग ने बताया है कि उत्तर पश्चिम भारत में अगले 4-5दिनों तक बारिश, आंधी तूफान का अलर्ट है।

### शाह ने की सरमा से बात, मदद का भरोसा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से बात कर हालात की जानकारी ली है। उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लोगों के समर्थन में चट्टान की तरह खड़ी है।

## खबर संक्षेप

### लोस अध्यक्ष ब्रिक्स संसदीय मंच के लिए ब्राजील रवाना



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार को 11वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भाग लेने ब्राजील रवाना हुए, जहां वे बहुपक्षीय शांति और सुरक्षा ढांचे में सुधार पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। बिरला ब्रिक्स संसदीय मंच के लिए भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं, जो 3-5 जून को ब्रासीलिया में आयोजित होगा।

### बकरों से लदा कैंटर टकराया, 4 की मौत



**अलीगढ़।** थाना गभाना के अलीगढ़-दिल्ली हाईवे पर 1 जून तड़के 3.30 बजे बकरों से लदा कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। एक अन्य कैंटर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। दोनों हादसों में पिता-पुत्र समेत एटा के चार लोगों की मौत हो गई। छह लोग घायल हुए हैं। एटा के पशु व्यापारी दिल्ली बेचने के लिए जा रहे थे।

### गाड़ी में घिसटे 2 दोस्त गोरखपुर में 4 की मौत



**गोरखपुर।** यहां के बड़हलगंज गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर गलत साइड से बाइक लेकर जाने की वजह से सड़क हादसा हुआ। कार की टक्कर में दो युवक 15 फीट उपर उड़ गए। जबकि दो अन्य दोस्त गाड़ी में 30 मीटर दूर तक घिसट गए। बताया गया कि कार गोरखपुर से वाराणसी की तरफ की साइड में ठीक जा रही थी।

### मंडी में पुल से नीचे गिरी वैन, 5 नहीं रहे



**मंडी।** रविवार को हिमाचल प्रदेश के मंडी में रविवार को एक पिकअप वैन संतुलन बिगड़ने के बाद पुल की रेलिंग से टकराकर नीचे गिर गई। इस हादसे में 5 मजदूरों की मौत हो गई। पिकअप वैन में मौजूद एक शख्स बच गया जिसका घायल अवस्था में इलाज चल रहा है। वाहन लुधियाना से मंडी में आईआईटी कमांद जा रहा था।

### गुजरात के मंत्री खाबड़ का बेटा गिरफ्तार




**दाहोद।** गुजरात के दाहोद में रविवार को पुलिस ने राज्य के पंचायत और कृषि राज्यमंत्री बच्चूभाई खबाड़ के बेटे बलवंत खबाड़ को गिरफ्तार कर लिया। बलवंत को कुछ दिन पहले ही मनरेगा से जुड़े एक मामले में जमानत मिली थी। लेकिन अब उन पर एक और मामले में कार्रवाई हुई है। बलवंत और उनके भाई किरण को 29 मई को जमानत मिली थी।

## देश में कोरोना के बढ़ते मामलों से चिंता, 15 दिन में दो नई वैक्सीनों को मंजूरी

# सक्रिय मरीज अब 3758, केरल में आंकड़ा 1400 के पार पहुंचा



**देश के 27 राज्यों में कोरोना संक्रमित मरीज सामने आए**



भारत सहित कई देशों में बढ़ते कोरोना के संक्रमण के लिए ओमिक्रॉन के जेएन.1 और इसके सब-वैरिएंट्स को जिम्मेदार पाया गया है।

» विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना का नया वैरिएंट मध्यम संक्रामकता वाला

» होम आइसोलेशन में ही मरीज ठीक हो रहे


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोरोना का खतरा अब पूरे देश में फैलता जा रहा है। एक जून तक देश के 27 राज्यों में कोरोना संक्रमित मरीज सामने आ चुके हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 363 नए मामले सामने आए हैं। 383 मरीज ठीक हुए हैं और दो की मौत हुई है। मौजूदा समय में देश में 3758 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है।

कोरोना को मात देने वालों की बात करें तो बीते दिन से अब तक 1818 लोग संक्रमण से मुक्त हुए। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना का नया वैरिएंट मध्यम संक्रामकता वाला है। चिंता करने की कोई बात नहीं है।

### महाराष्ट्र-दिल्ली में 400 से ज्यादा एक्टिव केस

केरल में कोरोना के 64 नए मामले सामने आए हैं। यहां अब सक्रिय मरीजों का आंकड़ा 1400 पहुंच गया है। ऐसे ही महाराष्ट्र में 485, दिल्ली में 436, गुजरात में 320, पश्चिम बंगाल में 287, कर्नाटक में 238, तमिलनाडु में 199 और उत्तर प्रदेश में 149 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। हालांकि, ज्यादातर मरीज होम आइसोलेशन में ही ठीक हो रहे हैं। अब तक दो कोरोना संक्रमितों की मौत की पुष्टि हुई है। मौतें केरल और कर्नाटक में दर्ज की गईं। कर्नाटक में 63 वर्षीय पुरुष और केरल में 24 वर्षीय महिला की मौत हुई। दोनों अन्य बीमारियों से भी परेशान थे।



### एक तिहाई मरीज हुए ठीक

केंद्र सरकार के कोविड डैश बोर्ड के अनुसार, कोरोना के बढ़ते मामलों के साथ संक्रमण से मुक्त होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। अब तक करीब एक तिहाई मरीज कोरोना पॉजिटिव होने के बाद इससे मुक्त हो चुके हैं। फिलहाल सक्रिय मरीजों की तुलना में 1818 मरीज (32.45 प्रतिशत) कोरोना पॉजिटिव होने के बाद स्वस्थ हो चुके हैं।

### एम. नेक्सस्पाइक व नुवैक्सोविड नए टीके

कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच पिछले 15 दिन में यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने दो नई अपडेटेड वैक्सीन को मंजरी दे दी है। माना जा रहा है कि ये टीके नए वैरिएंट्स के खिलाफ भी लोगों को सुरक्षा देने में मददगार हो सकते हैं। समय के साथ हमारे शरीर में वैक्सीन से बनी प्रतिरक्षा कमजोर होती जाती है। वहीं ये वैरिएंट्स आसानी से शरीर की इम्युनिटी को चकमा देने में भी सफल हो रहे हैं, यही कारण है कि एक बार फिर से संक्रमण में उछाल देखा जा रहा है। एफडीए ने मॉडर्ना (एमआरएनए) की नई कोविड-19 वैक्सीन एम.नेक्सस्पाइक को मंजूरी दी है। इसे 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को दिया जा सकेगा। एफडीए ने नोवावैक्स के एक नए टीके को मंजूरी दी है, इसके साथ भी कुछ शर्तें भी रखी गई थी। ये टीके सिर्फ उन्हीं लोगों को दिए जा सकेंगे जो इसके लिए उपयुक्त होंगे।

**मप्र में कोरोना को लेकर सरकार अलर्ट**

### प्रदेश में हालात नियंत्रण में, केवल पांच मामले

**भोपाल।** देश के कुछ हिस्सों में कोरोना के मामलों में मामूली वृद्धि के बीच मध्यप्रदेश में स्थिति काफी हद तक नियंत्रण में है। प्रदेश में केवल पांच सक्रिय कोरोना केस दर्ज किए गए हैं। राहत की बात यह भी है कि राज्य में कोरोना से किसी मौत की सूचना नहीं है। हालांकि इंदौर में नए कोरोना पॉजिटिव मामले सामने आने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। स्वास्थ्य आयुक्त तरूण राठी ने बताया कि मध्यप्रदेश में कोविड-19 की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। लोगों से अपील है कि वे घबराएं नहीं, लेकिन सतर्क रहें और स्वास्थ्य दिशा निदेर्शों का पालन करें।

# देश में आपराधिक न्याय प्रणाली होगी और मजबूत

## सीएफएसएल भवन का किया उद्घाटन



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता के निकट न्यू टाउन में केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के नए भवन का उद्घाटन किया। यह पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत करने में बहुत योगदान देगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 88 करोड़ की लागत से भवन का निर्माण हुआ है, परंतु इस सीएफएसएल के माध्यम से पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, ओडिशा, असम, सिक्किम और उत्तर पूर्व के सभी राज्यों को साक्ष्य आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली विकसित करने में समग्र दृष्टिकोण की भूमिका का निर्वहन करने में मदद मिलेगी।

### सुरक्षित, पारदर्शी और साक्ष्य संचालित प्रणाली

शाह ने कहा कि यह उद्घाटन केंद्र के सुरक्षित, पारदर्शी और साक्ष्य-संचालित आपराधिक न्याय प्रणाली बनाने के लंबे समय से चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि यह बेहद संतुष्टि का क्षण है, क्योंकि हम आधुनिक फोरेंसिक और जांच बुनियादी ढांचे की श्रृंखला में प्रत्येक कड़ी को मजबूत करना जारी रखते हैं। केंद्र सरकार उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तमिलनाडु, राजस्थान, केरल और बिहार में और सीएफएसएल प्रयोगशालाएं बनाने की योजना बना रही है।

### 60% मामलों में जल्द दिया आरोप पत्र

गृह मंत्री शाह ने हाल के आपराधिक कानून सुधारों के प्रभाव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की शुरुआत के बाद 60 प्रतिशत मामलों में हमने 60 दिनों के भीतर आरोप पत्र दायर होते हुए देखा है। इससे पहले पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर आए अमित शाह नेताजी इंडोर स्टेडियम में भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों को संबोधित भी करेंगे।

**हरकी पैड़ी पहुंचीं सीएम रेखा**

## पति संग लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

एजेंसी ▶▶ हरिद्वार

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता रविवार को हरिद्वार दौरे पर पहुंचीं। उन्होंने सबसे पहले पति के साथ हरकी पैड़ी पहुंचकर गंगा में स्नान किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद रेखा गुप्ता पहली बार हरिद्वार पहुंची हैं। इस मौके पर गुप्ता ने कहा कि गंगा स्नान मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मैं अपनी सरकार के 100 दिन के कार्यकाल को पूरा करपुण्य भूमि हरकी पैड़ी पर आई हूं। आज मैंने मां गंगा के चरणों में नमन करते हुए यही प्रार्थना की है कि भारतवर्ष विकसित हो और उसमें दिल्ली भी अपना स्थान बनाएं। हालांकि खबर है कि उनके काफिले की 5 गाड़ियों में टक्कर भी हो गई थी।



**नगालैंड में सियासी हलचल**

## नगालैंड में एनसीपी के सभी 7 विधायक एनडीपीपी में गए

एजेंसी ▶▶ कोहिमा

नगालैंड में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के सभी 7 विधायक सत्तारूढ़ नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) में शामिल हो गए हैं। मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के नेतृत्व वाली पार्टी को 60 सदस्यीय विधानसभा में पूर्ण बहुमत मिल गया है।

इससे विधानसभा में एनडीपीपी की ताकत 25 से बढ़कर 32 हो गई है। 2023 के विधानसभा चुनावों में एनसीपी तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। एनडीपीपी और उसकी सहयोगी भाजपा के बाद एनसीपी ने 12 सीटें जीती थीं। शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए नगालैंड सरकार के प्रवक्ता केजी केन्ये ने कहा कि 7 सदस्यों के साथ राज्य विधानसभा में तीसरा सबसे बड़े समूह एनसीपी का औपचारिक रूप से एनडीपीपी में विलय हो गया है।



**ऑपरेशन सिंदूर पर खरगे का प्रधानमंत्री पर तंज**

## पीएम को 'खुद की तारीफ' करने की जरूरत नहीं, सेना को अधिकार दिए तो क्यों बोल रहे?

### सुरक्षा के मामलों में सभी नेता चुप रहें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम द्वारा दिए जा रहे भाषणों पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्र की सुरक्षा की बात हो तो देश भर के सभी नेताओं को शांत रहना चाहिए। हमारे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश दौर पर गए हुए हैं ऐसे में जब तक वह वापस नहीं आ जाते चुनाव प्रचार नहीं होना चाहिए। पीएम को चुनावी भाषणों में अपनी प्रशंसा वाले बयान देने से बचना चाहिए। देश भर के सभी नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले पर चुप रहना चाहिए। बोलने से पहले समझना चाहिए।

### जयराम ने सीडीएस के बयान पर उठाए सवाल



कांग्रेस महासचिव और सांसद जयराम रमेश ने सरकार पर पारदर्शिता न बरतने का आरोप लगाया है। रमेश ने कहा कि सिंगापुर में जनरल चौहान की तरफ से किए गए खुलासों को लेकर अब तक हमें इंतजार क्यों करना पड़ा है? बेहतर होता कि जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वदलीय बैठक आयोजित की थी, उसी वक्त जानकारी देनी चाहिए थी और सरकार को इस बारे में देश की संसद को सूचित करना चाहिए था। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के बयान पर कांग्रेस मोदी सरकार पर हमलावर है।

**राम मंदिर में दूसरी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम कल से होगा शुरू**

# दूसरी बार होगी प्राण प्रतिष्ठा, परिवार संग विराजेंगे राम

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम बालक राम के रूप में स्थापित किए गए थे। अब दूसरी प्राण प्रतिष्ठा में भगवान राम राजा के रूप में स्थापित किए जाएंगे। राम मंदिर के पहले तल पर राजा राम का दरबार होगा। इस दरबार में भगवान राम उनके अनुज लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, माता जानकी और सेवक हनुमान होंगे। पांच जून के समारोह के लिए राम मंदिर में तैयारियां पूरे जोरशोर से चल रही हैं। 22 जनवरी 2024 को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य यजमान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र सपत्नीक यजमान बने थे। इस बार भी यह सौभाग्य डॉ. अनिल मिश्र को ही मिल रहा है। डॉ. मिश्र दूसरे प्राण प्रतिष्ठा समारोह के भी यजमान होंगे।

### ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल होंगे मुख्य यजमान

**पहले तल पर राम दरबार और उप मंदिरों में 7 देव विग्रह विराजेंगे**



राजा राम के साथ सात अन्य उप मंदिरों में भी स्थापित मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसमें परकोटा के ईशान कोण पर शिवलिंग, अग्नि कोण में प्रथम पूज्य श्रीगणेश, दक्षिणी भुजा के मध्य में महाबली हनुमान, नैरित्र कोण में प्रत्यक्ष देवता सूर्य, वायव्य कोण में मां भगवती, उत्तरी भुजा के मध्य में अन्नपूर्णा माता के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। मुख्य मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार और परकोटा के दक्षिणी पश्चिमी कोने में शेषावतार प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

**अनुष्ठान और कार्यक्रम**

दो जून को सरयू तट से मातृ शक्तियां जल कलश यात्रा निकालेंगी। कलश यात्रा के अगले दिन तीन दिवसीय आयोजन ज्येष्ठ शुक्ल की अष्टमी तीन जून से प्रारंभ होकर दशमी पांच जून को पूजा, भोग और आरती के साथ पूरा होगा। सभी अनुष्ठान दो दिन सुबह 6:30 बजे प्रारंभ होगा और 6:30 बजे ही समाप्त होगा। पांच जून को सुबह 6:30 बजे अनुष्ठान प्रारंभ होकर 11:20 तक चलेगा।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के 16 महीने बाद राजा राम की हो रही प्राण प्रतिष्ठा

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के 16 महीने बाद अयोध्या में पूरी तरह से बनकर तैयार भव्य राम मंदिर के एक और प्राण प्रतिष्ठा और अभिषेक समारोह की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले 22 जनवरी को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। इस बार मुख्य अतिथि के रूप में सीएम योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे।

**सुप्रीम कोर्ट ने हॉस्टल वार्डन को किया बरी**

# किसी की डांट खुदकुशी की ठोस वजह नहीं हो सकती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक छात्र को डांटकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी शख्स को बरी कर दिया है।



आरोपी, एक स्कूल और एक छात्रावास का प्रभारी था, जिसने एक अन्य छात्र की शिकायत पर दूसरे छात्र को डांटा था, जिसने बाद में एक कमरे में फांसी लगा ली। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता था कि डांटने के कारण ऐसी दुखद घटना घट सकती है। शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध से शिक्षक को बरी करने से इनकार कर दिया गया था। पीठ ने कहा, पूरे मामले पर विचार करने के बाद, हम इसे हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त मामला पाते हैं।

# डेल्टा एयरलाइंस फिर शुरू करेगी भारत के लिए उड़ानें

# इंडिगो, डेल्टा, एयर फ्रांस-केएलएम और वर्जिन अटलांटिक के बीच डील: भारत से यूरोप और अमेरिका की यात्रा होगी आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की बड़ी एयरलाइन कंपनियों में शुमार इंडिगो ने आज एक बड़ी घोषणा की है। इंडिगो ने अमेरिका की डेल्टा एयरलाइंस, यूरोप की एयर फ्रांस-केएलएम और ब्रिटेन की वर्जिन अटलांटिक के साथ एक नई साझेदारी की है। इस साझेदारी का मकसद भारत से यूरोप और उत्तरी अमेरिका यानी अमेरिका और कनाडा के बीच हवाई यात्रा को और बेहतर और आसान बनाना है। यह एलान रविवार को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया गया, जिसमें चारों एयरलाइनों के सीईओ मौजूद थे। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स, डेल्टा एयरलाइंस के सीईओ एड बैस्टियन, एयर फ्रांस-केएलएम के सीईओ बेंजामिन स्मिथ और वर्जिन अटलांटिक के सीईओ शाई वीस ने इस नई ग्लोबल साझेदारी की जानकारी दी। इस मौके पर डेल्टा एयरलाइंस के सीईओ एड बैस्टियन ने बताया कि उनकी कंपनी भारत के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू करने की तैयारी में है।



### एप से बुक कर पाएंगे अमेरिका की टिकट

*अब यात्री इंडिगो की वेबसाइट या ऐप से ही यूरोप और अमेरिका के लिए टिकट बुक कर सकेंगे। वहीं समान चेक-इन, बोर्डिंग और लगेज की सुविधा मिलेगी, भले ही सफर में दो या तीन एयरलाइनों की फ्लाइट हो। कनेक्टिंग टाइम कम होगा, यानी दूसरी फ्लाइट पकड़ने में आसानी होगी।*

### दिल्ली के लिए डायरेक्ट फ्लाइट!

डेल्टा की योजना है कि वह अमेरिका के अटलांटा शहर से भारत की राजधानी दिल्ली के लिए डायरेक्ट फ्लाइट शुरू करे। हालांकि इसके लिए भारत सरकार की मंजूरी की जरूरत होगी। बता दें कि, डेल्टा एयरलाइंस ने पहले भी भारत के लिए उड़ानें चलाई थीं, लेकिन कुछ वर्षों से यह सेवाएं बंद थीं। इस डील की अहम वजह भारत का तेजी से बढ़ता हुआ विमानन बाजार। भारत अब दुनिया के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते सिविल एविएशन मार्केट्स में शामिल हो गया है। देश में हवाई यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है - चाहे वह देश के भीतर की यात्रा हो या विदेश की। इसी मांग को देखते हुए दुनिया की बड़ी एयरलाइंस भारत के साथ साझेदारी करना चाहती हैं।

### इंडिगो की बड़ी अंतरराष्ट्रीय योजना

इंडिगो अब सिर्फ घरेलू उड़ानों पर नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में भी तेजी से विस्तार कर रही है। मौजूदा वित्त वर्ष (मार्च 2026 तक) में इंडिगो 10 नए विदेशी शहरों के लिए उड़ानें शुरू करने वाली है। इंडिगो पहले से ही एयर फ्रांस-केएलएम और वर्जिन अटलांटिक के साथ 2022 से साझेदारी में है, लेकिन अब इस साझेदारी में अमेरिका की डेल्टा एयरलाइंस भी शामिल हो गई है, जिससे इसकी ताकत और बढ़ गई है।

## पूर्व वित्त सचिव गर्ग ने कहा- प्रति व्यक्ति आय में सुधार होना जरूरी

# भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर प्रति व्यक्ति आय बढ़ने से ही लोग होंगे विकसित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि भारत कुछ समय में भले ही चौथी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन देश के लोगों को वास्तव में तभी 'विकसित' और आर्थिक रूप से बेहतर माना जा सकता है जब उनकी प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और इस मामले में कोई अच्छा सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि 2024 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी लगभग 2,450 डॉलर (लगभग 2,09,622 रुपये) थी और इस मामले में देश 150वें स्थान पर है।

गर्ग ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आंकड़ों को देखा जाए तो भारत अभी चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं बना है। उल्लेखनीय है कि नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने हाल में कहा था कि भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

### भारत की जीडीपी 3910 अरब डॉलर है

हालांकि, बाद में नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने इसका खंडन किया था। इस बारे में पूछे जाने पर गर्ग ने कहा, "आईएमएफ देशों के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को मौजूदा अमेरिकी डॉलर में मापता है। मुद्रा कोष के 2024-25 के लिए विश्व आर्थिक परिदृश्य आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी 3,910 अरब डॉलर है जबकि यह जापान के मामले में 4,030 अरब डॉलर है।



### जीडीपी जितनी बड़ी होगी संसाधन उतने ज्यादा होंगे

*एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, जीडीपी जितनी बड़ी होगी, विकास और राजकाज के लिए संसाधन उतने ही ज्यादा होंगे। 2024 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी (विश्व बैंक इसे मापता है और सालाना आंकड़े प्रकाशित करता है) लगभग 2,450 डॉलर (लगभग 2,09,622 रुपये) थी और भारत 150वें नंबर पर है।*

### जापान की जीडीपी 25 वर्षों में हुई कम

गर्ग ने कहा, आईएमएफ अगले छह साल के आंकड़ों का भी अनुमान लगाता है। अभी तक अनुमान 2030 (भारत 2030-31) तक के हैं। आईएमएफ ने 2025 में भारत की जीडीपी 4,197 अरब डॉलर (4.197 ट्रिलियन डॉलर) होने का अनुमान लगाया है, जबकि जापान की जीडीपी (वैसे जापान की जीडीपी पिछले 25 वर्षों में अमेरिकी डॉलर के हिसाब से काफी कम हुई है)।

- वर्ष 2024 में प्रति व्यक्ति जीडीपी 2450 डॉलर रही
- प्रति व्यक्ति जीडीपी के मामले में देश 150वें स्थान पर
- आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार भारत अभी चौथी अर्थव्यवस्था नहीं

### भारत अभी भी जापान से आगे नहीं निकला

*वास्तविकता यह है कि भारत अभी जापान से आगे नहीं निकला है। अभी हम चौथी अर्थव्यवस्था नहीं बने है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही और इसके साथ अर्थव्यवस्था का आकार 3,900 अरब डॉलर (330.68 लाख करोड़) रहा।*

### अमेरिकी डॉलर में जीडीपी के आंकड़े मानक है

यह पूछे जाने पर कि भारत कबतक दुनिया में चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, उन्होंने कहा, "इस संदर्भ में आईएमएफ के वर्तमान अमेरिकी डॉलर में जीडीपी के आंकड़े मानक हैं। इसके आधार पर देशों को उनके अमेरिकी डॉलर में जीडीपी की स्थिति के हिसाब से क्रम में रखा जाता है।"

### तीन बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका, चीन और जर्मनी

आईएमएफ के 2024 के विश्व आर्थिक परिदृश्य के आंकड़ों के अनुसार, तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका, चीन और जर्मनी के जीडीपी का आकार क्रमश: करीब 29,180 अरब डॉलर, 18,750 अरब डॉलर तथा 4,660 अरब डॉलर था। वहीं अप्रैल, 2025 (2025-26) के आंकड़ों के अनुसार, इसके क्रमश: 30,510, 19,230 अरब डॉलर तथा 4,740 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।


## सौ दिनों में हमने ईमानदारी से दिल्ली को संवारा, लोगों में विश्वास जगा: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार के सौ दिन पूरे हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ सरकार के काम काज का लेखा जोखा पेश किया है। सीएम रेखा गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि हमने इन सौ दिनों में अथक परिश्रम करते हुए हर पल दिल्ली के लोगों के जनकल्याण और विकास योजनाओं को मूर्तरूप देने कार्य किया। हमने स्वास्थ्य, शिक्षा, यमुना सफाई, इंफ्रास्टेक्चर, कूड़ा हटाना, हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कई सालों में दिल्ली में समस्याओं का अंबार लग गया था, पिछली सरकार ने झूठी बातें की पर लोगों की भलाई के लिए कुछ नहीं किया। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने जनता की गाढ़ी कमाई को भ्रष्टाचार में बर्बाद किया।, जबकि वर्तमान सरकार ने जनसेवा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पिछली सरकार करोड़ों रुपये के शीशमहलों में बैठती थीं, लाखों के पर्दों से सजे कमरों में अपनी पसंद की खबरें टीवी पर सुनती थीं। जहां उन्होंने भ्रष्टाचार से महल सजाए, वहीं हमने ईमानदारी से दिल्ली को संवारा है।

# रिजर्व बैंक ने बीते वित्त वर्ष में 353 बैंकों पर लगाया जुर्माना

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- अन्य विनियमित इकाइयों पर भी जुर्माना लगाया गया
- इन जुर्मानों के तहत राशि 54 .78 करोड़ रुपए बैठती है

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बीते वित्त वर्ष (2024-25) में विनियमित इकाइयों (आरई) के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और क़ानून के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए कुल 353 जुर्माने लगाए। इन जुर्मानों के तहत राशि 54.78 करोड़ रुपये बैठती है। ये उल्लंघन/गैर-अनुपालन, बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे; जोखिम मानदंड और आईआरएसी मानदंड; अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) निर्देश; धोखाधड़ी वर्गीकरण और रिपोर्टिंग निर्देश; सीआरआईएलसी पर सूचना की रिपोर्टिंग; और क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को कर्ज जानकारी देने से संबंधित थे।

आरबीआई की वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, "वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, विभाग ने विनियमित इकाइयों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और समय-समय पर रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए कुछ निर्देशों और कानूनों के प्रावधानों के उल्लंघन/गैर-अनुपालन के लिए कुल 54.78 करोड़ रुपये के 353 जुर्माने लगाए। आरबीआई के आंकड़ों से पता चला है ।

## एलआईसी रिकॉर्ड 19,013 करोड़ मुनाफे वाला शीर्ष पीएसयू बना

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में सबसे अधिक लाभ कमाने वाली कंपनी बन गई है। एलआईसी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 38 प्रतिशत वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 19,013 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 13,763 करोड़ रुपये रहा था। बीमा क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी के बाद देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का स्थान है, जिसने चौथी तिमाही में 18,643 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। हालांकि, वार्षिक लाभ के मामले में एसबीआई, एलआईसी से आगे रहा। पिछले वित्त वर्ष में एसबीआई ने 70,901 करोड़ रुपये कमाए, जबकि एलआईसी ने 48,151 करोड़ रुपये कमाए।

## रिलायंस डिजिटल की 'बूट अप इंडिया' सेल युवा पीढ़ी को बनाती है सशक्त बेहतरीन टेक डील्स देश भर के छात्रों के लिए रू. 1 करोड़ की स्कॉलरशिप

**मुंबई ।** बूट अप इंडिया एक एकीकृत अभियान है जिसमें इन-स्टोर एक्टिवेशन, सोशल मीडिया संचार और विभिन्न क्षेत्रों में मेल-जोल संबंधी गतिविधियां करना शामिल हैं। यह अभियान आपकी क्षमताओं को बढ़ाने और टेक्नोलॉजी हर किसी के लिए पहुंच योग्य बनाने की रिलायंस डिजिटल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चाहे आप कॉलेज की तैयारी कर रहे छात्र हों, अपने बच्चे के भविष्य में निवेश करने वाले माता-पिता हों, प्रोडक्टिविटी के लिए अपग्रेड करने वाले प्रोफेशनल हों, बेहतर परफॉर्मेंस की तलाश करने वाले गेमर हों, रचनात्मक सीमाओं को लांघने वाले क्रिएटर हों या डिजिटल दुनिया में खुद की जगह बनाने वाले वरिष्ठ हों।

## केनरा बैंक ने न्यूनतम शेष पर जुर्माने को किया खत्म

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने सभी प्रकार के बचत खातों में औसत मासिक राशि (एएमबी) की जरूरत को पूरी तरह से खत्म करने की घोषणा की है। इसके तहत बैंक खाते में न्यूनतम राशि से कम जमा होने पर खाताधारक पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा। इसमें बचत खाते, वेतन खाते, एनआरआई बचत खाते आदि शामिल हैं।

## राशिफल

- **मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।
- **वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।
- **मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।
- **कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।
- **सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।
- **कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।
- **तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।
- **वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।
- **धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।
- **मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।
- **कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।
- **मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

# पीएम स्वनिधि योजना के 5 साल: गुजरात में 4.79 लाख स्ट्रीट वेंडर्स बने आत्मनिर्भर

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पीएम स्वनिधि योजना देशभर के स्ट्रीट वेंडर्स और छोटे व्यापारियों की आजीविका और उनके जीवनस्तर को बेहतर बनाने के लिए वरदान साबित हो रही है। प्रधानमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना के सफल क्रियान्वयन में गुजरात ने अग्रणी राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाई है। भारत सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय की प्रमुख पहल पीएम स्वनिधि योजना को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 1 जून 2020 को शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य देशभर के स्ट्रीट वेंडर्स को सशक्त बनाना और उन्हें औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़ना है। गुजरात सरकार ने मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में इस योजना को मिशन मोड में लागू किया है, जिसके अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में वेंडर्स को निर्बाध ऋण वितरण, डिजिटल पंजीकरण और निरंतर सहायता सुनिश्चित की जा रही है। जून 2025 में अपनी पाँचवीं वर्षगांठ मना रही यह परिवर्तनकारी योजना, बीते पांच वर्षों में आजीविका सशक्तिकरण, संकल्प, और समावेशी आर्थिक विकास की मिसाल बन चुकी है। उत्कृष्ट क्रियान्वयन से गुजरात पीएम स्वनिधि के देश में अग्रणी राज्यों में एकप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना पीएम स्वनिधि के सफल क्रियान्वयन में गुजरात ने निरंतर अपेक्षाओं से बेहतर प्रदर्शन किया है। राज्य ने जुलाई 2023 तक 3 लाख लाभार्थियों को लोन सुविधा उपलब्ध कराने का पहला लक्ष्य समय पर पूरा किया। इसके बाद अक्टूबर 2024 तक 4 लाख लाभार्थियों तक लोन पहुंचाने का दूसरा लक्ष्य भी पार कर लिया, जिसमें गुजरात को राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।



### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर पर निर्णय, वृहद आर्थिक आंकड़े और वैश्विक रुझान इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उनका कहना है कि इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियां और शुल्क के मोर्चे पर घटनाक्रम भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, आगे की ओर देखें, तो सभी की निगाह छह जून को भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति घोषणा पर रहेगी। इसके अलावा नए माह की शुरुआत के साथ वाहन बिक्री और आर्थिक गतिविधियों का संकेत देने वाले अन्य आंकड़े आएंगे। साथ ही सभी की निगाह मानसून की प्रगति और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह पर भी रहेगी। मिश्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिकी बॉन्ड बाजार के रुझान और जारी व्यापार वार्ताओं से जुड़े घटनाक्रम भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BSNN देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुरेंद्र पुत्र** अनुराग, **निवासी:** जी.नं. ए–4, मंडोली, नंद नगरी, दिल्ली, ने **FIR No. 108/2019, U/S 12/9/55 G. Act, पुलिस स्टेशन नंद नगरी, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली –93,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेंद्र** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेंद्र** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 108/2019, U/S 12/9/55 G. Act, पुलिस स्टेशन नंद नगरी, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली –93,** के उक्त अभियुक्त **सुरेंद्र** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.07.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,**
**कमरा नं0–19, प्रथम तल, शाहदरा जिला,**
**कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली**

**DP/6966/NE/2025**
**(Court Matter)**

### PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF ACCUSED PERSON

**See Section 82 CrPC**

Whereas complaint has been made before me that accused person **AAKASH S/o** Suresh, **R/o:** H.No. X-136, Mangolpuri, Delhi, has committed (or is suspected to have committed) the offence in **FIR No. 1172/2019, U/S 12/9/55 Gambling Act, PS Mangolpuri, Outer Distt., Delhi** and it has been returned to a warrant of arrest thereupon issued that the said accused **AAKASH** cannot be found, and whereas it has been shown to my satisfaction that the said accused **AAKASH** has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warrant);

Proclamation is hereby made that **AAKASH** the said accused of **FIR No. 1172/2019, U/S 12/9/55 Gambling Act, PS Mangolpuri, Outer Distt., Delhi,** is required to appear before this Court to answer the said complaint on or before **02.07.2025.**

**By Order**
**Ms. Reetika Jain**
**Judicial Magistrate First Class-05,**
**Room No.-105, North-West Distt.,**
**Rohini Courts, Delhi**

**DP/6960/OD/2025**
**(Court Matter)**


## शब्द पहेली - 5885




**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

### शब्द पहेली- 5884 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | कु | मा | र | ■ | म | नो | ह | र |
| दौ | र | ■ | ली | ■ | ख | न | न | ■ | र | वा |
| ल | ■ | जा | न | व | र | ■ | न | ल | ■ | य |
| त | न | य | ■ | ■ | खा | र | ■ | की | म | त |
| खा | ■ | दा | ■ | ना | व | ■ | ड | ■ | दा | ■ |
| ना | र | द | मु | नी | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | फ्ता | ■ | ख | ■ | स | द | ■ | र्ध | ■ | क |
| भ | र | ना | ■ | स | भा | ■ | ■ | मा | हि | र |
| या | ■ | का | का | ■ | भ | द्वा | प | न | ■ | कं |
| न | न | ■ | त | ना | व | ■ | ह | ■ | दा | द |
| क | म | जो | र | ■ | न | ग | र | वा | सी | ■ |





करीब सवा दो घंटे विलंब से शुरू हुए मुकाबले में एक भी ओवर कम नहीं किया गया

# पंजाब किंग्स के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस के छह विकेट पर 203 रन




एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की अगुवाई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ रविवार को आईपीएल के वर्षाबाधित दूसरे क्वालीफायर में छह विकेट पर 203 रन बनाए। करीब सवा दो घंटे विलंब से शुरू हुए मुकाबले में एक भी ओवर कम नहीं किया गया। मुंबई के लिए जॉनी बेयरस्टो (38), तिलक वर्मा (44) और सूर्यकुमार (44) ने बड़े स्कोर की नींव रखी। नमन धीर ने भी 18 गेंद में 33 रन बनाकर टीम को 200 रन के पार पहुंचाया। रोहित शर्मा (आठ) पिछले मैच की तरह मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके। तीसरे ओवर में काइल जैमीसन की गेंद पर अजमतुल्लाह उमरजइ ने उनका कठिन कैच टपकाया। अगले ओवर में हालांकि रोहित अपना पसंदीदा पूल शॉट खेलने के प्रयास में मार्कस स्टोइनिस की गेंद पर डीप स्क्वेयर लेग में विशाख विजयकुमार को कैच दे बैठे। शुरूआती झटके से अविचलित मुंबई ने दस रन प्रति ओवर की दर से रन बनाना जारी रखा। तिलक ने दूसरी ही गेंद पर छक्का लगाया जबकि दूसरे छोर से बेयरस्टो भी काफी आक्रामक खेल रहे थे। दोनों ने दूसरे विकेट के लिये 51 रन की साझेदारी की। मुंबई ने पावरप्ले में छह ओवर में एक विकेट पर 65 रन बनाये। बेयरस्टो ने छठे ओवर में उमरजइ को कई बेहतरीन स्ट्रोक्स लगाकर 15 रन निकाले। लेकिन वह अगले ओवर में विजयकुमार की गेंद पर विकेटकीपर जोश इंगलिस को कैच दे बैठे। सूर्यकुमार के आते ही पंजाब ने स्पिनर युजवेंद्र चहल को गेंद सौंपी लेकिन चहल अपने आखिरी ओवर में ही विकेट ले पाये। सूर्यकुमार ने 26 गेंद में 44 रन बनाये जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल थे। वह चहल के आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर फ्रंटफुट पर खेलने के प्रयास में डीप मिडविकेट पर नेहाल वढेरा को कैच देकर लौटे। उन्होंने तिलक के साथ तीसरे विकेट के लिये 72 रन जोड़े। दो गेंद बाद तिलक भी पवेलियन लौट गए जिन्होंने 29 गेंद में दो छक्के और दो चौके जड़ते हुए 44 रन बनाए। वह काइल जैमीसन की गेंद पर मिड आफ में प्रियांश आर्य को कैच देकर लौटे। मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने 12 गेंद में 15 रन बनाए।

# पीएसजी पहली बार बना चैंपियंस लीग चैंपियन

## ट्रॉफी उठाते ही जश्न में जल उठा पेरिस

**5-0** से इंटर मिलान को रौंदा | **20वें, 63वें** मिनट में डोए के गोल | **70** वर्षों में सबसे बड़ी जीत




एजेंसी ▸▸ म्यूनिख

पेरिस सेंट-जर्मेन ने डिजायर डोए के दो गोल की मदद से शनिवार रात को यहां खेले गए एकतरफा फाइनल में इंटर मिलान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता चैंपियंस लीग का खिताब जीता। पीएसजी ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और इंटर के समर्थकों को आखिरी सिटी बजने से पहले ही स्टेडियम छोड़ने के लिए मजबूर किया। पीएसजी की तरफ से डोए ने 20वें और 63वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा अचरफ हकीमी (12वें), ख्विचा क्वारात्सखेलिया (73वें) और स्थानापन्न सेनी मायुलु (86वें) ने एक एक गोल करके पीएसजी की रिकॉर्ड जीत सुनिश्चित की। यह पिछले 70 वर्षों में चैंपियंस लीग के फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है।

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



साई सुदर्शन — 679 रन — गुजरात
नूर अहमद — 24 विकेट — चेन्नई

# जोकोविच की आसान जीत, चौथे दौर में पहुंची गॉफ

एजेंसी ▸▸ पेरिस

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर के मुकाबले में क्वालीफायर फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं। जोकोविच ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 153 वें नंबर के मिसोलिच जैसे कम रैंक वाले किसी भी खिलाड़ी से कभी नहीं हारे हैं। उन्होंने इस मैच में पूरा दबदबा बनाए रखा।

मिसोलिच के दूसरे सर्विस पर हालांकि जोकोविच सात ब्रेक प्वाइंट हासिल करने के बावजूद एक को भी भुनाने में विफल रहे। इस 38 साल के खिलाड़ी ने अपने से 15 साल छोटे खिलाड़ी के खिलाफ 33 विनर्स की तुलना में सिर्फ 14 गलतियां कीं। जोकोविच के सामने अंतिम 16 में कैम नौरी होंगे। नौरी के खिलाफ जोकोविच का रिकॉर्ड 5-0 का है।



### आन्द्रिवा, कीज आगे बढ़ीं

*रूस की मीरा आन्द्रिवा भी चौथे दौर में पहुंचने में सफल रही। इस 18 की खिलाड़ी के सामने अब 17वें नंबर की डारिया कसात्किना की चुनौती होगी। विश्व रैंकिंग में 70वें स्थान पर काबिज अमेरिका की हेली बैपटिस्ट पहली बार ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचने में सफल रही। जेसिका बौजास मानेरो को 7-6, 6-1 से हराने वाली इस खिलाड़ी को अब मैडिसन कीज की चुनौती से निपटना होगा। कीज ने शुरुआत में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए सोफिया केनिन को 4-6, 6-3, 7-5 से हराया।*

### गॉफ ने मैरी को हराया

महिला वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की जेसिका पेगुला 2019 फ्रेंच ओपन उपविजेता और 2023 विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंड्रोसोवा को 3-6, 6-4, 6-2 से हराकर चौथे दौर में पहुंच गईं। अमेरिका की 21 साल की कोको गॉफ मैरी बौजकोवा को 6-1, 7-6 से हराकर लगातार पांचवीं बार इस ग्रैंड स्लैम में चौथे दौर में पहुंचने में सफल रही। वह चौथे दौर में 20वीं रैंकिंग की खिलाड़ी एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा के खिलाफ कोर्ट में उतरेंगी।

### टैलोन और ड्रेपर जीते

नीदरलैंड के टैलोन ग्रिएक्सपोर ने अमेरिका के क्वालीफायर एथन क्विन को 4-6, 6-1, 6-7 6-1, 6-4 से हराया। ग्रिक्सपोर का अगला मुकाबला 2024 के उपविजेता अलेक्जेंडर ज्वरेव से होगा। पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर को चौथे दौर में अलेक्जेंडर बुब्लिक की चुनौती से पार पाना होगा। ड्रेपर ने 18 साल के ब्राजील के जोआओ फोंसेका को 6-2, 6-4, 6-2 से हराया।

खास खबर

# रिंकू सिंह आठ जून को सपा सांसद प्रिया से करेंगे सगाई

**जौनपुर।** भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह की शादी जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज से तय हो गई है और दोनों की रिंग सेरेमनी आठ जून को लखनऊ में होगी। प्रिया सरोज के पिता और जौनपुर के केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने रविवार को इस रिश्ते की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रिंग सेरेमनी में परिवार के सदस्य, करीबी मित्र और रिश्तेदार शामिल होंगे। शादी परंपरागत तरीके से इसी साल 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में होगी। इस शादी समारोह में क्रिकेट जगत के सितारे, बॉलीवुड हस्तियां, उद्योगपति और प्रमुख राजनेताओं को आमंत्रित करने की तैयारी चल रही है।



## खबर संक्षेप

### शुभमन के लिए कड़ी परीक्षा इंग्लैंड का दौरा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय चयनकर्ता सबा करीम का मानना है कि आगामी इंग्लैंड दौरा नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए कड़ी परीक्षा जैसा होगा और कप्तान के रूप में उनकी सफलता उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को कप्तान नियुक्त करके भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की।



### लवलीना शुरू करेंगी मुक्केबाजी अकादमी

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की अकादमी का उद्घाटन मंगलवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा करेंगे। लवलीना ने कहा, 'यह अकादमी सिर्फ प्रशिक्षण सुविधा से कहीं बढ़कर है। यह एक सपना है जो मैंने खुद और असम के उन अनगिनत युवा लड़कों और लड़कियों के लिए देखा है जो रिंग में उतरना चाहते हैं। लवलीना मुक्केबाजी अकादमी' के साथ मैं ऐसा माहौल बनाना चाहती हूं जहां महत्वाकांक्षी खिलाड़ी न केवल मुक्केबाजी की कला सीखें बल्कि सफल होने के लिए जरूरी जज्बा, अनुशासन और मजबूत आत्मविश्वास भी हासिल करें।'


### पहले शीर्ष-75 और फिर शीर्ष-50 में पहुंचना लक्ष्य

**अहमदाबाद।** भारत की युवा महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी यशस्विनी घोरपड़े ने 2024 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करते हुए इस खेल में तेजी से प्रगति की है और उसी वर्ष वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल हो गयीं। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 84वें स्थान पर काबिज घोरपड़े अब पहले शीर्ष 75 और फिर शीर्ष 50 में पहुंचकर अगले वर्ष जापान में होने वाले एशियाई खेलों और 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में अपना स्थान पक्का करना चाहती है।



फुटबॉल

# मेसी ने दागा दो गोल, इंटर मियामी ने कोलंबस क्रू को 5-1 से हराया



एजेंसी ▸▸ फोर्ट लॉडरडेल

दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को दो गोल कर इंटर मियामी की एमएलएस में कोलंबस क्रू पर 5-1 की जीत में अहम योगदान दिया।

अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने मैच में नौ मिनट (15वें और 24वें) के अंदर दो गोल करने के साथ ही दो गोल में सहायक की भूमिका निभाई जिससे पिछले सप्ताह तक खराब दौर से गुजर रही मियामी ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। उनके बनाए मौके पर 13वें मिनट में तादेओ अलेंदे जबकि 89वें मिनट में फाफा पिकॉल्ट ने गोल किया। मियामी की टीम के लिए एक और गोल 64वें मिनट में दिग्गज लुइस सुआरेज ने किया।

आठ बार बैलोन डी'ओर विजेता मेसी 16 गोल के साथ लीग के मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया

**नई दिल्ली।** भारत ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में उरुग्वे पर शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की। इससे पहले निर्धारित समय में यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा था। भारत के लिए उप-कप्तान हिना (10वें मिनट) और लालरिनपुई (24वें मिनट) ने मैच के निर्धारित समय में गोल किये जबकि जबकि गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत ने मैच की आक्रामक शुरुआत के साथ दबदबा कायम किया। हिना ने 10वें मिनट में खाता खोला जबकि लालरिनपुई के गोल से मध्यांतर तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली। उरुग्वे ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की। टीम ने तीन मिनट के अंदर दो गोल कर स्कोर बराबर कर लिया। इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट जबकि मिलाग्रोस सेगल ने 57वें मिनट गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने अपना संयम बनाए रखा और गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे को केवल एक ही गोल करने का मौका मिला।



# गुकेश को हार से नुकसान एरिगैसी जीत से नंबर-4 पर

एजेंसी ▸▸ स्टावेंजर

मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी रहा और यह भारतीय खिलाड़ी चीन के वेई यी से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारकर संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा।

■ गुकेश को हार से नुकसान, एरिगैसी जीत से नंबर-4 पर

गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने शनिवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए फैबियानो कारूआना के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल कर अपने अंकों की संख्या 9.5 पर पहुंचा दी। महिला वर्ग में, दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी ने चीन की लेई टिंगजी के खिलाफ टाई-ब्रेक जीत के बाद 8.5 अंकों के साथ बढ़त हासिल की।



### बोपन्ना और युकी फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन में भारत के अभियान का रविवार को अंत हो गया जब रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी अपने अपने जोड़ीदारों के साथ पुरुष युगल वर्ग में तीसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। बोपन्ना और चेक गणराज्य के एडम पावलासेक दूसरी वरीयता प्राप्त फिनलैंड के हैरी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पैटन की जोड़ी को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 6-2, 7-6 से हारकर बाहर हो गए। वहीं भांबरी और अमेरिका के रॉबर्ट गालोवे को नौवीं वरीयता प्राप्त क्रिस्टियन हैरीसन और इवान किंग की अमेरिकी जोड़ी ने 6-4, 6-4 से हराया। जूनियर चैंपियनशिप में भारत के मानस धामने को निराशा मिली। वह अमेरिका के क्वालीफायर रोनित कार्की से 5-7 3-6 से हारकर बाहर हो गए। सत्रह साल के धामने ने भी क्वालीफायर के तौर पर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया था। वह मुख्य ड्रॉ में अपनी क्षमता के अनुसार नहीं खेल सके।

# पुणे जागुआर्स ने यूटीटी में यू मुंबा को हराया

Ultimate Table Tennis
Promoted by NIRAJ BAJAJ | VITA DANI

**अहमदाबाद।** पीबीजी पुणे जागुआर्स ने अल्टीमेट टेबल टेनिस के छठे सत्र में शानदार शुरूआत करते हुए यू मुंबा टेटे को 9-6 से हराया। दिन के पहले मैच में दुनिया के 71वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के लिलियन बारडेट ने स्पेन के 39वीं रैंकिंग वाले अलवारो रोबल्स को 2-1 से मात दी। दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी रोमानिया की बर्नाडेट जॉक्स ने मिस्र की दीपा मेशरफ को 2-1 से हराया। भारत के अनिर्बान घोष और मेशरफ ने मिलकर मिश्रित युगल में भारत के आकाश पाल और रोमानिया की जॉक्स को 2-1 से परास्त किया। घोष ने पुरुष उलट एकल में आकाश को 2-1 से शिकस्त दी। चार मैचों के बाद अंक बराबर होने से मुंबा की स्वस्तिका घोष और पुणे की रीत रिष्या के बीच मैच निर्णायक हो गया जिसमें रीत ने 3-0 से जीत दर्ज की।

## जेवियर मार्शल को पीछे छोड़ा, 20 साल पहले बनाया था रिकॉर्ड

# एंड्र्यू ने 18 साल की उम्र में वेस्टइंडीज के लिए किया डेब्यू

एजेंसी ▸▸ कार्डिफ

वेस्टइंडीज के ज्वेल एंड्र्यू ने इतिहास रच दिया। रविवार को कार्डिफ में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे मैच में वेस्टइंडीज के लिए वनडे में ओपनिंग करने उतरे। वह वेस्टइंडीज के लिए 18 वर्ष की उम्र में ओपनिंग करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। उन्होंने जेवियर मार्शल को पीछे छोड़ा। वेस्टइंडीज तीन मैच की सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर है।

पहले वनडे मैच में हार झेलने के बाद वेस्टइंडीज के लिए यह मुकाबला जीतना बेहद जरूरी है। दूसरे वनडे मैच से पहले अनुभवी बल्लेबाज एविन लुईस चोटिल हो गए। इसके चलते युवा बल्लेबाज ज्वेल एंड्र्यू को खेलने का मौका मिला। वेस्टइंडीज के लिए मात्र तीसरा वनडे खेलने रहे ज्वेल एंड्र्यू जब ब्रैंडन किंग के साथ ओपनिंग करने आए तो इस 18 साल के खिलाड़ी ने इतिहास रच दिया। वह वेस्टइंडीज के लिए वनडे में ओपनिंग करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। उन्होंने जेवियर मार्शल का 20 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया।



### वनडे के सबसे युवा ओपनर

| खिलाड़ी | उम्र | बनाम | वर्ष |
|---|---|---|---|
| ज्वेल एंड्र्यू | 18 वर्ष, 176 दिन | इंग्लैंड | 2025 |
| जेवियर मार्शल | 19 वर्ष, 47 दिन | द.अफ्रीका | 2005 |
| किरन पॉवेल | 19 वर्ष, 147 दिन | बांग्लादेश | 2009 |
| एड्रियन बराथ | 19 वर्ष, 324 दिन | जिम्बाब्वे | 2010 |

### टी20 में बराथ के नाम रिकॉर्ड

बता दें कि एड्रियन बराथ 19 साल और 320 दिन की उम्र में टी20 में वेस्टइंडीज के सबसे युवा सलामी बल्लेबाज हैं। वहीं, ओवरऑल रिकॉर्ड रॉबिन बायनो के नाम है, जिन्होंने 1941 में पैदा होने के बाद 1959 में लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ 18 साल 31 दिन की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। एंड्र्यू 2024 में वेस्टइंडीज की अंडर-19 वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा थे। इसके कुछ ही महीनों के भीतर ही उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह मिल गई। हालांकि, 18 साल के खिलाड़ी को अभी यह दिखाना बाकी है कि उसे वेस्टइंडीज की राष्ट्रीय टीम में क्यों चुना गया है।





## सीडीएस अनिल चौहान ने समझाया युद्ध का कौशल

# भविष्य के युद्ध को चार तरीकों से आकार दिया जाएगा, अत्याधुनिक तकनीकि रहेगी केंद्र में



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का कहना है कि भविष्य के युद्ध चार प्रमुख प्रवृत्तियों द्वारा आकार लेंगे। इनमें से एक है सभी क्षेत्रों में सेंसर्स का प्रसार। दूसरा- लंबी दूरी तक मार करने वाली हाइपरसोनिक और सटीक हथियार प्रणालियां। तीसरा, स्वायत्त प्रणालियों के साथ मानव-मानव रहित टीमिंग। चौथा है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और क्वांटम तकनीक द्वारा संचालित युद्धक्षेत्र की बुद्धिमत्ता। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने यह जानकारी रविवार को सिंगापुर में दी। वह यहां आयोजित प्रतिष्ठित 'शांगरी-ला डायलॉग 2025' में 'भविष्य की चुनौतियों के लिए रक्षा नवाचार समाधान' विषय पर बोल रहे थे।

इस कार्यक्रम में जनरल अनिल चौहान ने बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य और तेजी से हो रहे तकनीकी परिवर्तनों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण ने गैर-राज्य तत्वों (नॉन स्टेट एक्टर्स) को सशक्त किया है, जिससे प्रॉक्सी युद्धों और अस्थिरता को बढ़ावा मिला है।

◆ जवानों का 15 फीसदी वक्त फर्जी खबरों से निपटने में बर्बाद हुआ

◆ जंग में गलत जानकारी और अफवाहें एक बड़ी चुनौती

### भारत ने 'रणनीति-प्रेरित आधुनिकीकरण' को अपनाया

*उन्होंने क्षमताओं के विकास के लिए अनुकूलनशीलता, नवाचार और आत्मनिर्भरता को मूलमंत्र बताया। भारत ने निजी उद्योगों के साथ सहयोग करते हुए एक संयुक्त रक्षा उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया है। उन्होंने बताया कि भारत ने 'रणनीति-प्रेरित आधुनिकीकरण' को अपनाया है। इससे युद्धक प्रणालियां परिचालन आवश्यकताओं और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप विकसित की जा सकें। जनरल चौहान ने कहा कि वर्तमान में चल रहा परिवर्तन सिर्फ हथियारों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सिद्धांत, संगठनात्मक संस्कृति और मानव संसाधन का भी कायाकल्प शामिल है।*

**जरूरत पूरी करेंगे**

### सूचना युद्ध के लिए विशेष शाखा की जरूरत

शांगरी-ला संवाद में सीडीएस ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के वक्त महसूस हुआ कि हमें सूचना युद्ध के लिए एक अलग और विशेष शाखा की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के शुरुआती दौर में दो महिला अधिकारी मीडिया को जानकारी दे रही थी क्योंकि उस समय वरिष्ठ सैन्य अधिकारी वास्तविक ऑपरेशन में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि भले ही भारत और पाकिस्तान ने एक दूसरे पर साइबर हमले किए, लेकिन भारत की सैन्य प्रणालियां इंटरनेट से जुड़ी नहीं हैं, इसलिए वे सुरक्षित रहीं।

### शांगरी-ला डायलॉग 2025 को महत्वपूर्ण मंच बताया

सीडीएस ने 'शांगरी-ला डायलॉग 2025' को वैश्विक स्थिरता हेतु संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने वाला एक महत्वपूर्ण मंच बताया। 'शांगरी-ला डायलॉग 2025' के दौरान भारत और फिलीपींस के रक्षा प्रमुखों के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी हुई। भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और फिलीपींस के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रोमियो एस ब्रावनर जूनियर के बीच यह महत्वपूर्ण बातचीत हुई।

### आत्मनिर्भरता के माध्यम से क्षमता विकास

सीडीएस ने अनुकूलनशीलता, नवाचार और आत्मनिर्भरता के माध्यम से क्षमता विकास के दृष्टिकोण को भी रेखांकित किया। इसमें जिक्र किया गय कि कैसे भारत ने परिचालन आवश्यकताओं और स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल प्रणालियों को विकसित करने में 'रणनीति-आधारित आधुनिकीकरण' योजना को अपनाते हुए निजी उद्योग के साथ सहयोगी रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है।

### क्षेत्रीय सुरक्षा पर भी विचार-विमर्श हुआ

ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में क्षेत्रीय सुरक्षा पर भी विचार-विमर्श हुआ। दोनों देशों के सैन्य प्रमुखों ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग और क्षमता संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह बातचीत भारत-फिलीपींस रणनीतिक समन्वय को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। सीडीएस चौहान इससे पहले यहां अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस, जापान समेत कई राष्ट्रों के सैन्य प्रमुखों से मुलाकात कर चुके हैं।

## हार्वर्ड और ट्रंप के बीच फिर बढ़ी तकरार

# राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा- हमें परेशानी खड़ी करने वाले छात्र नहीं चाहिए

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार हार्वर्ड यूनिवर्सिटी पर निशाना साध रहे हैं। उनके निशाने पर यूएस में पढ़ने वाले विदेशी छात्र भी हैं, जिन्हें लेकर वह कोई न कोई बयान दे रहे हैं। इसी कड़ी में राष्ट्रपति ट्रंप हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की विदेशी छात्रों को एडमिशन देने के अधिकार को बैन करने पर अड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा कि वह ऐसे छात्रों को देश में आने नहीं देना चाहते हैं, जो यहां आकर परेशानी पैदा कर रहे हैं। ट्रंप ने हार्वर्ड को मिलने वाली फंडिंग को लेकर भी बात की है। राष्ट्रपति ट्रंप ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, हम



चाहते हैं कि यहां पर अच्छे छात्र आएं। हम सिर्फ ऐसे छात्र नहीं चाहते हैं, जो यहां परेशानी खड़े कर रहे हों।

हम छात्र चाहते हैं, मैं यहां विदेशी छात्र चाहता हूं। हमारे देश ने हार्वर्ड को थोड़े समय में 5 बिलियन डॉलर से अधिक दिए हैं। किसी को यह नहीं पता था। हमें ये पता चला। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह एक डीओजीई चीज थी।

### सरकारी खर्चों में कटौती करने की है जरूरत

डीओजीई एक ऐसा डिपार्टमेंट है, जिसका काम सरकारी खर्चों में कटौती करना है, ताकि अर्थव्यवस्था मजबूत हो पाए। ट्रंप ने कहा, हम अन्य वजहों से मुकदमेबाजी में उलझे हैं, क्योंकि वे (हार्वर्ड) यहूदी विरोधी हैं। हमें पता चला कि देश ने उन्हें 5 बिलियन डॉलर से ज्यादा दिए, वास्तव में उससे कहीं ज्यादा और हम उनके साथ इस मामले को सुलझा रहे हैं। देखते हैं क्या होता है। यह एक ऐसा मामला है जिसे हम जीत सकते हैं। हम यह केस नहीं हार सकते क्योंकि हमें ग्रांट देने का अधिकार है। हम इस तरह का कोई अनुदान नहीं देने जा रहे हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि हार्वर्ड बहुत अच्छा काम कर रहा है।

## क्या यूक्रेन ने उड़ा दिया रेलवे ब्रिज

# रूस में पुल ढहने के चलते पटरी से उतरी ट्रेन, सात की हुई मौत



एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के ब्रायंस्क में बड़ा हादसा हुआ है, जहां रेलवे पुल ढहने की वजह से एक ट्रेन पटरी से डिरेल हो गई। इस हादसे में कम से कम 7 लोगों की मौत हुई, जबकि 30 लोग घायल हुए हैं। घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। रूस का ब्रायंस्क क्षेत्र यूक्रेन की सीमा से लगा हुआ है। अधिकारियों ने रविवार को हुई इस घटना के पीछे 'अवैध हस्तक्षेप' को कारण बताया है। ब्रायंस्क रीजन के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज ने जानकारी दी है कि हॉस्पिटल में भर्ती लोगों में दो बच्चे भी शामिल हैं।

जिनमें से एक की हालत गंभीर है। इसके कुछ ही घंटों बाद पुल टूटने की एक और घटना सामने आई है, जिसमें एक मालगाड़ी शिकार हुई है।

### यूक्रेनी क्षेत्र से गुप्त घुसपैठ का सामना कर रहा

*रूसी एजेंसियों ने मेडिकल सोर्स का हवाला देते हुए बताया कि मरने वालों में लोकोमोटिव ड्राइवर भी है। युद्ध की शुरुआत के बाद से ब्रायंस्क क्षेत्र पड़ोसी कुर्स्क और बेलगोरोड क्षेत्र के साथ बार-बार सीमा पार से गोलाबारी, ड्रोन हमलों और यूक्रेनी क्षेत्र से गुप्त घुसपैठ का सामना कर रहा है। गवर्नर बोगोमाज ने कहा कि ट्रेन क्लिमोवो से मॉस्को जा रही थी। इस बीच वह ब्रायंस्क क्षेत्र के वायगोनिचस्की जिले में एक संघीय राजमार्ग के पास ढह गए पुल से टकरा गई। यह जिला यूक्रेनी सीमा से लगभग 100 किलोमीटर (62 मील) दूर स्थित है।*

# चैंपियंस लीग जीतने के जश्न में दो लोगों की मौत

**पेरिस।** यूरोप का सबसे बड़ी पुरस्कार राशि वाली फुटबॉल प्रतियोगिता चैंपियंस लीग में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के दौरान फ्रांस में दो प्रशंसकों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी कोमा में चला गया। फ्रांसीसी अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।



राष्ट्रीय पुलिस सेवा ने बताया कि शनिवार रात म्यूनिख में हुए फाइनल के बाद पीएसजी स्ट्रीट पार्टी के दौरान डैक्स शहर में 17 वर्षीय एक लड़के की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। गृह मंत्री के कार्यालय ने बताया कि पेरिस में पीएसजी समारोह के दौरान एक व्यक्ति की तब मौत हो गई जब उसके स्कूटर को एक कार ने टक्कर मार दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों मामलों की जांच की जा रही है।

# ईरान के बढ़ते यूरेनियम भंडार से बढ़ी चिंता

**दुबई।** ईरान के विदेश मंत्री ने रविवार सुबह संयुक्त राष्ट्र (संरा) की परमाणु निगरानी एजेंसी आईएईए के निदेशक से फोन पर बात की। इसके पहले अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की रिपोर्ट में कहा गया था कि ईरान संवर्धित यूरेनियम के अपने भंडार में बढ़ोतरी कर रहा है जो करीब-करीब हथियार बनाने योग्य स्तर का है। अब्बास अराघची ने लिखा कि उन्होंने वियना स्थित अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रॉसी के साथ बातचीत में ईरान के 'निरंतर सहयोग' पर जोर दिया। आईएईए ने फोन कॉल के बारे में पूछे जाने पर तुरंत कोई जवाब नहीं दिया है। आईएईए की गोपनीय रिपोर्ट, जिसे शनिवार को 'एसोसिएटेड प्रेस' ने देखा, में सख्त चेतावनी देते हुए कहा गया है कि ईरान अब ऐसी सामग्री का उत्पादन करने वाला परमाणु हथियार से रहित एकमात्र देश है।



## पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड ने कबूला

# भारत की एयर स्ट्राइक में साथी के परखच्चे उड़े रोता रहा पर जनाजे में शामिल नहीं होने दिया



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पहलगाम आतंकी हमले का मास्टरमाइंड और लश्कर-ए-तैयबा कमांडर सैफुल्लाह कसूरी ने भी माना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की एयर स्ट्राइक में उसके एक साथी आतंकी मुदस्सर के शव के परखच्चे उड़ गए थे।

इसके बाद, कसूरी उसके जनाजे में भी नहीं शामिल हो सका और खूब रोया। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पीओके और पाकिस्तान स्थित लश्कर और जैश के नौ ठिकानों पर हवाई हमले करके 100 से ज्यादा आतंकियों को ढेर कर दिया था। इसी हमले में लश्कर का आतंकी मुदस्सर भी मारा गया था। हाल ही में आतंकी सैफुल्लाह कसूरी और मुजम्मिजल हाशमी ने कुछ भड़काऊ तकरीरें दीं। इसी दौरान कसूरी ने कबूल किया कि उसके एक साथी आतंकी मुदस्सर के शव के परखच्चे सात मई को मुरीदके (जेयूडी/एलईटी मुख्यालय) पर की गई भारतीय एयर स्ट्राइक में उड़ गए थे। भारत ने यह हमला 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में किया गया था। पहलगाम में 26 लोग मारे गए थे। कसूरी ने कहा, मुझे उसके जनाजे में शिरकत करने की मंजूरी नहीं दी गई। उसके जनाजे के दिन मैं खूब रोया। उसने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि मुदस्सर के जनाजे में शामिल होने से किसने रोका। दूसरी ओर, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के शीर्ष सैन्य, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी उन लोगों में शामिल थे, जिन्होंने मुदस्सर और दो अन्य जेयूडी सदस्यों के जनाजे में हिस्सा लिया और इसकी तस्वीर सामने आई है। कसूरी ने कहा, जब पहलगाम की घटना हुई, तब मैं अपने क्षेत्र में लोगों से मिल रहा था। भारत ने मुझे इस हमले का मास्टरमाइंड बनाया। भारत ने मेरे शहर कसूर को दुनिया भर में मशहूर कर दिया। उसने कहा, हम अगली पीढ़ी को जिहाद के लिए तैयार कर रहे हैं...हमें मौत का खौफ नहीं है।

### पाक सेना ने दिया था गार्ड ऑफ ऑनर

बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई बड़े आतंकी ढेर हो गए थे। इसमें जैश ए मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के दस सदस्य भी शामिल थे। इसके अलावा, चार अन्य करीबी लोग भी मारे गए। इसी हमले में लश्कर कमांडर मुदस्सर भी ढेर हो गया था। वह मरकज तैयबा मुरीदके का प्रभारी था। इसके बाद पाकिस्तानी सेना ने उसे गार्ड ऑफ ऑनर दिया और पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने मिट्टी देते हुए उसके लिए फातिहा पढ़ा था।






## पड़ोसी मुल्क के सुप्रीम कोर्ट ने दिया अजीबोगरीब फैसला

### सुप्रीम कोर्ट ने जमात-ए-इस्लामी के आतंकी को रिहा किया

# तो फिर बांग्लादेश की 'कट्टर जमात' के हाथों में चली जाएगी सत्ता की कमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में पिछले साल सत्ता परिवर्तन के बाद से कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन फिर से ताकतवर होते जा रहे हैं। इसी बीच बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को एक ऐसा फैसला सुनाया, जिसकी काफी चर्चा हो रही है। कोर्ट ने देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी का पंजीकरण बहाल कर दिया। वहीं, पार्टी को चुनावों में भाग लेने की



अनुमति भी मिल गई। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान इसकी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के चलते बैन लगाया गया था। मगर अब सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को दक्षिणपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी का पार्टी पंजीकरण बहाल करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश सैयद रिफात अहमद की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय खंड ने यह निर्देश जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि पारंपरिक चुनाव चिन्ह तराजू के तहत चुनाव लड़ने की अनुमति देना चुनाव आयोग (ईसी) के विवेक पर निर्भर करेगा।

**चुनाव कराने की मांग**

*राजनीतिक दलों के दबाव के बाद यूनुस सरकार ने ऐलान किया है कि वह दिसंबर से जून 2026 के बीच देश में आम चुनाव कराएंगे। हालांकी बीएनपी की ओर से मांग की जा रही है कि चुनाव किसी भी हाल में दिसंबर तक कराए जाए। चुनाव में देरी की वजह से यूनुस सरकार के खिलाफ देश भी में गुस्सा है और उनके ऊपर सत्ता से न हटने की मंशा रखने का आरोप लगाया जा रहा है।*

### हसीना सरकार ने जमात को किया था अवैध घोषित

इससे पहले 1 अगस्त 2013 को उच्च न्यायालय ने एक रिट याचिका के जवाब में जमात-ए-इस्लामी के पंजीकरण को अवैध और शून्य घोषित कर दिया था। जबसे जमात को बांग्लादेश के चुनावों में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं थी, लेकिन अब आने वाले चुनावों में दूसरी राजनीतिक दलों की तरह जमात भी अपनी उम्मीदवार उतारेगी। अवामी लीग के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद, जमात-ए-इस्लामी ने अपनी पंजीकरण बहाली के लिए फिर से अपील की थी।


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109